10 बुमराह....



12 नौहीद...



झारखण्ड का अपना दैनिक

# झारखण्ड उजाला

सच आप तक

रांची, मंगलवार, 04 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 12 | मूल्य - 2 रूपये | रांची संस्करण | वर्ष- 06 | अंक -49 | RNI No. JHAHIN/2021/82144 | www.jharkhandujala.com

## वाणिज्य-कर विभाग में 40 अफसरों का तबादला, सात बने अपर आयुक्त

झारखण्ड उजाला संवाददाता



**रांची।** झारखंड सरकार के वाणिज्य-कर विभाग ने राज्य कर सेवा के अधिकारियों के लिए बड़े पैमाने पर प्रोन्नति और पदस्थापना संबंधी अधिसूचना जारी की है. इस प्रशासनिक निर्णय के तहत संयुक्त आयुक्त स्तर के सात अधिकारियों को नियमित प्रोन्नति देकर अपर आयुक्त बनाया गया है, जबकि राज्य कर पदाधिकारी स्तर के 40 अधिकारियों को सहायक आयुक्त के पद पर पदोन्नत करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. विभाग ने कई अधिकारियों का स्थानांतरण भी किया है और कुछ को अतिरिक्त प्रभार देकर प्रशासनिक व्यवस्था को और मजबूत करने का प्रयास किया है.

**सात अधिकारियों को मिला अपर आयुक्त का दायित्व**

जारी अधिसूचना के अनुसार संयुक्त आयुक्त स्तर के जिन सात अधिकारियों को अपर आयुक्त के पद पर नियमित प्रोन्नति दी गई है, उनमें योगेंद्र प्रसाद, सुनील कुमार चौधरी, राम प्रवेश प्रसाद, अनूप गौरव, संजय कुमार गुप्ता, गालिब अंसारी और विश्वजीत कुमार सिन्हा शामिल हैं. योगेंद्र प्रसाद को राज्य कर अपर आयुक्त (अपील), रांची प्रमंडल का दायित्व सौंपा गया है. इसके साथ ही उन्हें जमशेदपुर प्रमंडल के अपील प्रकरणों का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. सुनील कुमार चौधरी को मुख्यालय रांची स्थित अंकेक्षण इकाई में राज्य कर अपर आयुक्त बनाया गया है. वहीं राम प्रवेश प्रसाद को हजारीबाग प्रमंडल में अपर आयुक्त (प्रशासन) की जिम्मेदारी दी गई है. अनूप गौरव को दुमका स्थित संथाल परगना प्रमंडल में अपर आयुक्त (अपील) बनाया गया है. संजय कुमार गुप्ता को संथाल परगना प्रमंडल में अपर आयुक्त (प्रशासन) का दायित्व सौंपा गया है. साथ ही उन्हें धनबाद प्रमंडल के अपील मामलों का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. गालिब अंसारी को हजारीबाग प्रमंडल में अपर आयुक्त (अपील) बनाया गया है, जबकि विश्वजीत कुमार सिन्हा को धनबाद प्रमंडल में अपर आयुक्त (प्रशासन) के पद पर पदस्थापित किया गया है.

**40 राज्य कर पदाधिकारी बने सहायक आयुक्त**

विभाग ने राज्य कर पदाधिकारी स्तर के 40 अधिकारियों को नियमित प्रोन्नति देकर सहायक आयुक्त बनाया है. इसके तहत चंदन कुमार को गुमला अंचल, अतुल कुमार को अन्वेषण ब्यूरो जमशेदपुर, मिताली मेटे को बोकारो, नवनीत कुमार को पाकुड़, मो. शफिक को हजारीबाग तथा दिलीप कुमार कौशल को साहेबगंज अंचल में नई जिम्मेदारी दी गई है. इसके अलावा, शुभ निशांत और राघवेंद्र कुमार विपुल को वित्त विभाग से सेवा वापस लेकर पूर्वी अंचल, रांची और चिरकुंडा अंचल में सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थापित किया गया है.

**मो अफरोज आलम की नई दिल्ली में पदस्थापना**

नियमित प्रोन्नति के बाद मो अफरोज आलम की सेवा झारखंड भवन, नई दिल्ली में पदस्थापन के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग को सौंप दी गई है. यह पदस्थापना राज्य सरकार के प्रशासनिक समन्वय के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण मानी जा रही है.

**कई अधिकारियों को विभिन्न इकाइयों की जिम्मेदारी**

अधिसूचना के अनुसार, राजीव कुमार सिंह, राजन कुमार, नीतीश कुमार, संजय कुमार महतो, रंजीत कुमार, आकाश कुमार, प्रीति केरकेट्टा, मनीष मिंज, ज्योति सामड, कृति कुजूर, रंजीता तिर्की, अशोक कुमार हांसदा, रेशमा तिर्की, प्रेमचंद उरांव, सीमा कुजूर, बिशुन दयाल एक्का, शशि भूषण पाठविंगुवा, प्रतिभा कुजूर और पूनम तामसोय सहित कई अधिकारियों को राज्य के विभिन्न अंचलों, अंकेक्षण इकाइयों तथा अन्वेषण ब्यूरो में नई जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं. विभाग का कहना है कि इन पदस्थापनाओं का उद्देश्य प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ाना, कर संग्रह व्यवस्था को और प्रभावी बनाना तथा जांच एवं अंकेक्षण तंत्र को मजबूत करना है. वाणिज्य-कर विभाग की इस व्यापक प्रोन्नति और पदस्थापना को विभागीय कार्यप्रणाली में सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है. अधिकारियों को उनकी नई जिम्मेदारियों के अनुरूप अलग-अलग प्रमंडलों, अंचलों और विशेष इकाइयों में तैनात किया गया है ताकि कर प्रशासन, अपील मामलों के निष्पादन, अंकेक्षण और अन्वेषण संबंधी कार्यों में तेजी लाई जा सके.

## जेपीएससी घोटाला : सीआईडी ने 10 से अधिक जिलों में मारा छापा

झारखण्ड उजाला संवाददाता



**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में कथित अनियमितता की जांच कर रही सीआईडी ने सोमवार को राज्य के कई जिलों में एक साथ छापेमारी की. जांच एजेंसी की टीमों ने सोमवार तड़के बोकारो, पलामू और रांची में अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की. कई घंटों तक चली इस कार्रवाई के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की गई.

जानकारी के अनुसार, सीआईडी की टीम बोकारो के सेक्टर-3 स्थित आवास संख्या 315 में पूर्व जेपीएससी सदस्य सनात प्रकाश के सरकारी आवास पर पहुंची. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह सरकारी आवास करीब एक वर्ष से खाली पड़ा है. इसके बावजूद टीम ने पूरे परिसर की जांच की और आसपास के लोगों से पूछताछ कर आवास से जुड़ी जानकारी जुटाई. वहीं पलामू में सीआईडी ने एक साथ तीन स्थानों पर छापेमारी की. टीम ने मेदिनीनगर के बारालोटा हनुमान नगर निवासी शिक्षक रविशंकर कुमार के घर, शिक्षक संतोष कुमार सिंह के बीएस कॉलेज स्थित आवास और नोडीहा बाजार स्थित उनके पैतृक घर की तलाशी ली. पलामू पुलिस की मौजूदगी में घरों के कमरों, अलमारियों और दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई. जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण कागजात जब्त किए गए, जिन्हें सीआईडी अपने साथ ले गई. हालांकि अधिकारियों ने बरामद दस्तावेजों के संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की है. इधर राजधानी रांची में भी एक निजी कोचिंग संस्थान पर उक्त टीम ने दबिश दी, जहां दस्तावेजों की जांच की गई और संबंधित लोगों से पूछताछ की गई. सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई खढरउ नियुक्ति प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के आरोप में गिरफ्तार परीक्षा माफिया अभय तिवारी से पूछताछ में मिले इनपुट के आधार पर की जा रही है. सीआईडी राज्यभर में परीक्षा से जुड़े दस्तावेज, संपर्क और अन्य साक्ष्य जुटाने में लगी है. फिलहाल एजेंसी ने छापेमारी को लेकर कोई विस्तृत आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है, लेकिन माना जा रहा है कि जांच आगे बढ़ने के साथ इस मामले में कई और बड़े खुलासे हो सकते हैं.

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सीआईडी की नजर जेपीएससी परीक्षा में सेटिंग कराने वाले बिचौलियों और कोचिंग सिंडिकेट पर है. जांच एजेंसी की टीम ने सरायढेला और आसपास के इलाकों में संचालित प्रमुख प्रतियोगी कोचिंग संस्थानों के संचालकों के आवास और दफ्तरों पर रेड मारी है. छापेमारी के दौरान सीआईडी की टीम परीक्षा से जुड़े संदिग्ध दस्तावेजों, पैसे लेन-देन के रिकॉर्ड और मोबाइल डेटा की तलाश में जुटी रही. इसके अलावा संबंधित लोगों से बंद कमरे में कड़ाई से पूछताछ की जा रही है.

## झारखंड विस मानसून सत्र : शांतिपूर्ण सदन संचालित करने के लिए स्पीकर ने की बैठक

झारखण्ड उजाला संवाददाता



**रांची।** मानसून सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने सोमवार को उच्चस्तरीय बैठक की. स्पीकर कक्ष में हुई इस बैठक में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर के अलावा मुख्य सचिव अविनाश कुमार, गृह सचिव वंदना दादेल, वित्त सचिव प्रशांत कुमार सहित विभिन्न विभागों के सचिव और अन्य अधिकारी मौजूद थे. इस मीटिंग में 6 से 12 अगस्त तक होने वाले आने वाले मानसून सेशन के लिए एडमिनिस्ट्रेटिव तैयारियों का रिव्यू किया गया.

**धरना प्रदर्शन और विधि व्यवस्था को लेकर भी निर्देश**

स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने अधिकारियों से कहा कि सदस्य अक्सर सवालों के सही जवाब या बिल की कॉपी न मिलने की शिकायत करते हैं, जिसे ससमय सदन को उपलब्ध कराए जायें. मानसून सत्र के दौरान विधानसभा परिसर से बाहर होने वाले धरना प्रदर्शन और विधि व्यवस्था को लेकर भी पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. स्पीकर ने सदन की कारवाई शांतिपूर्ण ढंग से संचालित कराने के लिए सभी सदस्यों से अपील करते हुए उम्मीद जताई है कि पिछले सत्र की तरह इस बार भी सदन व्यवस्थित ढंग से संचालित होगा.

**पांच दिवसीय होगा मानसून सत्र, जेपीएससी के मुद्दे पर घिरेगी सरकार**

पांच दिवसीय इस मानसून सत्र में जेपीएससी सहित कई मुद्दे पर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है. विपक्ष की तैयारियों पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि हमारी सरकार हमेशा छात्रों के हित में उनके साथ रही है. अगर विपक्ष इस पर राजनीति कर रहा है और सदन में इस बात पर मुद्दा उठाया जाता है, तो सरकार उसका जवाब देगी, लेकिन अगर हंगामा होता है, तो छात्रों की बात कैसे सुनी जाएगी?

**उच्च स्तरीय बैठक को लाभदायक**

उन्होंने सोमवार की उच्च स्तरीय बैठक को काफी लाभदायक बताते हुए कहा कि अधिकारियों को स्पीकर महोदय के द्वारा सदन में आने वाले सवाल का जवाब समय पर देने का निर्देश दिया है और लंबित प्रश्नों का जवाब नहीं मिलने पर नाराजगी जताई है. उन्होंने कहा कि यदि विभागीय अधिकारियों के द्वारा प्रश्नों का जवाब सदस्यों को नहीं मिलेगा तो उनकी नाराजगी स्वाभाविक होगी.

**1390 आश्वासनों पर विभाग का कोई जवाब नहीं**

झारखंड विधानसभा में सरकार के द्वारा 1390 आश्वासनों पर विभाग का कोई जवाब अब तक नहीं मिला है. हालत यह है कि सदन में मंत्रियों के द्वारा चर्चा के दौरान दिए जाने वाले आश्वासन पर भी विभाग के द्वारा कोई जवाब नहीं मिल पाया है. इतना ही नहीं शून्य काल में विधायक के द्वारा लाए गए 440 सूचना में 321 का जवाब नहीं मिला है. इसमें शिक्षा स्वास्थ्य सहित कई विभाग सरकार के शामिल हैं जिसका समय पर जवाब सदन तक नहीं पहुंचता है, इस वजह से सदस्यों की नाराजगी हमेशा बनी रहती है.

### आज का विचार

झारखण्ड उजाला



लाल आदित्य कुमार सिंह
राष्ट्रीय स्तर शूटिंग खिलाड़ी

किसी भी खिलाड़ी को मैदान की जंग जितने से पहले अपने अंदर की जंग को जितना पड़ता है, और जो खिलाड़ी अपने अंदर की जंग जीत जाता है उसे किसी भी मैदान में कोई और खिलाड़ी परास्त नहीं कर सकता, इसलिए जितना हो सके अपने आप पर भरोसा रखें और अपने टारगेट पर नजर।

### सर्राफा

सोना (बिक्री) : 1,49,560
चांदी (प्रति किलो) : 2,55,000
(नोटः सोना 22 कैरेट कीमत प्रति 10 ग्राम)

### शेयर बाजार

सेंसेक्स :- 78,639.03
निफ्टी :- 24,774.30

### मौसम

अधिकतम तापमान : 29 °
न्यूनतम तापमान : 23 °

### सूर्योदय/सूर्यास्त

प्रातः :- 05:21
संध्या :- 18:29

### आज का इतिहास

आज ही के दिन सन 1914 को प्रथम विश्व युद्ध के दौरान ब्रिटेन ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।

### संक्षिप्त समाचार

**के. राजू का 5-6 को झारखंड दौरा, विधायक दल और इंडिया गठबंधन के साथ करेंगे बैठक**

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के झारखंड प्रभारी और कांग्रेस कार्य समिति के स्थायी आमंत्रित सदस्य के. राजू 5 और 6 अगस्त को झारखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे. के राजू के दौरे की खबर से झारखंड और कांग्रेस में सियासी हलचल तेज हो गई है. झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के संयोजक लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि के. राजू 5 अगस्त को सुबह 9.15 बजे हैदराबाद से इंडिगो की उड़ान से रांची के लिए रवाना होंगे. वह सुबह 11.10 बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे. रांची पहुंचने के बाद के. राजू दोपहर 2 बजे मोरहाबादी स्थित स्टेट गेस्ट हाउस में होने वाली कांग्रेस विधायक दल की बैठक में शामिल होंगे.

**दिल्ली के स्कूलों को फिर मिली बम की धमकी**

**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में एक बार फिर से स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी का मामला सामने आया है. जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया. दिल्ली फायर पुलिस के मुताबिक कई स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई हैं. जानकारी मिलते ही तुरंत दमकल विभाग, डॉग स्क्वॉड और बम निरोधक दस्ता की टीम पहुंच गई है. छानबीन की जा रही हैं. अभी यह कह पाना मुश्किल है कि कितने स्कूलों को यह धमकी भरे मेल प्राप्त हुए हैं. फिलहाल मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई है और जांच में जुट गई है. धमकाए गए स्कूलों के परिसर की गहन जांच चल रही है शुरूआती मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस, स्थानीय प्रशासन और स्कूल सुरक्षा टीमें पूरे परिसर, कक्षाओं, बाथरूम और आसपास के क्षेत्रों की तलाशी ले रही हैं. दिल्ली पुलिस के अनुसार, अब तक की जांच में कुछ भी संदिग्ध या विस्फोटक पदार्थ नहीं मिला है.










# प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को सौंपे गए दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करने का दिया गया निर्देश

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**विकास मेला सह पारितोषिक वितरण कार्यक्रम की तैयारियां अंतिम चरण में**

**उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से अधिकारियों एवं कर्मियों को किया ब्रीफ**



**रामगढ़।** गोला प्रखंड अंतर्गत नेमरा, लुकैया टांड़ में आयोजित होने वाले विकास मेला सह पारितोषिक वितरण कार्यक्रम की तैयारियों के क्रम में सोमवार को प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को संयुक्त जिला आदेश के तहत उपायुक्त रामगढ़ ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने संयुक्त रूप से ब्रीफ किया। इस दौरान उपायुक्त ने कार्यक्रम में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारियों, पदाधिकारियों एवं कर्मियों को आवंटित दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी एवं समन्वय के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान आगंतुकों की सुविधा, लाभुकों की सुचारु आवाजाही, मंच व्यवस्था, परिसंपत्ति वितरण, पेयजल, स्वास्थ्य, स्वच्छता, विद्युत, पार्किंग एवं अन्य सभी व्यवस्थाएं निर्धारित योजना के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम के सफल एवं व्यवस्थित आयोजन को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत ने कार्यक्रम में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, वीआईपी मूवमेंट तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने तथा किसी भी परिस्थिति में त्वरित समन्वय स्थापित करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संयुक्त ब्रीफिंग के दौरान कार्यक्रम स्थल पर की गई व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारियों को शेष तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां अंतिम चरण में हैं तथा आमजन, लाभुकों एवं जनप्रतिनिधियों की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि 04 अगस्त 2026 (मंगलवार) को प्रातः 11:00 बजे नेमरा, लुकैया टांड़ (गोला प्रखंड) में आयोजित विकास मेला सह परिसंपत्ति वितरण कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया जाएगा तथा आमजन को योजनाओं की जानकारी एवं लाभ उपलब्ध कराया जाएगा।

## पतरातु में वज्रपात से 3 महिलाओं की मौत, अम्बा प्रसाद ने पीड़ित परिवारों से मिलकर दिया ढाढ़स, मुआवजे का दिलाया भरोसा





झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**पतरातुः** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातु प्रखण्ड अंतर्गत पलानी एवं सांकुल गांव में रविवार 02 अगस्त 2026 की दोपहर करीब 1:30 बजे आकाशीय वज्रपात से 3 महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार धान रोपनी कर रही पलानी निवासी स्व. सुरेन्द्र उरांव की पत्नी तथा सांकुल निवासी भीखु राम की पत्नी और उनकी 15 वर्षीय बेटी वज्रपात की चपेट में आ गईं, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक अम्बा प्रसाद पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचीं। उन्होंने शोक संतप्त परिवारों को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में मैं आप सभी के साथ खड़ी हूं। अंबा प्रसाद ने प्रशासन से बात कर पीड़ित परिवारों को अविलंब सरकारी मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि खराब मौसम या वज्रपात की संभावना होने पर खुले खेतों में काम न करें और तुरंत सुरक्षित स्थानों पर चले जाएं। इस दौरान प्रखण्ड अध्यक्ष देवानन्द प्रसाद, आलम अंसारी, पवन बाउरी, राजकुमार राम, बासुदेव राम, मकसूद अंसारी, शंकर उरांव सहित बड़ी संख्या में अन्य कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## रामगढ़ जिनालय में मंगल कलश स्थापना आज



**रामगढ़** शहर के मेन रोड स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य आचार्य भगवंत 108 वसुनंदी जी के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 पुण्यानंद जी एवं मुनिश्री 108 शुभानंदजी (ससंघ) का मंगल चातुर्मास हेतु भव्य मंगल चातुर्मास कलश स्थापना समारोह आयोजित होगा। उक्त पत्रकारवार्ता की जानकारी जैन समाज के पदाधिकारियों ने एक प्रेस वार्ता में दी। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए जैन समाज के सचिव सह पावन वर्षायोग महासमिति के संयोजक योगेश सेठी ने बताया कि हमारे रामगढ़ शहर में लगभग दो माह से गुरुसंघ विराजमान है। गुरु संघ के सान्निध्य में पूरे समाज में भक्तिरस की लहर प्रवाहित हो रही है, साथ ही उन्होंने कहा कि यह हम सबका भाग्योदय है कि हमारे रामगढ़ जिनालय को ऐसे मुनिसंघ का चातुर्मास कराने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। साथ ही श्री सेठी ने बताया कि उक्त आयोजन को सफल बनाने हेतु पंडित संजय शास्त्री टिकमगढ़ वालो को आमंत्रित किया गया है तथा उक्त सभी आयोजन पंडित संजय शास्त्री के सान्निध्य में संपन्न होंगी। इसके अलावा कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु समाज का प्रत्येक सदस्य अपना संपूर्ण योगदान कर रहे हैं। ?जैन समाज के अध्यक्ष श्री राजेंद्र चूड़ीवाल ने समाज के सभी सदस्यों एवं रामगढ़ के सभी प्रबुद्ध जनों से कल के कार्यक्रम में शामिल होने अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में ललित चूड़ीवाल, संजय सेठी, विकास रपरिया, देवेंद्र गंगवाल, निशा सेठी, कशिश सेठी, आयुषी चूड़ीवाल, प्रीति गंगवाल, पल्लवी अजमेरा, एवं मनीषा पाटनी अपनी सराहनीय योगदान दे रही हैं। उपरोक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी श्रवण जैन ने दी।

## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ ने उत्साहपूर्वक मनाया फ्रेंडशिप डे



**रामगढ़** ।इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ द्वारा कल देर शाम होटल स्पाइस गार्डन मे फ्रेंडशिप डे के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मित्रता, आपसी सहयोग, प्रेम एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश देना था ।इस अवसर पर क्लब की सदस्यों ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधकर मित्रता का सम्मान किया तथा मित्रता के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों, खेलों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का भी आयोजन किया गया, जिससे सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।क्लब की अध्यक्ष श्वेता जैन ने अपने संबोधन में कहा कि सच्ची मित्रता जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। मित्रता हमें एक-दूसरे के प्रति विश्वास, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना सिखाती है। उन्होंने सभी से समाज में प्रेम, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने का आह्वान किया ।कार्यक्रम का समापन सभी सदस्यों द्वारा एक-दूसरे को फ्रेंडशिप डे की शुभकामनाएँ देने तथा समाज सेवा के प्रति अपने संकल्प को दोहराने के साथ हुआ ।इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ भविष्य में भी इसी प्रकार के सामाजिक एवं सेवा कार्यों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा ।मौके पर क्लब अध्यक्षा श्वेता जैन, रंजू अग्रवाल, अनुराधा श्रॉफ, शर्मिष्ठा दत्ता, रेनू मेवार, जसबिंदर होरा, मधु अग्रवाल, पिंकी बंसल, नीरू साहनी, निधि बुधिया, नवलीत कौर, जसमीत सोनी, नमिता श्रॉफ, नम्रता जैन, गुरबख्श सैनी आदि लोग मौजूद थे।

## राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**रामगढ़** ।मैक्स इंस्टिट्यूट ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग, बिजूलिया, रामगढ़ में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के द्वारा सोमवार को स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंजनी कुमारी के निर्देशन में हुआ, जिसमें बी.एड. के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ।कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने, पर्यावरण संरक्षण तथा समाज में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में स्वच्छता को स्वस्थ जीवन का आधार बताते हुए सभी से इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया गया ।महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आनंद किशोर ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना का विकास होता है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रमों को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का प्रभावी माध्यम बताया ।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रशासनिक अधिकारी प्रवेश शर्मा , रतन शर्मा, डॉ. बिंदु कुमारी, डॉ. अंजनी कुमारी, सुधा सिंह, चांदनी कुमारी,कृष्ण कुमार दांगी, आकाश कुमार चौबे, धर्मेंद्र गुप्ता,रूणा मित्रा,सुगापति मरांडी, नोरिन स्वाति कुजूर, हरिश्चंद्र साहू, स्वाती कुमारी, गुलशन कुमार, प्रियंका अग्रवाल एवं नीतू कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

# विहिप की प्रांतीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक संपन्न

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**जयमाला को ही शादी मान रही नई पीढ़ी: विहिप**



**लोहरदगाः** विश्व हिंदू परिषद की प्रांतीय कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक के दूसरे एवं अंतिम दिन समापन सत्र को संबोधित करते हुए विहिप के केंद्रीय मंत्री अम्बरीश सिंह ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति और परंपराओं से दूर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि परिवार के बड़े-बुजुर्ग युवाओं में संस्कार विकसित करने की अपनी भूमिका निभाने में पीछे रह रहे हैं, जिसके कारण चरित्र और सांस्कृतिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज कई युवा जयमाला को ही विवाह मान लेते हैं, जबकि हिंदू विवाह के सात फेरे और वैदिक संस्कार ही विवाह की वास्तविक आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि विवाह और अन्य धार्मिक परंपराओं में बढ़ती औपचारिकता और शॉर्टकट की प्रवृत्ति चिंता का विषय है। अम्बरीश सिंह ने कार्यकताओं से सत्संग, साप्ताहिक मिलन और धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से युवाओं को सनातन संस्कृति, इतिहास और परंपराओं से जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का उद्देश्य सनातन धर्म और सनातनियों की रक्षा करना है तथा संगठन के कार्यकताओं का कर्तव्य है कि वे समर्पण भाव से समाज में कार्य करें।उन्होंने गौ संरक्षण पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि गौ माता सनातन धर्म की महत्वपूर्ण पहचान हैं। केवल गोहत्या रोकना ही नहीं, बल्कि गौ संरक्षण के लिए भी समाज को सक्रिय रूप से कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर विहिप के नवनियुक्त झारखंड-बिहार क्षेत्रीय संगठन मंत्री विजय प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यकताओं को समाज के अपरिचित लोगों से संपर्क स्थापित कर उन्हें संगठन की कार्यप्रणाली से जोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद दिखावे की बजाय जमीनी स्तर पर कार्य करने वाला संगठन है। बैठक के अंतिम दिन विभिन्न जिलों और संगठन के विभिन्न आयामों के लिए नए पदाधिकारियों की घोषणा कर संगठन विस्तार की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। दो दिवसीय प्रांतीय कार्यसमिति बैठक में केंद्रीय मंत्री अम्बरीश सिंह, क्षेत्रीय मंत्री विजय प्रताप सिंह, धमार्चार्य प्रमुख वीरेंद्र बिमल, क्षेत्र मंत्री वीरेंद्र साहू, झारखंड प्रांत अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत, प्रांत संगठन मंत्री चितरंजन, प्रांत उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद यादव, प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्रा, प्रांत मंत्री एवं बजरंग दल संयोजक रंगनाथ महतो, मार्गदर्शन मंडली संयोजक चैतन्य स्वामी श्रीकृष्ण ब्रह्मचारी, सह मंत्री मनोज पोद्दार, रामनरेश सिंह तथा लोहरदगा जिला अध्यक्ष रीतेश कुमार सहित झारखंड के 24 जिलों के विभिन्न आयामों के लगभग 300 पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पी वी यू एन एल के अधीनस्थ सामंता कंपनी में कार्य के दौरान दुर्घटना में बलकुदरा निवासी मुकेश प्रसाद की हुई मौत



**पतरातूः** अमृत मुकेश प्रसाद के पीछे उनकी पत्नी दो बेटी और एक बेटा है, ग्रामीणों ने उचित मुआवजा एवं नौकरी की मांग की है

**मुखिया विजय मुंडा ने कहाः** आए दिन ऐसी दुर्घटनाओं में होती है मौतें, कंपनी के कान में नहीं रेंगती है जूं, यदि मुआवजा उचित नहीं मिला तो होगा बड़ा आंदोलन

**पीवीयूएनएल पतरातु के अधीनस्थः** सामंता कंपनी जो बलकुदरा में छाई डैम प्रोजेक्ट में काम कर रही है। इस एजेंसी में कार्यरत बलकुदरा निवासी मुकेश प्रसाद उम्र करीब 42 वर्ष की कार्य के दौरान दुर्घटना में उनकी मौत हो गई। बताया जाता है कि बाहर से आए सामानों को हाइड्रा से उतारने का काम उस वक्त मुकेश प्रसाद कर रहे थे और हाइड्रा लीकेज कर गया जिससे हाइड्रा में टंगी काफी भारी समान उनके ऊपर ही गिर गई। जिसमें दबने के बाद वह बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस दुर्घटना के बाद बलकुदरा गांव के ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रवासी काफी आक्रोशित हैं और भारी संख्या में सामंता कंपनी के ऑफिस का घेराव ग्रामीणों ने किया तथा मुकेश प्रसाद की मौत का मुआवजा एवं उनके परिवार को नौकरी देने की मांग करते रहे। इस संबंध में पंचायत के मुखिया विजय मुंडा ने कहा कि आए दिन पी वी यू एन एल कंपनी में ऐसी बड़ी-बड़ी दुर्घटनाएं होती रहती है जिसमें न जाने कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है फिर भी इस कंपनी के कान में जूं नहीं रेंगती है और सेफ्टी नॉर्म्स का लगता है यह बिल्कुल पालन नहीं करती। मृत व्यक्ति के पीछे उनका पूरा परिवार है जिसमें दो बेटी एक बेटा एवं पत्नी भी हैं। अब यह जिम्मेवारी कंपनी की बनती है कि मृत व्यक्ति के परिवार को उचित मुआवजा एवं नौकरी दिया जाए और यदि ऐसा नहीं हुआ तो इसका अंजाम बहुत बुरा होगा। उन्होंने आगे कहा कि उचित मुआवजा नहीं मिलने पर सिर्फ सामंता कंपनी का ही नहीं बल्कि पूरे पी वी यू एन एल में कार्य बंद कराया जाएगा।

# चेहल्लुम मेला स्थल का एसडीपीओ व सेंट्रल मोहर्रम कमेटी ने लिया जायजा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**लोहरदगाः** जिले के किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत परसा टांड़ मेला स्थल पर आगामी 5 अगस्त को सेंट्रल मोहर्रम कमेटी, किस्को के तत्वावधान में आयोजित होने वाले चेहल्लुम मेला सह अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। आयोजन को सफल एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से सोमवार को किस्को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) दिवाकर कुमार ने पुलिस एवं कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मेला स्थल का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान इंस्पेक्टर चंद्रशेखर आजाद, थाना प्रभारी मानस कुमार साधू, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष रौनक इकबाल, अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष मोजम्मिल अंसारी, संयोजक कुद्दूस अंसारी, सचिव साकिर हुसैन अंसारी, कोषाध्यक्ष तफेजुल अंसारी, संगठन मंत्री नेजाम अंसारी, हातिम अंसारी, इसहाक अंसारी, हफिजुल अंसारी, मेराज अंसारी, फैजुल रशीद उर्फ बबलू सहित कमेटी के कई पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे। निरीक्षण के क्रम में एसडीपीओ ने मेला स्थल पर अतिथियों के स्वागत एवं बैठने की व्यवस्था, खिलाड़ियों के लिए निर्धारित खेल मैदान, मेडिकल टीम के बैठने का स्थान, आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, वीआईपी वाहनों की पार्किंग, आम श्रद्धालुओं के आवागमन, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों से प्रत्येक व्यवस्था की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुझाव भी दिए। एसडीपीओ दिवाकर कुमार ने कहा कि इतने बड़े आयोजन में सुरक्षा और व्यवस्थाओं का विशेष महत्व होता है। उन्होंने सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को निर्देश दिया कि शेष बचे समय में सभी तैयारियां समयबद्ध तरीके से पूरी कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सफलतापूर्वक संपन्न हो सके। उन्होंने पुलिस प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा भी दिलाया। वहीं, सेंट्रल मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष रौनक इकबाल ने बताया कि चेहल्लुम मेला को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए समिति के सभी सदस्य पूरी निष्ठा के साथ तैयारियों में जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएंगी, ताकि दूर-दराज से आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## शाह कॉलोनी मंदिर से पंच बहिनी मंदिर के लिए सैंकड़ों भक्त निकले भक्ति मार्ग पर





झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**पतरातूः** शाह कॉलोनी पंचायत स्थित मंदिर से सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष भक्त लबगा मां पंच बहिनी मंदिर के लिए भक्ति मार्ग पर रवाना हुए। पंचायत के मुखिया अजित कुमार ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी हम सभी भक्तगण मां पंच बहिनी मंदिर स्थित जलाशय से जल उठाकर शाह कॉलोनी मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करेंगे। यह सिलसिला विगत कई वर्षों से चलता आ रहा है। जिसे हम आज भी श्रद्धा और भक्ति भक्ति भाव से पूर्ण करने जा रहे हैं। हमारे अभियान में पंचायत तथा क्षेत्र के अन्य भक्त गणों से भी हमारा आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस भक्ति मार्ग में जुड़ते हुए भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करें। भोलेनाथ के इस भक्ति मार्ग पर शामिल होने वालों में मुख्य रूप से पंचायत के मुखिया अजीत कुमार संजय कुमार सिंह गोविंद प्रसाद नीरज कुमार सर्वेश सिंह मनोज कुमार रंजन भगत सूरज नायक मुकेश कुमार सिंह तिलक कुमार गोपाल अग्रवाल आजाद चौधरी रोशन कुमार शिवम विराज कल्लू कुमार अनिकेत कुमार आदित्य त्रिलोकी सूरज दुबे एवं दशरथ सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे।

## सुमित अग्रवाल हत्या काण्ड के दो अपराधी गिरफ्तार

**रामगढ़।** सुमित अग्रवाल हत्या काण्ड के संबंध में रामगढ़ थाना में मामला थाना दर्ज कर गठित SIT के द्वारा अनुसंधान के क्रम में मानवीय आसूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर काण्ड में संलिप्त एक अपराधकर्मी सुरज कुमार दास उर्फ छोटू, पे०-स्व० कृष्णा नंदन दास उर्फ सरकार दास, सा० -न्यू कॉलोनी बगीचा, थाना-जिला-रामगढ़ को गिरफ्तार कर दिनांक-01.08.2026 को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। काण्ड के अग्रतर अनुसंधान के क्रम में काण्ड में संलिप्त अन्य 02 अपराधकर्मी सह मुख्य साजिशकर्ता 1. सुमित कुमार सोनी 2. अभिषेक कुमार साव को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू एवं बुलेट मोटर साईकिल को विधिवत जप्त किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। काण्ड अनुसंधान अन्तर्गत है। काण्ड में संलिप्त अन्य अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है।

## अंजुमन इस्लामिया के पूर्व कोषाध्यक्ष मास्टर हाजी सैयद नसीम अख्तर का इंतकाल, शहर में शोक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।

**लोहरदगा।** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर हाजी सैयद नसीम अख्तर के निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन पर अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारियों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए इसे समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया। अंजुमन इस्लामिया के सदर रऊफ अंसारी, सचिव शाहिद अहमद बेलू, कोषाध्यक्ष सैयद फिरोज शाह, नायब सदर आरिफ हुसैन बबलू, हाजी नईम खान, संयुक्त सचिव अल्ताफ कुरैशी एवं अनवर अंसारी द्वारा जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मास्टर हाजी सैयद नसीम अख्तर करीब 25 वर्षों तक अंजुमन इस्लामिया से जुड़े रहे। इस दौरान उन्होंने पूर्व कोषाध्यक्ष के अलावा ऑडिट कमेटी, चुनाव कमेटी सहित विभिन्न महत्वपूर्ण समितियों में सक्रिय भूमिका निभाई और संगठन को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय योगदान दिया। उनके निधन की सूचना मिलते ही सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक क्षेत्रों में शोक की लहर फैल गई। नमाज-ए-जुमा के बाद लोहरदगा कब्रिस्तान में हजारों लोगों की मौजूदगी में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अंतिम विदाई के अवसर पर अंजुमन इस्लामिया के पदाधिकारी, उलेमा, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों ने कहा कि मास्टर हाजी सैयद नसीम अख्तर अपनी सादगी, ईमानदारी, मिलनसार व्यक्तित्व और समाजसेवा के लिए हमेशा याद किए जाएंगे। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज और कौम की बेहतरी के लिए समर्पित किया। उनका योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। अंजुमन इस्लामिया के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की।

# जूनियर डीएवी में मित्रता दिवस पर चित्रकारी व वक्तव्य प्रतियोगिता आयोजित

झारखण्ड उजाला, संवाददाता।



**लोहरदगाः** जूनियर डीएवी विद्यालय में मित्रता दिवस के अवसर पर चित्रकारी एवं वक्तव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्या सुश्री प्रेरणा शंखधर के निर्देश तथा विद्यालय प्रभारी श्री अश्विन पात्रो के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को मित्रता के महत्व से अवगत कराया गया। बताया गया कि आज के समय में जब दुनिया युद्ध, संघर्ष, असमानता और भय जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, ऐसे में मित्रता आपसी विश्वास, सहयोग और मानवता का सशक्त संदेश देती है। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में मित्रता की भावना को विकसित करना और उन्हें आपसी सौहार्द के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को फ्रेंडशिप बैंड बांधे, मित्रों के लिए चित्र बनाए तथा वक्तव्य के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। प्रतियोगिता में कक्षा यूकेजी, प्रथम एवं द्वितीय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।प्रतियोगिता में कक्षा द्वितीय ह्यअह्न से सूर्यांश कुमार साहू, निहारिका रंजन, कन्याका गुप्ता, कोमल दीक्षित, आकर्ष पंकज, अयांश सिन्हा, प्रियांशु प्रकाश एवं साची जूही कुमारी, द्वितीय ह्यबह्न से वेदिका गुप्ता, स्नेहा कुमारी, सिद्धी साहू, अतुल्या आनंद, कियारा खाखा, अंजना कच्छप, सर्वेश कुमार साहू एवं अर्थव राज टोप्पो, प्रथम ह्यअह्न से कमल नयन कुमार, अंशी लकड़ा, ऋषभ साहू, हर्षित आनंद एवं अयांश चौहान, प्रथम ह्यबह्न से प्रणव कुमार, अर्णव कुमार, विष्णु वल्लभ, जयेश मयंक, विराज सोनी, प्रीषभ राज, अनन्या अग्रवाल, त्रिशा कुमारी, श्रेया कुमारी, अर्पित कुमार, अमन उरांव एवं अविन उरांव तथा यूकेजी से शानवी सिंह, देवांसी वर्मा, संविका सौरभ, सामाग्य शशांक, प्रत्यूष वर्मा, शिवांक कुजूर, नीरज उरांव, वैभव सोनी एवं राजश्री आनंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में अश्विन कुमार पात्रो, संगीता मित्तल, रजनी प्रसाद, सोमिता दास, रिनी कुमारी, प्रिया कुमारी एवं श्वेता कुमारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें जीवन में सच्ची मित्रता, सहयोग और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने किया जलाभिषेक



**लोहरदगाः** सावन की पहली सोमवारी पर जिले के सेन्हा प्रखंड सहित विभिन्न शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान भोलेनाथ के जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग और बच्चों की लंबी कतारें मंदिरों में लगी रहीं। पूरे क्षेत्र में हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। सेन्हा प्रखंड के सुदूरवर्ती चंदवा गढ़गांव स्थित पहाड़ी गुफा में स्थापित प्राचीन शिवलिंग पर जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। लगभग 1200 फीट ऊंची पहाड़ी पर स्थित इस गुफा मंदिर में हर वर्ष सावन माह के दौरान विशेष धार्मिक आस्था देखने को मिलती है। श्रद्धालुओं ने कठिन चढ़ाई तय कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं मंगल की कामना की। इसके अलावा सेन्हा, महादेव मंडा, बक्सीडीपा, कोराम्बे, अरु, तोड़ार समेत प्रखंड के अन्य शिवालयों में भी दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। मंदिरों में विशेष श्रृंगार, रुद्राभिषेक और महाआरती का आयोजन किया गया। भक्तों ने गंगाजल, दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा, भांग और पुष्प अर्पित कर भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना की ।सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर बड़ी संख्या में कांवरिए भी जल लेकर विभिन्न शिवालयों तक पहुंचे। पूरे दिन धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा।

# श्रावणी मेला 2026 : सावन की पहली सोमवारी पर शिवमय हुई राजधानी रांची, 50 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** सावन भगवान भोलेनाथ का प्रिय महीना माना जाता है. पूरे वर्ष शिवभक्त इस पावन महीने का इंतजार करते हैं. धार्मिक मान्यता है कि सावन में भगवान शिव का जलाभिषेक करने और श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. इसी आस्था और विश्वास के साथ सावन की पहली सोमवारी पर राजधानी रांची के तमाम शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी. शहर के ऐतिहासिक पहाड़ी मंदिर में भी भक्तों का जनसैलाब देखने को मिला, जहां बोल बम, हर-हर महादेव और जय बाबा भोले के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर और आसपास का इलाका भक्तिमय हो उठा. पहाड़ी मंदिर में श्रद्धालुओं का आना तड़के सुबह 3:30 बजे से ही शुरू हो गया था.

मंदिर प्रशासन ने सुबह 4 बजे से दर्शन और जलार्पण की व्यवस्था शुरू कर दी थी. इसके बाद दिनभर भक्तों की लंबी कतारें लग रही है, महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए उत्साह के साथ पहुंचे. भक्त अपने साथ गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, दूध, पुष्प और अन्य पूजन सामग्री लेकर मंदिर पहुंचे और विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की. इस वर्ष श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन, पहाड़ी मंदिर विकास समिति, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों, आदिवासी समाज तथा पहन समाज के लोगों ने मिलकर व्यापक व्यवस्था की थी. मंदिर में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग बनाए गए थे, जिससे भीड़ का दबाव एक स्थान पर न बने. महिलाओं और पुरुषों के लिए भी अलग-अलग कतारों की व्यवस्था की गई थी. मुख्य गर्भगृह में जलार्पण के दौरान पहले महिलाओं को प्रवेश दिया जा रहा था, उसके बाद पुरुष श्रद्धालुओं को दर्शन और जलाभिषेक का अवसर मिल रहा था. इससे व्यवस्था काफी अनुशासित और सुचारू बनी रही.

श्रद्धालु शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से कतारबद्ध होकर मंदिर की सीढ़ियां चढ़ते नजर आए. स्वयंसेवक लगातार श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करते रहे, जबकि प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे. भीड़ अधिक होने के बावजूद कहीं भी अफरा-तफरी की स्थिति देखने को नहीं मिली. पहाड़ी मंदिर के अलावा राजधानी के महाकाल मंदिर सहित अन्य प्रमुख शिवालयों में भी सावन की पहली सोमवारी को विशेष पूजा-अर्चना की गई. कई मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अर्घा सिस्टम के माध्यम से जलार्पण की व्यवस्था की गई, ताकि अधिक संख्या में आने वाले भक्त आसानी से भगवान शिव का अभिषेक कर सकें.

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

श्रद्धालुओं की सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए हैं. मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 80 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. इसके अलावा बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है.

**महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग व्यवस्था**

मंदिर आने वाले हर मार्ग पर सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो. पहली सोमवारी पर भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन ने महिला और पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की व्यवस्था की, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी ना हो. पहली सोमवारी के अवसर पर कई सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों ने सेवा शिविर लगाए. यहां श्रद्धालुओं के बीच नारियल, बेलपत्र, फूल, फल और अन्य पूजन सामग्री का वितरण किया गया.

# झारखंड में नई एचआर पॉलिसी लागू करने की मांग तेज : जेएसएलपीएस कर्मियों ने दीपिका पांडे सिंह को सौंपा ज्ञापन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मुलाकात कर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी कर्मियों से संबंधित नई एचआर पॉलिसी को जल्द लागू करने की मांग की. प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए कर्मियों की विभिन्न समस्याओं और लंबित मांगों से अवगत कराया. प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जेएसएलपीएस कर्मी लंबे समय से नई एचआर पॉलिसी लागू किए जाने की मांग कर रहे हैं. उनका कहना है कि नई नीति लागू होने से सेवा शर्तों में स्पष्टता आएगी और कर्मचारियों के हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी. इसी मांग को लेकर प्रतिनिधिमंडल ने सरकार से शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया.

**दो विधायकों की अगुवाई में हुई मुलाकात**

ग्रामीण विकास मंत्री से यह मुलाकात पाकुड़ विधानसभा की विधायक निशात आलम और रामगढ़ विधानसभा की विधायक ममता देवी की अगुवाई में हुई. दोनों विधायकों ने भी कर्मियों की मांगों को गंभीर बताते हुए सरकार से इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आग्रह किया. ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों को गंभीरता से सुना. उन्होंने भरोसा दिलाया कि कर्मियों की मांगों और समस्याओं पर विभाग स्तर पर उचित विचार किया जाएगा तथा नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. मंत्री के आश्वासन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने उम्मीद जताई कि सरकार जल्द ही नई एचआर पॉलिसी लागू करने की दिशा में ठोस निर्णय लेगी.

**ये रहे प्रतिनिधिमंडल में शामिल**

मंत्री से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधिमंडल में झारखंड राज्य आजीविका कर्मचारी संघ के राज्याध्यक्ष शिव कुमार सिंह, राजपति महतो, यासीन आलम, उदित नारायण, लखींद्र मुंडा, रूबी देवी, देवी उरांव, शिव महली, रेहान, समीर, पप्पू टोप्पो और प्रमोद कुमार सहित अन्य सदस्य शामिल थे.

# अपर बाजार में निगम कार्रवाई के खिलाफ कारोबारियों का विरोध, आधे दिन बंद रहीं दुकानें

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** राजधानी रांची के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र अपर बाजार में रांची नगर निगम की कार्रवाई के विरोध में सोमवार को व्यापारियों का आक्रोश देखने को मिला. नगर निगम द्वारा बिना स्वीकृत भवन नक्शा, पार्किंग व्यवस्था के अभाव और कथित अवैध निर्माण को लेकर लगातार नोटिस जारी किए जाने के विरोध में व्यवसायियों ने सुबह से दोपहर 12 बजे तक अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं. व्यापारियों का कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए इस तरह की कार्रवाई से सैकड़ों परिवारों की आजीविका पर संकट खड़ा हो जाएगा.

**अतिक्रमण हटाने की तैयारी**

नगर निगम ने हाल के दिनों में कई प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने और नियमों का पालन करने का निर्देश दिया था. जिन प्रतिष्ठानों में स्वीकृत भवन योजना, पर्याप्त पार्किंग या अन्य आवश्यक मानकों का पालन नहीं पाया जा रहा है, उनके विरुद्ध ट्रेड लाइसेंस रद्द करने सहित अन्य कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई है. इसके अलावा अपर बाजार और हरमू रोड स्थित श्रीराम जानकी मंदिर के आसपास अतिक्रमण हटाने की तैयारी भी की जा रही है.

**कार्रवाई करने से पहले व्यापारियों से संवाद करना चाहिएः व्यवसायी दिनेश मांसारिया**

इसी कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने सांकेतिक बंद का आयोजन किया. व्यवसायी दिनेश मांसारिया ने कहा कि नगर निगम लगातार अल्टीमेटम दे रहा है, लेकिन व्यापारियों के लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई है. उनका कहना है कि वर्षों से व्यवसाय कर रहे लोगों को अचानक दुकान बंद करने का आदेश देना उचित नहीं है. यदि कोई कार्रवाई करनी है तो पहले व्यापारियों से संवाद कर समाधान निकाला जाना चाहिए. वहीं व्यवसायी विनोद राजगढ़िया ने कहा कि अपर बाजार में आए दिन भीषण जाम की समस्या बनी रहती है, लेकिन उसे दूर करने के लिए नगर निगम की ओर से ठोस पहल नहीं की जाती. उन्होंने आरोप लगाया कि जब भी निगम की टीम आती है तो केवल अतिक्रमण हटाने या नोटिस देने की कार्रवाई करती है, जबकि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जाता.

# रेलवे भर्ती परीक्षा : रांची-सबौर के बीच आज से चलेंगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षाओं में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों और यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए झारखंड की राजधानी रेलवे ने रांची और बिहार के सबौर के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है. सबौर बिहार के भागलपुर जिले में स्थित एक प्रमुख प्रखंड, नगर पंचायत और ऐतिहासिक कस्बा है. यह क्षेत्र मुख्य रूप से बिहार कृषि विश्वविद्यालय के लिए प्रसिद्ध है. यहां यातायात के लिए सबौर रेलवे स्टेशन प्रमुख साधन है. इस ट्रेन में जनरल सेकेंड क्लास और स्लीपर क्लास की सुविधा उपलब्ध होगी. निर्धारित तिथियों में यह ट्रेन कुल 15 फेरे लगायेगी. अपने निर्धारित दिनों में शाम 7 बजे रांची से रवाना होकर यह ट्रेन अगले दिन सुबह 8 बजे सबौर स्टेशन पहुंचेगी. रेलवे के अनुसार, परीक्षा स्पेशल ट्रेन रास्ते में पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में आने वाले भागलपुर, सुल्तानगंज, जमालपुर और अभयपुर स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में रुकेगी. 08601 रांची-सबौर परीक्षा स्पेशल ट्रेन रांची स्टेशन से शाम 7 बजे 3 अगस्त, 4 अगस्त, 5 अगस्त, 6 अगस्त, 9 अगस्त, 10 अगस्त, 11 अगस्त, 12 अगस्त, 13 अगस्त, 14 अगस्त, 17 अगस्त, 18 अगस्त, 19 अगस्त, 20 अगस्त और 21 अगस्त को रवाना होगी. वापसी में 08602 सबौर-रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन सबौर स्टेशन से सुबह 9:50 बजे 4 अगस्त, 5 अगस्त, 6 अगस्त, 7 अगस्त, 10 अगस्त, 11 अगस्त, 12 अगस्त, 13 अगस्त, 14 अगस्त, 15 अगस्त, 18 अगस्त, 19 अगस्त, 20 अगस्त, 21 अगस्त और 22 अगस्त को रवाना होगी.

# शिबू सोरेन की पुण्यतिथि पर केशव महतो कमलेश बोले, उनका संघर्ष व सादगी हमेशा प्रेरित करेगी

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. उन्होंने कहा कि 4 अगस्त केवल पुण्यतिथि नहीं, बल्कि झारखंड के लिए आत्ममंथन और संकल्प का दिन है. शिबू सोरेन ने अपना पूरा जीवन आदिवासियों, किसानों, मजदूरों और समाज के कमजोर लोगों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया. केशव महतो कमलेश ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन संघर्ष की मिसाल था. उनके पिता सोबरन सोरेन महाजनी प्रथा और आदिवासियों के शोषण के खिलाफ लड़ते हुए मारे गए. इसके बाद शिबू सोरेन ने अपने पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया और लोगों के अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाया. उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन ने राजनीति को कभी सत्ता पाने का जरिया नहीं माना. उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों को संगठित किया और जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए आंदोलन चलाया. इसी संघर्ष के कारण लोग उन्हें सम्मान से दिशोम गुरु कहने लगे.

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन बहुत सादा था. मुख्यमंत्री बनने के बाद भी वे आम लोगों के बीच रहते थे और उनकी समस्याएं सुनते थे. वे मानते थे कि जनता का नेता वही है जो जनता के बीच रहकर उनकी तकलीफ समझे. केशव महतो कमलेश ने कहा कि उन्हें कई बार शिबू सोरेन से मिलने और उनका मार्गदर्शन पाने का अवसर मिला. उन्होंने कहा कि गुरुजी सभी लोगों से बराबरी का व्यवहार करते थे और हमेशा कार्यकताओं का सम्मान करने की बात कहते थे. उन्होंने कहा कि अलग झारखंड राज्य के आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने में शिबू सोरेन की बड़ी भूमिका रही. वर्षों तक उन्होंने कठिन परिस्थितियों में आंदोलन का नेतृत्व किया. उनके लंबे संघर्ष के बाद 15 नवंबर 2000 को झारखंड अलग राज्य बना.

केशव महतो कमलेश ने कहा कि मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री रहते हुए भी शिबू सोरेन ने आदिवासियों, किसानों, शिक्षा, ग्रामीण विकास और सामाजिक न्याय के मुद्दों को प्राथमिकता दी. उनका सपना था कि झारखंड केवल खनिज संपदा के लिए नहीं, बल्कि शिक्षा, विकास और सामाजिक समानता के लिए भी जाना जाए. उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में भारत सरकार ने शिबू सोरेन को मरणोपरांत पद्म भूषण देकर उनके योगदान का सम्मान किया.

# रांची के नए सिविल सर्जन ने संभाला पदभार, डॉ. प्रभात कुमार को दी गई विदाई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** रांची के नए सिविल सर्जन के रूप में डॉ. अमरेंद्र प्रसाद ने सोमवार को सिविल सर्जन कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया. इस मौके पर निवर्तमान सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार को चिकित्सकों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने विदाई दी. पदभार संभालने के बाद डॉ. अमरेंद्र प्रसाद ने कहा कि आम लोगों को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण और आसानी से स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना उनकी सबसे बड़ी प्राथमिकता होगी. उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने की बात कही. विदाई समारोह में डॉ. प्रभात कुमार ने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार जताया. उन्होंने कहा कि टीमवर्क और सभी के सहयोग से जिले में विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सफल संचालन किया जा सका. समारोह में सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश सिंह, डीआरसीएचओ डॉ. असीम मांझी, डीटीओ डॉ. एस. बास्की, डॉ. प्रभावती, सिविल सर्जन कार्यालय के जिला स्तरीय पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे. कार्यक्रम में सभी ने डॉ. प्रभात कुमार के कार्यों की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. साथ ही डॉ. अमरेंद्र प्रसाद का स्वागत करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं.

# नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न, युवाओं ने लिया नशा मुक्त भारत निर्माण का संकल्प

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**रांची।** रांची द्वारा नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन आज सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, बरियातू, रांची में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों के युवाओं ने कुल आठ प्रतियोगिताओं–नृत्य, संगीत, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, वाद-विवाद, स्लैम पोएट्री, लघु फिल्म/रील एवं स्लोगन लेखन– में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने किया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार, मित्रों एवं समाज को नशा मुक्त बनाने हेतु जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण का आधार स्वस्थ, जागरूक एवं जिम्मेदार युवा शक्ति है तथा प्रत्येक युवा को नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम का समापन उप विकास आयुक्त, रांची संजय भगत, प्रोबेशनर आईएएस आस्था शरण एवं राज्य निदेशक, माई भारत झारखंड ललिता कुमारी की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त संजय भगत ने कहा कि झारखंड में नशा मुक्ति के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें तथा अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक कर नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं। प्रोबेशनर आईएएस आस्था शरण ने विशेष रूप से छात्राओं को सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने, आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करने तथा अनुशासित एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। राज्य निदेशक, माई भारत झारखंड ललिता कुमारी ने युवाओं से नशा मुक्त भारत अभियान को जन-आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि युवा शक्ति ही विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर MY Bharat, रांची की उप निदेशक सुश्री श्वेता सिंह ने युवाओं को MY Bharat पोर्टल पर पंजीकरण कर मंत्रालय द्वारा उपलब्ध विभिन्न स्वयंसेवी, नेतृत्व विकास, कौशल विकास एवं राष्ट्र निर्माण से जुड़े अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# प्रथम सोमवार को श्री श्यामेस्वर महादेव का विधि विधान से हुआ रुद्राभिषेक

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को श्रावण मास के उपलक्ष्य में प्रथम सोमवार को श्री श्यामेस्वर महादेव का रुद्राभिषेक विधि विधान से मंदिर के आचार्य के द्वारा किया गया। 12:30 बजे के बाद शिव परिवार सहित शंकर भगवान श्यामेश्वर महादेव नंदी जी महाराज को जलाभिषेक एवं पूरे परिसर को की साफ-सफाई करके विधि विधान से पूजन अनुष्ठान दोपहर 2 बजे के बाद प्रारंभ किया गया।

यजमान संजीत चौधरी रंजना चौधरी ने अपने परिवार के संग संकल्प पूजन प्रारंभ कर जलाभिषेक पंचामृत स्नान दूध अभिषेक गन्ने के रस डाब का रस एवं अन्य पूजन सामग्री के साथ बाबा भोलेनाथ का महास्नान स्नान एवं रुद्राभिषेक करवाया। समस्त रुद्राभिषेक की विधि विधान अनुष्ठान के बाद सोमेश्वर महादेव का भव्य श्रृंगार किया गया कोलकाता से मंगाए गए फूलों के द्वारा गणेश जी महाराज सहित शिव परिवार एवं श्यामेश्वर महादेव का संध्या शृंगार किया गया। संध्या 6 बजे संध्या दर्शन करने वालों भक्तों की काफी भीड़ परिसर में थी। इसके बाद भोग लगा कर श्री श्यामेस्वर महादेव का भव्य आरती की गई एवं प्रसाद वितरण किया गया। आज के रुद्राभिषेक में मंडल के अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल उपाध्यक्ष अशोक लड़ियां कोषाध्यक्ष मनोज खेतान मंत्री पंकज गाड़ोदिया विष्णु चौधरी उपमंत्री प्रवीण सिंघानिया वरिष्ठ कार्यकारणी सदस्य श्यामसुंदर शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। उपरोक्त सभी जानकारी मंडल के महामंत्री गौरव अग्रवाल ने दी।

# गठिया को हल्के में न लें, समय पर विशेषज्ञ से इलाज जरूरी : डॉ विंध्याचल कुमार गुप्ता

## सही समय पर इलाज से गंभीर जटिलताओं से बचाव संभव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** गठिया रोग विशेषज्ञ (रुमेटोलॉजिस्ट) डॉ विंध्याचल कुमार गुप्ता ने कहा है कि झारखंड में आज भी बड़ी संख्या में लोग गठिया रोग (आर्थराइटिस) और उससे जुड़ी बीमारियों के बारे में सही जानकारी नहीं रखते। यही कारण है कि अधिकांश मरीज समय पर सही विशेषज्ञ तक नहीं पहुंच पाते, जिससे बीमारी गंभीर रूप ले लेती है। यदि किसी व्यक्ति को लंबे समय तक जोड़ों में दर्द, सूजन, सुबह उठने पर अकड़न या बार-बार जोड़ों की समस्या हो, तो इसे सामान्य दर्द समझकर नजरअंदाज न करें। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर तुरंत गठिया रोग विशेषज्ञ से परामर्श लें। डॉ गुप्ता सोमवार को आयोजित प्रेसवार्ता में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि गठिया रोग के बारे में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाना जरूरी है, ताकि आम लोगों को यह जानकारी मिल सके कि इस बीमारी के इलाज के लिए अलग से प्रशिक्षित विशेषज्ञ यानी रुमेटोलॉजिस्ट उपलब्ध हैं। समय पर सही इलाज मिलने से मरीज सामान्य जीवन जी सकते हैं और गंभीर जटिलताओं से बच सकते हैं।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि वर्ष 2020 में नई दिल्ली के इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल से रुमेटोलॉजिस्ट में सुपर स्पेशियलिटी प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने रांची में अपनी सेवाएं शुरू कीं। उन्होंने प्रवेश परीक्षा में पूरे भारत में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। गठिया रोग में सुपर स्पेशलिटी प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत, उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की डीएनबी परीक्षा में ऑल इंडिया लेवल पर प्रथम स्थान हासिल किया। देशभर में सर्वोच्च शैक्षणिक रिकॉर्ड और विशेषज्ञता प्राप्त करने के बाद, उन्होंने स्थानीय मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से रांची में अपनी सेवाएं शुरू करने का निर्णय लिया है। डॉ गुप्ता ने कहा कि रांची आने के बाद उन्हें महसूस हुआ कि लोगों में गठिया रोग को लेकर जागरूकता का अभाव है। इसके बाद उन्होंने विभिन्न स्वास्थ्य शिविरों और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना शुरू किया। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में हजारों मरीजों का इलाज करने के दौरान यह अनुभव हुआ कि यदि गठिया रोग की समय रहते पहचान हो जाए और मरीज रुमेटोलॉजिस्ट से इलाज कराए, तो बीमारी को काफी हद तक नियंत्रित किया जा सकता है। लेकिन देर से जांच और गलत इलाज के कारण जोड़ों को स्थायी नुकसान, दवाओं की बढ़ती जरूरत और अन्य गंभीर जटिलताएं सामने आती हैं।

# सीयूजे में नशा मुक्त युवा, विकसित भारत संकल्प अभियान का आयोजन

**100 से अधिक प्रतिभागियों ने ली नशामुक्ति की शपथ**

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**रांची।** झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) द्वारा नशा मुक्त युवा, विकसित भारतझ्रसंकल्प अभियान के तहत नशा मुक्त भारत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सारंग मेढेकर के नेतृत्व व मार्गदर्शन में संपन्न हुआ .इसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें स्वस्थ, जिम्मेदार और सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था. कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन के सामूहिक प्रसारण से हुई.विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने प्रधानमंत्री का संबोधन सुना.अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है. उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने, दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने तथा विकसित भारत-2047 के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया.उन्होंने कहा कि स्वस्थ युवा ही एक मजबूत और विकसित भारत की नींव हैं. प्रधानमंत्री के संबोधन के बाद विश्वविद्यालय के 100 से अधिक विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्त भारत शपथ ली.सभी प्रतिभागियों ने स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, अपने मित्रों व परिवार के सदस्यों को भी नशे से बचने के लिए प्रेरित करने तथा समाज में नशामुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नशा युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, करियर और पारिवारिक जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है.इसलिए सभी को मिलकर नशामुक्त समाज के निर्माण की दिशा में कार्य करना चाहिए.कार्यक्रम के दौरान युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है का संदेश भी दिया गया और कहा गया कि नशामुक्त युवा ही विकसित भारत के लक्ष्य को साकार कर सकते हैं. कार्यक्रम का सफल संचालन एवं समन्वय एनएसएस समन्वयक डॉ. हृषिकेश महतो तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रत्नेश कुमार मिश्रा ने किया.

# सावन के पहले सोमवारी पर मुरली पहाड़ स्थित बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर में गूंजा हर-हर महादेव

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**भोलेनाथ के विभिन्न मंदिरों में शिव भक्तों का उमड़ा बड़ा जनसैलाब**




**तीनपहाड़/साहिबगंज।** सावन मास के पहले सोमवारी पर तीनपहाड़ के आसपास सभी शिवालयों में सुबह से ही घंटे घड़ियालों का शोर गूंजने लगा। हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने मंदिरों पर पहुंचकर अपने आराध्य का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक किया। वहीं मुरली पहाड़ स्थित बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर के बाबा के भक्त जलाभिषेक कर हर हर महादेव की जय घोष से भक्तिमय बना हुआ था। मंदिर कमिटी कि ओर से नींबू पानी शरबत का संपूर्ण व्यवस्था था। कमिट के सदस्य श्रद्धालुओं की सेवा में लगे हुए थे। मंदिर के पुजारी भक्तों को मंत्रो उच्चारण के साथ पूजा करवा रहे थे। वहीं मौके पर उपस्थित कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष हरि कान्त मंडल, सचिन चंदन सिंह, उपाध्यक्ष सहदेव कर्मकार, शंकर ठाकुर कोषाध्यक्ष निरोद महतो, मीडिया प्रभारी आनंद महतो, कार्यालय प्रभारी जगदीश शाहा, आलोक शाह, रोनी सिंह, एवं दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

**पहली सोमवारी पर भक्तों ने रखा व्रत**

सावन मास में सोमवार को व्रत रखने का विधान है। हजारों की संख्या में शिवभक्तों ने मंदिरों में पूजा- अर्चना करने के बाद पहले सोमवार को व्रत रखा। इस दौरान घरों में फलहार बनाया गया। जिसके बाद शाम होने पर व्रत रखने वालों ने पहले पूजा-अर्चना की और बाद में फलहार किया।

**विभिन्न मंदिरों में श्रद्धालुओं कि उमड़ी भीड़**

बाबूपुर रेलवे फाटक स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तों का काफी भीड़ देखने को मिला। तीनपहाड़ नीचे टोला स्थित शिव मंदिर में काफी लोगों ने बाबा भोलेनाथ को जल अर्पित किया वही बभणगामा मोड़ स्थित शिव मंदिर में शिव भक्तों का काफी भीड़ देखने को मिला। वही मुरली पहाड़ स्थित बाबा धनेश्वर नाथ मंदिर में शिव भक्तों का बड़ा सैलाब देखने को मिला। वही बाबा गाजेश्वर नाथ धाम शिवगादी के लिए राजमहल से जल उठाकर पैदल यात्रा जाते हुए बड़ी संख्या में बाबा भोलेनाथ के भक्तों को देखा गया। भोलेनाथ के भक्ति में रमे हुए थे और बोल बम बोल बम का नारा लगाते हुए बढ़ते जा रहे थे। पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल देखा गया।

## पहली सोमवारी पर बाबा शिवगादी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहेट/साहिबगंज।** सावन की पहली सोमवारी को बोल बम के जयकारों के साथ बाबा मंदिर में भक्तों ने जलार्पण किया । साथ ही बंगला सावन की तीसरी सोमवारी पर पश्चिम बंगाल से काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे । खासकर मंदिर के सीढ़ी पर कांवरियों को राहत देने के लिए आधुनिक फव्वारे लगाए गए हैं । । मंदिर का पट्ट प्रातः कालीन 3 बजे खुलने के साथ ही अनुमान करीबन 50 हजार के पार शिव भक्तों ने सोमवार देर शाम तक बाबा गाजेश्वर नाथ के दिव्य शिवलिंग पर जलाभिषेक किया । श्रद्धालुओं की भीड़ को मंदिर में नियंत्रण रखने को लेकर समिति के सदस्य तथा पुलिस बल लगे रहे । मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बल जगह-जगह लगाए गए हैं । रविवार देर रात तक मुख्य द्वार के पास आंगन में शिव के भजन गीतों में झूम कर नाचते रहे । इधर , उत्तर वाहिनी राजमहल गंगा तथा फरक्का से कांवरिया पवित्र गंगा जल लेकर बोल बम के जयकारों के साथ बाबा दरबार रोजाना पहुंच रहे हैं । बरहेट , पतना , बरहरवा , तीन पहाड़ तथा राजमहल थाना क्षेत्र के कांवरिया पथ पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है । इस बार कांवरियों को बरहेट - शिवगादी पथ पर सोलर स्ट्रीट लाइट की रोशनी मिलने से काफी उत्सुक दिखे । बाबा दरबार में लोगों की लगातार बढ़ रही फिर से श्रावणी मेला की रौनक ओर भी बढ़ गई है।

## मुख्य मार्ग से मुरली पहाड़ मंदिर तक? नवनिर्मित पीसीसी सड़क का विधायक ने किया उद्घाटन, ऐतिहासिक मुरली पहाड़ शिवमंदिर में श्रद्धालुओं के लिए और भी होगी बेहतर सुविधाएं- विधायक




**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने सोमवार को राजमहल प्रखंड के मुरली मंदिर से मुख्य मार्ग तक विधायक अनुशंसा पर डीएमएफटी मद से निर्मित पीसीसी सड़क का नारियल फोड़कर विधायक ने उद्घाटन किया. सड़क निर्माण से श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र की यातायात व्यवस्था बेहतर होगी.उद्घाटन के मौके पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए सड़क, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा कराया जाएगा, ताकि आम लोगों को उनका सीधा लाभ मिल सके.कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि सह नगर पंचायत उपाध्यक्ष मो. मारूफ उर्फ गुड्डू, जिला परिषद सदस्य सह मंदिर संरक्षक रणधीर सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, प्रखंड सचिव दुर्गा मंडल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सुभाष दास, अजय दास, मुर्शीद राजा, मो. नाजिम, नाईकी सोरेन, प्रशांत ठाकुर, आशीष यादव, चंदन सिंह, विकास यादव, गोपाल मंडल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे.उद्घाटन के बाद ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक का आभार जताते हुए कहा कि लंबे समय से इस सड़क की आवश्यकता महसूस की जा रही थी, जिसके निर्माण से लोगों को आवागमन में राहत मिलेगी. विधायक ने बाबा धनेश्वर नाथ सेवा शिविर का किया उद्घाटन.उद्घाटन के बाद विधायक ने शिविर का निरीक्षण किया और समिति के सदस्यों के सेवा कार्यों की सराहना की. उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में आने वाले कांवरियों और श्रद्धालुओं की सेवा करना पुण्य का कार्य है. समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए किया जा रहा प्रयास सराहनीय है. समिति की ओर से माननीय विधायक को अंग वस्त्र एवं पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू, जिला परिषद सदस्य सह मंदिर के संरक्षक रणधीर सिंह, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, प्रखंड सचिव दुर्गा मंडल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सुभाष दास, अजय दास, मुर्शीद राजा, मो. नाजिम, नाईकी सोरेन, प्रशांत ठाकुर, आशीष यादव, चंदन सिंह, विकास यादव, गोपाल मंडल, सेंटू यादव सहित समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे.

## सावन में श्रद्धालुओं की सेहत का ख्याल, शिवगाड़ी धाम व बरहेट के होटल-ढाबों में खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहेट/साहिबगंज।** पवित्र श्रावण (सावन) माह में शिवगाड़ी धाम पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग ने विशेष निरीक्षण अभियान चलाया। यह अभियान अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर संचालित किया गया। अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी आशिष कुमार वर्मा एवं नौरंगदेव कुमार ने बरहेट एवं शिवगाड़ी धाम क्षेत्र के विभिन्न होटल, ढाबों एवं भोजनालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता, रसोई की साफ-सफाई, खाद्य सामग्री के भंडारण, खाद्य सुरक्षा लाइसेंस एवं पंजीकरण तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन की जांच की गई। अधिकारियों ने होटल एवं भोजनालय संचालकों को स्वच्छता बनाए रखने, केवल ताजी एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री का उपयोग करने तथा एक्सपायरी खाद्य पदार्थों के विक्रय या उपयोग से बचने का सख्त निर्देश दिया। साथ ही खाद्य सुरक्षा मानकों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने बताया कि सावन माह में श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस तरह के विशेष निरीक्षण अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

# छात्रों की सुविधा व सुरक्षा सर्वोपरि, विधायक निधि की बस सेवा से कॉलेज आएंगी छात्राएं- विधायक.

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल विधानसभा के विधायक आदरणीय मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा राजमहल मॉडल कॉलेज में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के माध्यम से नवनिर्मित बहुउद्देशीय परीक्षा भवन एवं विधायक निधि से नवनिर्मित स्टैंड का उद्घाटन किए. विद्यालय के प्राचार्य डॉ रणजीत सिंह ने अंग वस्त्र देकर उनका भव्य स्वागत किया। नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का इंडक्शन कार्यक्रम कॉलेज की ओर से आयोजित की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक शामिल हुए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लिए मॉडल कॉलेज और यहां की शैक्षणिक व्यवस्था वरदान साबित हो रही है। यहां सुदूरवर्ती दियारा क्षेत्र से भी बच्चियां नियमित पठन-पाठन करने कॉलेज आती हैं। वैसे बच्चियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द ही विधायक निधि कोष से बस की सेवाएं उपलब्ध कराई जाएगी जिसके माध्यम से बच्चियां निशुल्क सुरक्षित आवागमन पठन-पाठन के लिए कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि राजमहल एवं तीन पहाड़ दोनों ही थाना पुलिस को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है की मुख्य मार्ग एवं आसपास नियमित गश्ती करेंगे ताकि छात्राओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। विद्यालय के प्राचार्य डॉ रणजीत सिंह ने कहा कि सरकार की ओर से कुछ विषयों में सेट की क्षमता को काम किया गया है सीट की क्षमता अगर बढ़ती है तो विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा।विधायक ने कहा कि इस विषय पर संबंधित मंत्री से वार्ता कर सकारात्मक परिणाम लाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं प्राचार्य डॉ रणजीत सिंह को साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज का प्राचार्य बनाए जाने पर विदाई समारोह भी आयोजित की गई और नए प्राचार्य का भी स्वागत किया गया। मौके पर सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो राजीव कुमार, वित्त प्रभारी सुमन कुमार, जिप सदस्य रणधीर सिंह, विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू,प्रोफेसर अनिल सरकार , अनिसुर रहमान मुर्शिद राजा सहित अन्य मौजूद थे।

## बरहरवा में नाली निर्माण बना हादसे का कारण, बिना बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड के चल रहा कार्य




**साहिबगंज।** जिले के बरहरवा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-03, पहाड़ी बाबा चौक (मस्जिद के बगल) में सड़क किनारे नाली निर्माण कार्य चल रहा है। विकास कार्य सराहनीय है लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। नाली निर्माण के लिए सड़क किनारे गहरा गड्ढा खोदा गया है लेकिन न तो बैरिकेडिंग की व्यवस्था की गई है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है।उल्लेखनीय है कि यह मार्ग बरहरवा के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक है जहां दिन-रात आवागमन लगा रहता है। ऐसे में हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ठेकेदार द्वारा विकास कार्य तो किया जा रहा है लेकिन आम जनता की सुरक्षा को नजरअंदाज किया जा रहा है। शाम ढलते ही इस स्थान पर अंधेरा हो जाता है और बिना बैरिकेड तथा रिफ्लेक्टर के वाहन चालकों और पैदल राहगीरों को गड्ढे का पता नहीं चल पाता।स्थानीय ग्रामीणों ने ठेकेदार तथा विभाग से निवेदन किया है कि आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर एवं चेतावनी संकेतक लगवाए जाएं ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। लोगों का मानना है कि विकास के साथ सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है और जनता की सुरक्षा सर्वोपरि होनी चाहिए। झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा का एनकाउंटर, मौके पर हुआ ढेर, साहिबगंज से धनबाद जेल किया जा रहा था शिफ्ट

साहिबगंज।झारखंड का कुख्यात गैंगस्टर सुजीत सिन्हा पुलिस एनकाउंटर में मारा गया है. यह घटना रविवार की रात जामताड़ा जिले में हुई है. जानकारी के अनुसार सुजीत सिन्हा को रविवार को साहिबगंज जेल से धनबाद जेल शिफ्ट किया जाना था. इसी दौरान उसे कैदी वैन में बैठाकर जामताड़ा के रास्ते धनबाद ले जाया जा रहा था. जैसे ही जामताड़ा जिला की सीमा में कैदी वैन पहुंची और सुजीत सिन्हा ने कहा कि उसे टॉयलेट जाना है. जिसके बाद कैदी वैन रुकी. इसके बाद सुजीत सिन्हा ने मौका देखते ही कैदी वैन में सवार एक पुलिसकर्मी का हथियार छीन कर भागने लगा और फायरिंग करने लगा इसके बाद मौके पर तैनात पुलिस कर्मियों के द्वारा जवाबी कार्रवाई की गई जिसमें सुजीत सिन्हा मौके पर ही मारा गया.गैंगस्टर सुजीत सिन्हा मेदिनीनगर केंद्रीय कारा से साहिबगंज हुआ था शिफ्ट झारखंड जेल प्रशासन ने गैंगस्टर सुजीत सिन्हा को नौ अक्टूबर 2025 को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा से साहिबगंज मंडल कारा में स्थानांतरित करने का आदेश जारी किया था. यह कदम सुरक्षा और प्रशासनिक कारणों से उठाया गया था. पलामू पुलिस और मेदिनीनगर केंद्रीय कारा के जेल अधीक्षक की रिपोर्ट के आधार पर जेल आइजी ने सुजीत सिन्हा के स्थानांतरण का निर्देश दिया गया था. आदेश जारी होने के बाद उसे साहिबगंज मंडल कारा में शिफ्ट किया गया था.

**कई जिलों में फैला आपराधिक नेटवर्क:** मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के रेडमा निवासी सुजीत सिन्हा का आपराधिक नेटवर्क झारखंड के कई जिलों में फैला है. उस पर रांची, हजारीबाग, लातेहार, चतरा, रामगढ़ और पलामू समेत विभिन्न जिलों में 60 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं. केवल पलामू जिले में ही उसके खिलाफ 20 से अधिक मामले दर्ज हैं. इन मामलों में रंगदारी, हत्या, आर्म्स एक्ट और गैंग आपरेशन से जुड़े मामले शामिल हैं. हाल के वर्षों में वह कुछ मामलों में न्यायालय से बरी भी हुआ है, लेकिन कई गंभीर मामले अब भी विचाराधीन हैं.

**जेल के अंदर से ही अपने नेटवर्क को संचालित करता था:** झारखंड और आसपास के क्षेत्रों का एक कुख्यात अपराधी था. उसका नाम आपराधिक नेटवर्क, रंगदारी (एक्सटॉर्शन), हत्या, और संगठित अपराध में प्रमुखता से लिया जाता है.लंबे समय से जेल (जैसे पलामू, गुमला, जमशेदपुर घाघीडीह) में बंद रहने के बावजूद वह जेल के अंदर से ही अपने नेटवर्क को संचालित करता रहा है. उसके गैंग का मुख्य निशाना निर्माण क्षेत्र (बिल्डर्स), कोयला कारोबारी और स्थानीय व्यवसायी रहे हैं. रंगदारी न देने पर गोलीबारी कराने और जान से मारने की धमकियां देने के कई मामले सामने आ चुके हैं.

**सहयोगियों के नेटवर्क का कर रहा था प्रयोग:** सुजीत सिन्हा के जेल में रहने के दौरान उसके गिरोह की कमान उसकी पत्नी रिया सिन्हा अन्य करीबियों द्वारा संभाले जाने की बात पुलिस जांच में सामने आई थी. हाल के वर्षों में वह विदेश में बैठे प्रिंस खान गैंग के साथ गठजोड़ कर अवैध हथियारों की खरीद-बिक्री व रंगदारी नेटवर्क चला रहा था.

# एनएसयूआई ने परीक्षा परिणाम जारी करने व री-एप्लीकेशन पोर्टल खोलने की उठाई मांग

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**बरहरवा/साहिबगंज।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) की बी.एस.के. महाविद्यालय इकाई ने सोमवार को कॉलेज अध्यक्ष सोयेब अख्तर के नेतृत्व में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य के माध्यम से सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय (एसकेएमयू), दुमका के परीक्षा नियंत्रक एवं डीएसडब्ल्यू (डीन ऑफ स्टूडेंट्स वेलफेयर) को अलग - अलग ज्ञापन सौंपकर लंबित परीक्षा परिणाम शीघ्र जारी करने तथा यूजी सत्र 2026-30 (एनईपी) के लिए पुनः आवेदन पोर्टल खोलने की मांग की। परीक्षा नियंत्रक को सौंपे गए ज्ञापन में एनएसयूआई ने कहा कि विश्वविद्यालय की विभिन्न यूजी (एनईपी) सेमेस्टर परीक्षाएं संपन्न होने के बावजूद परिणामों के प्रकाशन और अन्य शैक्षणिक प्रक्रियाओं में अत्यधिक विलंब हो रहा है। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और उन्हें मानसिक तनाव का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यूजी सेमेस्टर-4 (सत्र 2023-27) का परिणाम अविलंब प्रकाशित करने, यूजी सेमेस्टर-6 (सत्र 2022-26) का परिणाम शीघ्र जारी करने तथा यूजी सेमेस्टर-3 (सत्र 2024-28) की प्रायोगिक परीक्षाएं जल्द आयोजित कर उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू करने और समयबद्ध तरीके से परिणाम प्रकाशित करने की मांग की गई। वहीं डीएसडब्ल्यू को सौंपे गए ज्ञापन में यूजी सत्र 2026-30 (एनईपी) की नामांकन प्रक्रिया में छात्रहित से जुड़े मुद्दे उठाए गए। एनएसयूआई ने मांग की कि जिन विषयों में सीटें रिक्त हैं, उनमें प्रवेश के लिए पुनः आवेदन (री-एप्लीकेशन) पोर्टल खोला जाए। साथ ही जिन अभ्यर्थियों के आवेदन स्वीकृत हो चुके हैं, उन्हें नामांकन शुल्क जमा करने का एक और अवसर दिया जाए। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सत्यम कुमार यादव, कॉलेज सचिव वसीम अकरम, फारिकुल इस्लाम, अक्षय भगत, राजा यादव, पंकज कुमार, सरफराज अहमद, रबीउल इस्लाम सहित अन्य छात्र मौजूद थे।

## स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में जुटा नागरिक मंच, स्वामी विवेकानंद स्टेडियम का किया निरीक्षण



झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**बरहरवा/साहिबगंज।** आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बरहरवा नगर पंचायत अंतर्गत स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम का नागरिक मंच की समिति ने सोमवार को भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेडियम की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया और कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर चर्चा की गई। समिति के सदस्यों ने विशेष रूप से स्टेडियम की साफ - सफाई, पेयजल की समुचित व्यवस्था, मैदान में जमा कीचड़ की सफाई तथा गड्ढों की भराई जैसे आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्णय लिया। सदस्यों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने वाले विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएंगी। निरीक्षण के दौरान नागरिक मंच के उपाध्यक्ष मिठुन कुमार मंडल, कोषाध्यक्ष निताय सरकार, सचिव छोटेलाल रमानी, कार्यकारिणी सदस्य मनोज घोष, आशीष शर्मा, आलमगीर मंसूरी, तैयब शेख, शिवम पांडेय सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विधायक एमटी राजा ने निधि योजना से काली मंदिर का कराया सौंदर्यीकरण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।







**राजमहल/साहिबगंज।** राजमहल विधायक मो ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विधायक निधि योजना से राजमहल प्रखंड के कसवा पंचायत अंतर्गत इंग्लिश गांव में काली मंदिर सौंदर्यीकरण कार्य कराएं है। जिसका उद्घाटन सोमवार को विधायक के हाथो फीता काटकर व नारियल फोड़कर किया गया। उन्होंने कहा कि सर्व धर्म सम्मान के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित कर भाईचारे का संदेश समाज में बना रहे यह उनकी प्राथमिकता है।मौके पर विधायक प्रतिनिधि आदरणीय मो मारूफ उर्फ गुड्डू जी, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान जी, प्रखंड सचिव दुर्गा मंडल जी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष देवेन्द्र ठाकुर जी, सुभाष दास जी, अजय दास , विकास यादव, गोपाल मंडल, सेंटू यादव, सहित अन्य मौजूद थे। विद्यालय को मिली नई सौगात, आरओ सह वाटर कूलर व कक्षा भवन का विधायक ने किया उद्घाटन

राजमहल प्रखंड के कसवा पंचायत स्थित पीएमश्री प्लस टू उच्च विद्यालय, मंगलहाट को विधायक निधि योजना से नई सौगात मिली है.सोमवार को विधायक मो. ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा ने विद्यालय परिसर में स्थापित आरओ सह वाटर कूलर का उद्घाटन किया. इसके साथ ही नवनिर्मित कक्षा भवन का फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर लोकार्पण किया.उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरओ सह वाटर कूलर लगाया गया है, जबकि नए कक्षा भवन के निर्माण से पठन-पाठन की व्यवस्था और सुदृढ़ होगी. उन्होंने छात्र-छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने तथा विद्यालय की उपलब्ध सुविधाओं का बेहतर उपयोग करने की अपील की.मौके पर विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ उर्फ गुड्डू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, प्रखंड सचिव दुर्गा मंडल, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष देवेंद्र ठाकुर, सुभाष दास, अजय दास, विकास यादव, गोपाल मंडल, सेंटू यादव सहित विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे.विद्यालय प्रबंधन ने विधायक निधि से उपलब्ध कराई गई सुविधाओं के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी भी ली.

## आवास योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक, लंबित आवास हर हाल में पूरा करने का दिया निर्देश



**उधवा/साहिबगंज।** उधवा प्रखंड कार्यालय कक्ष में सोमवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी उधवा जयंत कुमार तिवारी की अध्यक्षता में लंबित आवास योजना को लेकर बैठक हुई। इस दौरान बीडीओ श्री तिवारी ने बताया कि अबुआ आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 35 आवास तथा वर्ष 2024-25 में कुल 49 आवास लंबित है। साथ ही बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 1001 आवास लंबित है। उक्त लाभुकों के बैंक खातों में द्वितीय किस्त की राशि भेजी गई है। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रथम किस्त प्राप्त करने वाले कुल 1720 आवासों में निर्माण कार्य चल रहा है। बीडीओ ने सभी कर्मियों को लंबित आवासों को जल्द-जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड समन्वयक संदीप कुमार गुप्ता,संतोष कुमार सुमन,ओमप्रकाश साहा सहित अन्य मौजूद थे।

# पीएम आवास योजना के पूर्ण फ्लैटों का अगले माह गृह प्रवेश कराने पर दिया जोर,पेयजल शिकायतों के त्वरित निपटारे एवं विकास योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**डीसी ने नगर निकायों के विकास कार्यों की समीक्षा कर समयबद्ध क्रियान्वयन के दिए निर्देश**




**मेदिनीनगर (पलामू)**
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिले के विभिन्न नगर निकायों द्वारा संचालित विकास योजनाओं एवं नागरिक सुविधाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में मेदिनीनगर नगर निगम सहित विभिन्न नगर परिषद एवं नगर पंचायतों में संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान उपायुक्त श्री शेखावत ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में वर्टिकल-3 के ब्लॉक-ए एवं ब्लॉक-डी में पूर्ण हो चुके फ्लैटों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करते हुए अगले माह लाभुकों का गृह प्रवेश सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया, ताकि पात्र परिवारों को शीघ्र आवास का लाभ मिल सके।बैठक में चियांकी पार्क के विकास कार्यों तथा मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्र में निमार्णाधीन इंडोर स्टेडियम की प्रगति की भी समीक्षा की गयी।उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को शीघ्र इन सुविधाओं का लाभ मिल सके।समीक्षा के दौरान विभिन्न नगर निकायों में पेयजल आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों की भी समीक्षा की गई।उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आम नागरिकों को निर्बाध एवं सुचारु पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक सभी कदम प्राथमिकता के आधार पर उठाए जाएं।बैठक के दौरान एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट), सॉलिड एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था, साफ-सफाई, होल्डिंग एवं प्रॉपर्टी टैक्स वसूली, पार्कों के विकास, शहरी आधारभूत संरचना तथा अन्य विकास योजनाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए लंबित कार्यों में तेजी लाने, गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने तथा जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सभी विकास योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में सहायक नगर आयुक्त, विभिन्न नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी,जुडको एवं अर्बन लोकल बॉडी से जुड़े संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## आंगनवाड़ी सेविका व सहायिका ने संभाला कार्यभार

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम भजनिया पूर्व स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सोमवार को नवचयनित आंगनवाड़ी सेविका प्रियंका सिंह एवं सहायिका नेहा देवी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण के अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित रहे। इस दौरान नवचयनित सेविका और सहायिका का स्वागत करते हुए सभी ने उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद प्रियंका सिंह ने कहा कि वे महिला एवं बाल विकास विभाग की सभी योजनाओं का ईमानदारी, पारदर्शिता एवं जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वयन करेंगी। उन्होंने कहा कि केंद्र के माध्यम से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को बेहतर पोषण, स्वास्थ्य एवं अन्य निर्धारित सेवाएं उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने आशा व्यक्त की कि नए कार्यभार के साथ आंगनवाड़ी केंद्र की सेवाओं में और अधिक सुधार होगा तथा पात्र लाभुकों को योजनाओं का लाभ समय पर मिलेगा।

## स्वतंत्रता सेनानियों की स्मृति में 80 यूनिट रक्तदान का लक्ष्य ,जन अधिकार मंच ने युवाओं से जुड़ने का किया आह्वान

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**




**सिंदरी /धनबाद।** स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर जवानों की पुण्य स्मृति में जन अधिकार मंच सिंदरी द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले रक्तदान शिविर की तैयारीयां शुरू हो गई है। इसी क्रम में रविवार को बीआईटी सिंदरी परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष देश की आजादी के 80 वें वर्ष के उपलक्ष में 80 रक्तवीर रक्तदान कर स्वतंत्रता सेनानियों और शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यह आयोजन 14 अगस्त को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंटर कॉलेज में किया जाएगा।सदस्यों ने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक युवाओं को अभियान से जोड़ने तथा रक्तदान के महत्व के प्रति व्यापक जन जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि रक्तदान महादान है और समय पर रक्त उपलब्ध होने से अनेक लोगों की जान बचाई जा सकती है। सभी ने यह संकल्प लिया की रक्त के अभाव में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु ना हो, इसके लिए समाज में नियमित रक्तदान की संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। बैठक में जन अधिकार मंच के अध्यक्ष रंजीत कुमार के अलावा सौरभ सिंह ,प्रशांत कुमार हुई, इंद्र मोहन सिंह,कुमार राजेश,प्रिय रंजन कुमार, देवनन्दन सिंह,प्रभात श्रीवास्तव,किशोर दा,रविकांत शर्मा, विनोद राम, विकास माली ,अजय कुमार सिंह ,अंकित सिंह ,राज,राजा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने रक्तदान शिविर को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने पर सहमति व्यक्त की।

## स्वतंत्रता दिवस से पूर्व पाकुड़ नगर की सभी स्ट्रीट लाइटें होंगी दुरुस्त : राणा ओझा

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**पाकुड़ :** नगर परिषद पाकुड़ के उपाध्यक्ष राणा ओझा की अध्यक्षता में सोमवार को नगर परिषद कार्यालय के सभाकक्ष में नगर क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नगर परिषद के सभी बिजली मिस्त्रियों एवं विद्युत परिवेक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर के विभिन्न वार्डों में खराब पड़ी स्ट्रीट लाइटों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई तथा उन्हें शीघ्र दुरुस्त करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में प्रधान सहायक देवाशीष बर्मन, कनीय अभियंता सुमन कुमार के अलावा वार्ड पार्षद अनिकेत गोस्वामी, विमल चंद्र राउत, राजा अंसारी एवं रियाज अंसारी सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने नगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटों की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसे प्राथमिकता के आधार पर सुधारने की आवश्यकता पर बल दिया। उपाध्यक्ष राणा ओझा ने बैठक में उपस्थित सभी बिजली मिस्त्रियों एवं विद्युत परिवेक्षकों से उनकी समस्याओं, आवश्यक संसाधनों तथा कार्य में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना नगर परिषद की प्राथमिक जिम्मेदारी है और स्ट्रीट लाइटों का सुचारु रूप से संचालित होना सुरक्षा एवं यातायात की दृष्टि से अत्यंत आवश्यक है।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस से पूर्व नगर क्षेत्र में खराब पड़ी सभी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कर उन्हें चालू किया जाएगा। जिन स्थानों पर स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह अनुपयोगी हो चुकी हैं, वहां नई स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। साथ ही सभी वार्डों में खराब पड़ी लाइटों को प्राथमिकता के आधार पर अविलंब ठीक कराने का निर्देश संबंधित मिस्त्रियों एवं अधिकारियों को दिया गया।बैठक के दौरान बिजली मिस्त्रियों ने कार्य के दौरान सुरक्षा संबंधी उपकरणों की आवश्यकता भी रखी। इस पर उपाध्यक्ष राणा ओझा ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए मिस्त्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सुरक्षा किट क्रय करने का निर्णय लिया, ताकि वे बिना किसी जोखिम के गुणवत्तापूर्ण कार्य कर सकें। उपाध्यक्ष श्री ओझा ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस से पहले पूरे पाकुड़ नगर की स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त कर दिया जाएगा। जहां नई लाइट लगाने की आवश्यकता होगी, वहां नई स्ट्रीट लाइटें स्थापित की जाएंगी, जिससे नगर के सभी प्रमुख मार्गों एवं मोहल्लों में पर्याप्त रोशनी उपलब्ध होगी और आम नागरिकों को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। बैठक में बिजली मिस्त्री एवं विद्युत परिवेक्षक मैयमुर शेख, अनूप विश्वास, समीर सरकार, संजय कुमार मंडल, पियूष दास, शुकूर शेख, खैरुल शेख, गोपाल दास तथा सत्यम सरकार सहित नगर परिषद के अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे। बैठक में लिए गए निर्णयों के शीघ्र क्रियान्वयन पर सभी ने सहमति व्यक्त की।

## सावन की पहली सोमवारी पर शिवालियों में उमड़ा आस्था का सैलाब, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**झारखंड उजाला प्रतिनिधि**



**सिंदरी /धनबाद।** पवित्र सावन मास की पहली सोमवारी पर सिंदरी के विभिन्न शिवालियों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव के जलाभिषेक एवं पूजा -अर्चना के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे। इस वर्ष विशेष रूप से महिलाओं की संख्या अधिक देखने को मिली। शहरपुरा शिव मंदिर में तड़के से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रही। भक्तों ने विधि विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। पूरे मंदिर परिसर में ₹हर- हर महादेव₹ और ₹बम-बम भोले₹ के जय घोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा। मंदिर कमेटी के सचिव एवं पूर्व पार्षद दिनेश सिंह ने भी भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर सिंदरी वासियों के सुख ,शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मंदिर में नर्मदेश्वर शिवलिंग की स्थापना की गई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंच रहे हैं। सावन की पहली सोमवारी को लेकर पूरे क्षेत्र के शिवालियों में धार्मिक उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।

# रिमझिम फुहारों के बीच शिव भक्ति का संगम, हजारीबाग यूथ विंग ने प्रथम सोमवारी पर श्रद्धालुओं की सेवा की

**झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।**

**श्रद्धालुओं की सेवा सबसे बड़ा पुण्य, हजारीबाग यूथ विंग का कार्य सराहनीय : पुलिस अधीक्षक अमन कुमार**

**सावन में शिवभक्तों की सेवा ही हमारी सबसे बड़ी पूजा, यह परंपरा आगे भी निरंतर जारी रहेगी : चंद्र प्रकाश जैन**




**हजारीबाग:** हजारीबाग सावन की प्रथम सोमवारी पर रिमझिम बारिश की फुहारों के बीच बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर शिव भक्ति और आस्था से सराबोर रहा। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हजारीबाग यूथ विंग द्वारा मंदिर परिसर में सेवा शिविर लगाकर भगवान भोलेनाथ के दर्शन-पूजन के लिए आने वाले हजारों श्रद्धालुओं के बीच दूध, बेलपत्र एवं पूजन सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया। पूजन सामग्री में अगरबत्ती, माचिस सहित पूजा-अर्चना में उपयोग होने वाली अन्य आवश्यक सामग्री भी शामिल थी। संस्था की ओर से प्रथम सोमवारी पर कुल 51 लीटर दूध का वितरण किया गया। सावन की बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं एवं सदस्यों में सेवा शिविर को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों ने इसका लाभ उठाया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अमन कुमार भी सेवा शिविर पहुंचे और स्वयं श्रद्धालुओं के बीच दूध एवं पूजन सामग्री का वितरण किया। आगमन पर हजारीबाग यूथ विंग के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उन्हें चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित कर उनका अभिनंदन किया। पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने सावन की प्रथम सोमवारी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हजारीबाग यूथ विंग समाजसेवा के क्षेत्र में निरंतर सराहनीय एवं प्रेरणादायी कार्य कर रही है। धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों में भी संस्था की सक्रिय भूमिका प्रशंसनीय है। उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस सेवा कार्य के लिए बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी समर्पण के साथ समाजहित में कार्य करते रहने की शुभकामनाएं दीं। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि सावन का महीना केवल पूजा-अर्चना का ही नहीं, बल्कि सेवा और मानवता का भी संदेश देता है। हजारीबाग यूथ विंग का प्रयास है कि भगवान भोलेनाथ के दर्शन के लिए आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को सुविधा मिले और सेवा के माध्यम से समाज में सहयोग एवं समर्पण की भावना को और अधिक मजबूत किया जा सके। संस्था के अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग यूथ विंग विगत कई वर्षों से सावन माह में सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा करती आ रही है। आगे भी संस्था सामाजिक, धार्मिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक सेवा पहुंचाने का कार्य निरंतर करती रहेगी। श्रद्धालुओं की सेवा ही संस्था का सबसे बड़ा उद्देश्य है। मौके पर संरक्षक चंद्र प्रकाश,उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव रितेश खण्डेलवाल,संस्था के मार्गदर्शक संजय कुमार,विकाश केशरी,डॉक्टर बी वेंकटेश, कार्यकारणी सदस्य रोहित बजाज,रंजन चौधरी,सत्यनारायण सिंह,वर्षा डे,सनी देव,कैलाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहें

## नहर में डूबने से वृद्ध की मौत, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा



**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के बीरध्वर गांव के नोनिया टोला निवासी खेदरु चौहान (60) की सोमवार सुबह नहर में डूबने से मौत हो गई। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि खेदरु चौहान सुबह नहर में स्नान करने गए थे। इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए, जिससे डूबने के कारण उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से काफी मशक्कत के बाद नहर से शव बरामद किया गया। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पूरे गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि खेदरु चौहान मिलनसार और शांत स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी असामयिक मृत्यु से क्षेत्र में शोक की लहर है।

## जेपीएससी परीक्षा गड़बड़ी मामले में उकऊऔर पलामू पुलिस की छापेमारी, दो शिक्षकों के घर से कई दस्तावेज जब्त

**पलामू :** पलामू जिला पुलिस द्वारा कार्रवाई में जिले के नौडीहा बजर-झारखंड लोक सेवा आयोग परीक्षा में हुई गड़बड़ी के मामले में अपराध अनुसंधान विभाग (CID) की लगातार कार्रवाई जारी है. इसी दौरान सीआईडी और पलामू पुलिस की टीम ने मेदिनीनगर में एक शिक्षक और एक पारा शिक्षक के घर में छापेमारी की. इस छापेमारी में दोनों शिक्षकों के घर से सीआईडी और पलामू पुलिस की टीम को कई महत्वपूर्ण दस्तावेज हाथ लगे हैं. छापेमारी में शामिल टीम को कई डिजिटल प्रमाण भी मिले हैं. यह छापेमारी रविवार की देर रात शुरू हुई थी और सोमवार की सुबह तक चली है. सीआईडी और पुलिस की टीम ने शिक्षक रवि कुमार सिंह और संतोष कुमार सिंह के घर पर छापेमारी की. शिक्षक संतोष कुमार के मेदिनीनगर बीएन कॉलेज स्थित हमीदगंज और नौडीहा के घर पर छापेमारी की गई. वहीं शिक्षक रवि शंकर के मेदिनीनगर के बारालोटा स्थित घर में छापेमारी की. छापेमारी में पलामू पुलिस की स्पेशल टीम भी शामिल थी और अपराध अनुसंधान विभाग की मदद कर रही थी. इस कार्रवाई में पलामू पुलिस से कई सीनियर अधिकारियों की भी तैनाती की गई थी. इस पूरे घटनाक्रम की पलामू पुलिस अधिक्षक कपिल चौधरी ने पुष्टि की है. इस घटना में कई बातें सामने आने की संभावना हैं।

## अमड़ापाड़ा में बंद अस्पताल शुरू कराने और जर्जर सड़क निर्माण की उठी मांग, उपायुक्त को सौंपा गया ज्ञापन



**पाकुड़:** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के जिला सचिव मो. जहांगीर अंसारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर अमड़ापाड़ा बाजार स्थित वर्षों से बंद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को अविलंब चालू कराने तथा अमड़ापाड़ा मुख्य सड़क के निर्माण/मरम्मत की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि अस्पताल बंद रहने के कारण अमड़ापाड़ा एवं आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। इससे विशेषकर गर्भवती महिलाओं, सड़क दुर्घटना के घायलों और गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता। प्रतिनिधिमंडल ने अस्पताल में 24 घंटे स्वास्थ्य सेवा, महिला एवं पुरुष चिकित्सक, नर्स, कंपाउंडर तथा एंबुलेंस सुविधा बहाल करने की मांग की।मोर्चा ने सुझाव दिया कि यदि संसाधनों की कमी हो तो बीजीआर माइनिंग और डीवीसी के सीएसआर फंड के माध्यम से अस्पताल को पुनः संचालित कराया जाए, ताकि क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। प्रतिनिधिमंडल ने अमड़ापाड़ा मुख्य मार्ग की जर्जर स्थिति पर भी चिंता जताते हुए सड़क का शीघ्र निर्माण अथवा मरम्मत कराने की मांग रखी। उनका कहना था कि खराब सड़क के कारण आम लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मोर्चा के वरिष्ठ नेता मार्क बास्की ने कहा कि पार्टी लगातार जनहित के मुद्दों को उठा रही है और आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि अस्पताल चालू होने और सड़क निर्माण से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला महासचिव इलियास हांसदा, समाजसेवी मो. आरिफ आलम सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## वारंटी गिरफ्तार: 2020 के मारपीट मामले में आरोपी न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**पाकुड़:** पाकुड़ मुफस्सिल थाना पुलिस ने वर्ष 2020 में दर्ज मारपीट के एक मामले में फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस ने कांड संख्या 81/20 के तहत दर्ज मामले में जियाउल शेख, पिता अब्दुल रहमान, निवासी जुगीगुड़िया को माननीय न्यायालय द्वारा जारी गिरफ्तारी वारंट के आधार पर गिरफ्तार किया। पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन के लिए अभियान लगातार जारी है और फरार आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है।

## पाकुड़ में जाली नोट की आशंका, रथ मेले के दौरान चाय दुकानदार को मिला संदिग्ध 100 का नोट



**पाकुड़:** पहली रथ के अवसर पर आयोजित पारंपरिक रथ मेले में इस बार भी आसपास के क्षेत्रों से सैकड़ों लोग पहुंचे। मेले में भारी भीड़ के बीच एक चाय दुकानदार को संदिग्ध ?100 का नोट मिलने का मामला सामने आया है, जिसके बाद क्षेत्र में जाली नोट को लेकर चर्चा तेज हो गई है।जानकारी के अनुसार, नगर थाना के पश्चिम दिशा में तथा जिला कांग्रेस कार्यालय के समीप स्थित सलामत नामक व्यक्ति की चाय दुकान पर पहली रथ के दिन काफी भीड़ थी। दुकानदार सलामत ने बताया कि भीड़भाड़ के कारण एक ग्राहक द्वारा दिए गए ?100 के नोट की तत्काल जांच नहीं कर सके। बाद में जब उन्होंने नोट को ध्यान से देखा तो वह संदिग्ध और जाली प्रतीत हुआ। इसके बाद उन्होंने नोट को अपने पास सुरक्षित रख लिया।स्थानीय स्तर पर इस मामले की जानकारी फैलने के बाद लोगों के बीच जाली नोट के संभावित नेटवर्क को लेकर तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं। कुछ सूत्रों का दावा है कि इन दिनों पाकुड़ में जाली नोट चलाने वाला गिरोह सक्रिय हो सकता है। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और न ही यह स्पष्ट है कि ऐसे नोट कहां से आ रहे हैं या इसके पीछे कौन लोग शामिल हैं। फिलहाल इस मामले में पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यदि जाली नोट की आशंका सही पाई जाती है, तो यह कानून-व्यवस्था और आम लोगों के लिए गंभीर चिंता का विषय हो सकता है।यह खबर स्थानीय दुकानदार के बयान और क्षेत्र में चल रही चचाओं पर आधारित है। जाली नोट गिरोह के सक्रिय होने की आधिकारिक पुष्टि संबंधित जांच एजेंसियों या पुलिस द्वारा अभी तक नहीं की गई है।

# कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ईचाक में खाद्य सुरक्षा टीम का औचक निरीक्षण

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।

**खाद्य पदार्थों के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम भेजे जाएंगे**




**हजारीबागः** उपायुक्त श्री हेमंत सती एवं अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि जायसवाल के निदेर्शानुसार सोमवार को खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग-02 श्री अम्बरीश पाण्डेय ने खाद्य सुरक्षा टीम के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, ईचाक (बोंगा), हजारीबाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के उद्देश्य से उसना चावल, अरहर दाल, आटा, मसूर दाल एवं चूड़ा के नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य जांच प्रयोगशाला, नामकुम, रांची भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत आवश्यकतानुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के तहत विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा टीम ने विद्यालय प्रबंधन एवं रसोई कर्मियों को किचन की प्रतिदिन समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही रसोइयों को भोजन तैयार करने एवं परोसने के दौरान एप्रन एवं टोपी का अनिवार्य रूप से उपयोग करने तथा रसोईघर को कीट, चूहे, मक्खियों एवं छिपकलियों से पूर्णतः मुक्त एवं स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए गए। खाद्य सुरक्षा टीम में खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हजारीबाग-01 मो. मंजर हुसैन, श्री विकास शर्मा, श्री सूरज कुमार एवं श्री धनेश्वर प्रसाद कुशवाहा भी उपस्थित थे। जिला प्रशासन ने कहा कि विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों में उपलब्ध कराए जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण एवं नमूना संग्रह की कार्रवाई नियमित रूप से जारी रहेगी, ताकि विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

## नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान₹ के तहत प्रधानमंत्री के वर्चुअल संबोधन का सफल आयोजन

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**हजारीबाग।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माई भारत, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं विनोबा भावे विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान तथा जिला प्रशासन, हजारीबाग के सहयोग से ₹नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत संकल्प अभियान₹ के तहत विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल संबोधन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं, विद्यार्थियों, एनएसएस एवं माई भारत स्वयंसेवकों ने भाग लिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ तथा जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं माई भारत पंजीकरण अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले युवाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री सुरेन्द्र कुमार कुशवाहा ने युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। जिला युवा अधिकारी श्री रुद्र शेखर ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए इसे युवाओं के नेतृत्व वाला जन-आंदोलन बताया। प्रधानमंत्री ने अपने वर्चुअल संबोधन में युवाओं से नशे के विरुद्ध जनजागरूकता फैलाने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति की शपथ लेकर ₹नशा मुक्त युवाझ्विकसित भारत₹ के संकल्प को दोहराया।

## आधार में जन्मतिथि बदलकर नाबालिग को बनाया मानव तस्करी का शिकार, झारखंड की किशोरी दिल्ली से रेस्क्यू



**रांची।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले की एक 16 वर्षीय किशोरी, जो लगभग छह वर्ष पूर्व मानव तस्करी का शिकार हो गई थी, को दिल्ली में चलाए गए एक संयुक्त बचाव अभियान के दौरान सकुशल मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई चाईबासा पुलिस, दिल्ली पुलिस, मिशन मुक्ति फाउंडेशन और रेस्क्यू टीम के संयुक्त प्रयासों से सफलतापूर्वक संपन्न हुई।बचाव के बाद पीड़िता की काउंसलिंग के दौरान मानव तस्करी से जुड़े कई गंभीर तथ्य सामने आए। पीड़िता ने बताया कि उसे नाबालिग अवस्था में झारखंड से बहला-फुसलाकर दिल्ली लाया गया, जहां उससे जबरन घरेलू कार्य कराया गया। इसके बाद उसे मुंबई भेज दिया गया और अंततः एक लाख रुपये में बेचकर एक अज्ञात पंजाबी व्यक्ति से जबरन विवाह करा दिया गया। इस दौरान उसे लगातार मानसिक और शारीरिक शोषण का सामना करना पड़ा।मामले की गंभीरता को देखते हुए पश्चिमी सिंहभूम जिले के गुदड़ी थाना में मानव तस्करी, धोखाधड़ी एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपितों ने पीड़िता के आधार कार्ड में उसकी जन्मतिथि में फजीर्वाड़ा कर उसे बालिग दशार्या, ताकि उसकी वास्तविक आयु छिपाई जा सके एवं मानव तस्करी तथा शोषण को वैध रूप देने का प्रयास किया जा सके। पुलिस इस दस्तावेजी फजीर्वाड़े की भी विस्तृत जांच कर रही है।यह संपूर्ण कार्रवाई झारखंड भवन के स्थानिक आयुक्त अरवा राजकमल के निर्देशन और मार्गदर्शन में संपन्न की गई, जिनके समन्वय से विभिन्न राज्यों की एजेंसियों के बीच प्रभावी तालमेल स्थापित कर पीड़िता का सफलतापूर्वक रेस्क्यू सुनिश्चित किया गया।जांच में मानव तस्करी गिरोह में प्रतिमा गुप्ता (निवासी गुमला), हेमंत गुप्ता, विशाल गुप्ता, मनीष भारती और मीना देवी के नाम सामने आए हैं। जांच के दौरान यह भी पता चला है कि दिल्ली के रोहिणी स्थित राम विहार क्षेत्र से संचालित इनकी प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से पीड़िता को विभिन्न स्थानों पर भेजा गया था। पुलिस एजेंसी की भूमिका, उससे जुड़े नेटवर्क एवं इस मानव तस्करी रैकेट में शामिल अन्य व्यक्तियों की भी जांच कर रही है।अधिकारियों के अनुसार यह मामला संगठित मानव तस्करी नेटवर्क, दस्तावेजों में हेरफेर, बाल श्रम और जबरन विवाह जैसे गंभीर अपराधों से जुड़ा प्रतीत होता है। जांच एजेंसियां इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को जोड़ने और इसमें शामिल अन्य आरोपितों की पहचान कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करने में जुटी हैं।मामले में पुलिस ने संकेत दिए हैं कि इसमें आगे भी महत्वपूर्ण खुलासे होने की संभावना है और मानव तस्करी के पूरे नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए जांच जारी है।

## न नियमों का पालन, न नंबर प्लेट... पाकुड़ में बेखौफ दौड़ रहे ई-रिक्शा

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**पाकुड़ः** जिला परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को लेकर लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर समय-समय पर कार्रवाई भी की जाती है। इसके बावजूद पाकुड़ शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बिना रजिस्ट्रेशन और बिना नंबर प्लेट के ई-रिक्शा सड़कों पर धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं।जानकारी के अनुसार, परिवहन विभाग द्वारा कई बार ई-रिक्शा चालकों और मालिकों को वाहन का पंजीकरण कराने तथा नंबर प्लेट लगवाने की चेतावनी दी जा चुकी है। बावजूद इसके कई ई-रिक्शा बिना किसी वैध पहचान के सड़कों पर दौड़ रहे हैं, जो मोटर वाहन नियमों का उल्लंघन माना जाता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में ई-रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिससे कई प्रमुख चौक-चौराहों पर जाम की स्थिति भी बनने लगी है। लोगों का मानना है कि यदि सभी ई-रिक्शा नियमों के तहत पंजीकृत होकर संचालित हों तो व्यवस्था बेहतर हो सकती है, लेकिन बिना नंबर और बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों से निगरानी और कार्रवाई दोनों मुश्किल हो जाती है। सबसे बड़ी चिंता सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जताई जा रही है। यदि कोई बिना नंबर वाला ई-रिक्शा किसी व्यक्ति को टक्कर मारकर फरार हो जाए, तो प्रत्यक्षदर्शी वाहन की पहचान कैसे करेंगे और पुलिस को किस आधार पर उसकी जानकारी देंगे। ऐसे मामलों में पीड़ित को न्याय दिलाने और दोषी तक पहुंचने में भी कठिनाई हो सकती है।स्थानीय लोगों ने जिला परिवहन विभाग और प्रशासन से मांग की है कि बिना रजिस्ट्रेशन और बिना नंबर प्लेट के चल रहे ई-रिक्शा के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जाए तथा सभी ई-रिक्शा का अनिवार्य रूप से पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके।

## गांधी मैदान (मटवारी) में ओपन जिम का शुभारंभ,आम नागरिक खुले आसमान के नीचे कर सकेंगे व्यायाम



**हजारीबागः** शहरवासियों को स्वस्थ जीवनशैली के प्रति प्रेरित करने की दिशा में गांधी मैदान, मटवारी में ओपन जिम का शुभारंभ उपायुक्त श्री हेमंत सती, उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडे एवं महापौर श्री अरविंद राणा ने संयुक्त रूप से किया। यह ओपन जिम एक्सिस बैंक की कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत स्थापित किया गया है। उद्घाटन अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि यह सुविधा युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए उपयोगी होगी। उन्होंने नागरिकों से सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा करते हुए जिम का नियमित उपयोग करने की अपील की। एक्सिस बैंक के अधिकारियों ने बताया कि सीएसआर के तहत जिला प्रशासन एवं नगर निगम के सहयोग से शहर के अन्य स्थानों पर भी चरणबद्ध तरीके से ऐसे ओपन जिम स्थापित किए जाएंगे।

## अवैध कोयला खनन के विरुद्ध सीआईएसएफ की बड़ी कार्रवाई ग्राम लकूरा में संचालित 04 रैट-होल अवैध खदानें बंद कराई गई

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।




**हजारीबागः** खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत प्राप्त वैधानिक अधिकारों का प्रयोग करते हुए सीआईएसएफ इकाई, एनटीपीसी-सीएमपी, हजारीबाग द्वारा अवैध कोयला खनन एवं कोयला तस्करी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान उप कमाण्डेन्ट श्री सुरेश जी के निर्देशन में संचालित किया गया।

**जागेश्वर कुमार, झारखंड उजाला हजारीबाग ब्यूरो**

**क्या है पूरा मामला**

दिनांक 03.08.2026 को समय लगभग 14:00 बजे अभियान के दौरान सीआईएसएफ की टीम ने बड़कागांव क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लकूरा के जंगल एवं घनी झाड़ियों के बीच अवैध रूप से संचालित 04 रैट-होल कोयला खदानों का पता लगाया। जांच के उपरांत उक्त अवैध खदानों को जेसीबी मशीन की सहायता से तोड़कर पूर्णतः बंद करा दिया गया। स्थल पर अवैध खनन गतिविधि को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया। उल्लेखनीय है कि यह क्षेत्र एनटीपीसी-सीएमपी, हजारीबाग को आवंटित है तथा भविष्य में एनटीपीसी द्वारा यहां कोयला खनन कार्य प्रस्तावित है। संगठित तस्करी नेटवर्क से जुड़े होने के संकेत प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि उक्त अवैध खन गतिविधियां संगठित तस्करी नेटवर्क से जुड़ी हो सकती हैं। इस संबंध में संलिप्त व्यक्तियों, परिवहन साधनों एवं अवैध कोयला तस्करी के पूरे नेटवर्क की विस्तृत जांच की जा रही है तथा आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

**शून्य सहनशीलता की नीति**

सीआईएसएफ ने स्पष्ट किया है कि अवैध खन एवं कोयला तस्करी राष्ट्रीय संपत्ति के विरुद्ध गंभीर अपराध है और इसके प्रति ेश्ङ्क ळ्ङ्क'ेल्ली की नीति अपनाई गई है। भविष्य में भी ऐसे विशेष अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीआईएसएफ इकाई कानून-व्यवस्था बनाए रखने, राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगाने हेतु जिला प्रशासन, पुलिस एवं अन्य संबंधित एजेंसियों के साथ सतत समन्वय कर कार्य कर रही है।

## जिला स्तरीय मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन



**हजारीबागः** जिला प्रशासन, हजारीबाग के तत्वावधान में शनिवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल (सदर अस्पताल) स्थित ब्लड बैंक में जिला स्तरीय मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक आयोजित किया गया।शिविर में रेड क्रॉस सोसायटी, यूथ विंग जैसे सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवाओं तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वैच्छिक रक्तदान किया।इस शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों, आपातकालीन सर्जरी, थैलेसीमिया, कैंसर एवं अन्य गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा समाज में स्वैच्छिक रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।शिविर के दौरान लोगों को स्वैच्छिक रक्तदान के महत्व की जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक लोगों से नियमित रूप से रक्तदान करने की अपील की गई। जिला प्रशासन ने रक्तदान करने वाले सभी स्वैच्छिक रक्तदाताओं एवं सहयोगी संस्थाओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

## चाईबासा पहुंची शिबू सोरेन की प्रतिमा, झामुमो कार्यकताओं ने किया स्वागत



**पश्चिमी सिंहभूम।**पश्चिमी सिंहभूम जिला मुख्यालय चाईबासा में सोमवार को पद्म भूषण से सम्मानित दिशुम गुरु शिबू सोरेन की आदमकद प्रतिमा पहुंचने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं समर्थक प्रतिमा के स्वागत के लिए उपस्थित थे। प्रतिमा को चाईबासा स्थित शिबू सोरेन चौक पर स्थापित किया जाएगा।प्रतिमा के चाईबासा पहुंचने के साथ ही कार्यकताओं ने गर्मजोशी से उसका स्वागत किया। इस दौरान झामुमो जिला अध्यक्ष सोनाराम देवगम, राहुल आदित्य, इकबाल अहमद सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष किया। उनके नेतृत्व में चले आंदोलन ने अलग झारखंड राज्य के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया। उन्होंने कहा कि चाईबासा में उनकी आदमकद प्रतिमा स्थापित होने से आने वाली पीढ़ियों को झारखंड आंदोलन के इतिहास, संघर्ष और बलिदान की जानकारी मिलेगी तथा उनके विचारों से प्रेरणा प्राप्त होगी।

## पहली सोमवारी पर बासुकीनाथ धाम में 1.5 लाख कावंरियों ने किया जलाभिषेक



**दुमका।** राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के 5 वें दिन सोमवार की शाम 05 बजे तक कुल एक लाख पांच हजार 785 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। शीघ्रदर्शनम से 2040 श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। वहीं पहली सोमवारी को 203 डाक बम श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। शीघ्र दर्शनम से 10,20,000 रुपये,गोलक से 1,70,010 और अन्य स्त्रोतों से 7736 रुपये प्राप्त हुए। वहीं बासुकीनाथ धाम में श्रावण मास के पहला सोमवारी से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। कांवरिया बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल भर कर देवघर और बाबा बासुकिनाथ में जलार्पण करते हैं। इधर, कांवरियों के भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन तैयार है। सुबह से ही भीड पर एसपी और एसडीओ कंट्रोल रूम पर नजर बनाए हुए थे। हालांकि श्रद्धालु शांतिपूर्वक कतार में लग कर जलार्पण कर रहे हैं। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुगमतापूर्वक जलार्पण की संपूर्ण व्यवस्था की। मान्यता है कि सावन के सोमवारी पर शिव भक्त जलार्पण करते हैं तो उनकी हर मांगी मुराद पूरी होती है। इस वजह से सावन में ज्यादा संख्या में शिव भक्त बाबा मंदिर पहुंचते हैं। डीसी अभिजीत सिन्हा ने बताया कि पहली सोमवारी पर हर विभाग को दुरुस्त रखा गया है। किसी भी सूरत में आने वाले श्रद्धालु को परेशान नहीं होगी। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने कहा कि श्रद्धालुओं की भीड को देखते हुए पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। श्रद्धालुओं को कतार में लगा कर जलार्पण कराया जा रहा है।

## भुरकुंडा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना को लेकर माननीय विधायक श्री रोशन लाल चौधरी जी के सराहनीय प्रयासों को मिला जनसमर्थन, क्षेत्रवासियों ने किया सम्मानित...

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।





**बड़कागांवः** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के भुरकुंडा में स्थित केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की दिशा में किए जा रहे प्रयासों को लेकर भारतीय जनता पार्टी के सम्मानित साथियों एवं क्षेत्रवासियों ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक माननीय श्री रोशन लाल चौधरी जी का शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिह्न स्वरूप कलम भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर माननीय विधायक जी ने इसे क्षेत्र की जनता के विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद का प्रतीक बताते हुए सभी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरान माननीय विधायक श्री रोशन लाल चौधरी जी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के देवतुल्य क्षेत्रवासियों से किए गए वादों को पूरा करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के माननीय केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री जी. किशन रेड्डी जी से शिष्टाचार भेंट कर भुरकुंडा में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना के लिए आवश्यक भूमि उपलब्ध कराने सहित इस महत्वपूर्ण जनहित के विषय को प्रमुखता से रखा गया। उन्होंने माननीय केंद्रीय मंत्री जी से आग्रह किया कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से केंद्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र आगे बढ़ाने के लिए सकारात्मक पहल की जाए। विधायक जी ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार शिक्षा के क्षेत्र में इस महत्वपूर्ण मांग पर सकारात्मक विचार करेगी। साथ ही माननीय विधायक श्री रोशन लाल चौधरी जी ने कहा कि क्षेत्रवासियों का यह सम्मान उनके लिए किसी पुरस्कार से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास उनके कंधों पर जिम्मेदारियों को और अधिक बढ़ाता है तथा जनसेवा के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान करता है। इस दौरान माननीय विधायक महोदय जी ने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक की आकांक्षाओं, बेहतर शिक्षा, रोजगार, आधारभूत सुविधाओं, युवाओं के उज्ज्वल भविष्य तथा माताओं-बहनों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए वे हर स्तर पर पूरी निष्ठा, ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ निरंतर प्रयासरत रहेंगे। माननीय विधायक श्री रोशन लाल चौधरी जी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्रवासियों का प्रेम, विश्वास और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी शक्ति है तथा सभी के सहयोग से बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को शिक्षा, विकास और समृद्धि के नए आयामों तक पहुंचाने का संकल्प लगातार आगे बढ़ता रहेगा।

## बुजुर्ग महिला से चेन छिनतई का आरोपित गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

झारखण्ड उजाला, संवाददाता ।



**रांची।** बरियातू थाना क्षेत्र के जोड़ा तालाब स्थित इन्द्रप्रस्थ कॉलोनी में बुजुर्ग महिला से चेन छिनतई के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। क्राइम कंट्रोल को लेकर पुलिस ने हरिहर सिंह रोड स्थित मंडा टांड़ के पास चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर दोनों युवक भागने लगे। पीछा करने पर पुलिस ने एक आरोपित को बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका साथी फरार होने में सफल रहा।गिरफ्तार आरोपित की पहचान प्रवीण कुमार कुमार के रूप में हुई है जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। प्रवीण कुमार के पास से उसके पास से एक सोने जैसा गले का चेन बरामद किया गया।पूछताछ में आरोपित ने खुलासा किया कि घटना में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल दिल्ली से चोरी की गई थी। पुलिस के अनुसार आरोपित और उसके साथी झारखंड के विभिन्न जिलों में घूम-घूमकर चेन छिनतई की घटनाओं को अंजाम देते थे।जांच में इनके जरिये रांची के सदर और लालपुर थाना क्षेत्रों में भी चेन छिनतई की घटनाओं में संलिप्तता सामने आई है। साथ ही, इसी बाइक का इस्तेमाल लुधियाना और मोहाली में भी चेन स्नैचिंग की घटनाओं में किए जाने की जानकारी मिली है।छापेमारी में पुलिस ने अपराधियों के पास से चोरी की एक मोटरसाइकिल और एक सोने का चेन जब्त किया गया है। वहीं फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

# आखिर क्यों पूरा नहीं कर पाते शिक्षा मंत्री अपना कार्यकाल



सुमित कुमार सिंह, स्वतंत्र पत्रकार

मोदी सरकार के कार्यकाल के चारों शिक्षा मंत्रियों में से एक भी अपना विजन लागू करने के लिए स्वतंत्र नहीं था। रणनीतियां ऊपर से बनती थीं। ये जरूर है कि हर मंत्री का उसे लागू करने का तरीका अलग हो सकता है जैसे, स्मृति ईरानी ज्यादा मुखर थीं, जावड़ेकर रणनीतिक चुप्पी वाले व्यक्ति थे। कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन ने भारत की शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा प्रणाली और सरकार की प्राथमिकताओं पर एक नई बहस छेड़ दी है। सवाल सिर्फ.इस्तीफा देने वाले शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान पर नहीं, बल्कि मोदी सरकार के दौरान शिक्षा मंत्रालय की पूरी दिशा को लेकर भी उठ रहे हैं। साल 2014 से केंद्र में सत्ता में आने के बाद से अब तक मोदी सरकार में शिक्षा मंत्री रही स्मृति ईरानी, प्रकाश जावड़ेकर, रमेश पोखरियाल 'निशंक' और धर्मेंद्र प्रधान को अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा किए बिना इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ा।

पांचवा शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी को बनाया गया है, हालांकि जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। मोदी सरकार को तय करना है कि जोशी ही पूर्णकालिक शिक्षा मंत्री रहेंगे या किसी नए चेहरे की तलाश करके उसको स्वतंत्र रूप से शिक्षा मंत्री के पद की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। जोशी भी विवादों में रहे हैं। साल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो गैंग रेप और उनके परिवार के सदस्यों की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे 11 दोषियों की समय से पहले रिहाई पर जब चौतरफा सवाल उठ रहे थे, तब प्रल्हाद जोशी ने इसका बचाव किया था।

सवाल यही है कि आखिरकार कोई भी शिक्षा मंत्री अपना कार्यकाल क्यों नहीं पूरा कर पाया। मोदी सरकार के 12 साल के कार्यकाल में शिक्षा मंत्रालय ही ऐसा प्रमुख मंत्रालय रहा, जिसकी कमान पांच अलग-अलग मंत्रियों ने संभाली वहीं, गृह, विदेश, वित्त, रक्षा और स्वास्थ्य जैसे मंत्रालयों में अपेक्षाकृत स्थिरता बनी रही। शिक्षा, संस्कृति और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (आईएनबी) ऐसे कुछ चुनिंदा मंत्रालय हैं, जिन्हें सॉफ्ट पावर की तरह देखा जाता है और जो संघ की विचारधारा को आगे बढ़ाने के लिए अहम रहे हैं।



यही कारण है कि यहां विवाद ज्यादा हुए और अस्थिरता भी उतनी ही दिखती है। गौरतलब है कि आईएनबी में 12 साल के भीतर सात केंद्रीय मंत्री और संस्कृति मंत्रालय में पांच केंद्रीय मंत्री बने हैं। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में स्मृति ईरानी और प्रकाश जावड़ेकर ने मानव संसाधन विकास मंत्रालय संभाला मोदी के दूसरे कार्यकाल में यह ज़िम्मेदारी रमेश पोखरियाल 'निशंक' को मिली। मगर 2021 में हुए कैबिनेट विस्तार के दौरान धर्मेंद्र प्रधान को केंद्रीय शिक्षा मंत्री बना दिया गया, जिनके इस्तीफे की मांग को लेकर एक महीने तक कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थक जंतर-मंतर पर बैठे रहे और आखिरकार केंद्र सरकार दबाव में आई और प्रधान को इस्तीफा देने को मजबूर होना पड़ा।

नीट परीक्षा के लीक होने का मामला अलग कर दें, तो संघ से जुड़े उन सभी प्रमुख लक्ष्यों को धर्मेंद्र प्रधान बिना शोर-शराबा किए लागू करा पाने में सफल रहे हैं, जिनकी कोशिश उनके पूर्ववर्तियों ने जोर लगाते हुए की और विवादों में फंसते गए। गौरतलब है कि 2014 में बनी पहली मोदी कैबिनेट में धर्मेंद्र प्रधान को पेट्रोलियम मंत्री बनाया गया, फिर मोदी के दूसरे कार्यकाल में वे शिक्षा मंत्री बने और मोदी के तीसरे कार्यकाल में भी यह ज़िम्मेदारी जारी रही। प्रधान के शिक्षा मंत्री रहते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को बढ़ावा मिला। मातृभाषा और कई भाषाओं में शिक्षा को उन्होंने बढ़ावा दिया। मगर तीन-भाषा फॉमूर्ला पर तमिलनाडु राज्य सरकार के साथ लंबे समय तक वे विवाद के केंद्र में भी रहे। विरोधियों ने उन पर राजनीतिक हस्तक्षेप और हिंदी थोपने का आरोप लगाया, जिससे शिक्षा नीति केंद्र बनाम राज्य के विवाद का मुद्दा बन गई।

मोदी सरकार के कार्यकाल के चारों शिक्षा मंत्रियों में से एक भी अपना विजन लागू करने के लिए स्वतंत्र नहीं था। रणनीतियां ऊपर से बनती थीं। ये जरूर है कि हर मंत्री का उसे लागू करने का तरीका अलग हो सकता है जैसे, स्मृति ईरानी ज्यादा मुखर थीं, जावड़ेकर रणनीतिक चुप्पी वाले व्यक्ति थे। मोदी के शासन में शिक्षा विभाग में जो भी नीतियां अपनाई गईं, वे सभी वाम विचारधारा को हटाने के मकसद से लागू हुईं। संघ का मकसद भारत की शिक्षा व्यवस्था से वाम विचारधारा वाली शिक्षा-पद्धति को हटाना है, क्योंकि संघ मानता है कि वे मुगलों के समर्थक रहे हैं। संघ की नजर में, मुगल घुसपैठिए हैं और देश की मुस्लिम आबादी उनकी वंशज है। संघ पर आरोप लगते रहें कि इस एजेंडे को पूरा मोदी सरकार के जरिए कराया जा रहा है।

इसी लक्ष्य को साधने के लिए मोदी सरकार के चार शिक्षा मंत्रियों के चयन का पैमाना रहा है।₹स्मृति ईरानी को छोड़ दें, तो नवनियुक्त शिक्षा मंत्री प्रहलाद जोशी, प्रकाश जावड़ेकर, रमेश पोखरियाल 'निशंक' और धर्मेंद्र प्रधान संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। वाजपेयी के जमाने में भी संघ से आने वाले मुरली मनोहर जोशी को शिक्षा मंत्री बनाया गया था, जो दशार्ता है कि संघ इस मंत्रालय में अपना दखल हमेशा चाहता रहा है। स्मृति ईरानी के साथ उनके नाम पर डिग्री विवाद, जेएनयू विवाद और रोहित वेमुला की आत्महत्या जैसे विवाद जुड़ चुके थे।

स्मृति ईरानी संघ की पृष्ठभूमि से नहीं थीं। नई शिक्षा नीति तैयार करने और उसे लागू करने में देरी से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्मृति से बहुत खुश नहीं था। संघ के संदेशों को समझना आसान नहीं है। संघ शोर-शराबा नहीं करता। यही कारण है कि फिलाहल संघ की पृष्ठभमि वाले प्रकाश जोशी को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार सौंपा गया है। मंत्रालय में स्मृति ईरानी के कार्यकाल के दौरान नई शिक्षा नीति पर काम की शुरूआत हुई। मोदी के कार्यकाल के तीसरे शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' के समय इसे लागू किया गया।

शिक्षा मंत्री रहे निशंक की पहचान संघ से आने वाले एक विद्वान की रही है, जो संघ के मकसद को आगे ले जा सकते थे। हालांकि, अपने अवैज्ञानिक बयानों को लेकर भी वे विवादों में आए। उन्होंने यहां तक कहा कि चरक ऋषि ने अणु-परमाणु की खोज की थी। कोविड के समय जेईई-नीट की परीक्षा कराए जाने की घोषणा के बाद निशंक के खिलाफ काफी ऑनलाइन विरोध हुआ था। विरोध में लोग कोर्ट भी गए, जहां सरकार के पक्ष में फैसला आया। हालांकि, तब बड़ी संख्या में छात्र परीक्षा देने से रह गए, जिसे लेकर विवाद हुआ। उनके समय भी आरोप लगे कि नई शिक्षा नीति के जरिए केंद्र सरकार शिक्षा पर नियंत्रण अपने हाथों में लेने की कोशिश कर रही है, जिसे उन्होंने नकार दिया था।

## आज का राशिफल



स्वामी रत्नेश जी
भारत ज्योतिष शिरोमणि,
नई दिल्ली।

**मेष राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी, जिससे मन में उत्साह रहेगा, लेकिन कार्यक्षेत्र में थोड़ा सरल व समझौतावादी बने रहने का प्रयास करें। सोच समझकर कोई निर्णय लें, तो ही बेहतर होगा। जल्दबाजी में उठाए गए कदम नुकसान पहुंचा सकते हैं। कोई भी नया काम शुरू न करें। परिवार के साथ धर्म ध्यान में समय बिताएं। मित्रों से मुलाकात अच्छी रहेगी।

**वृषभ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम के बावजूद सफलता कम मिलेगी। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखें, अन्यथा किसी विवाद में फंस सकते हैं। परिवारिक समस्याएं परेशान करेंगी। ऐसी स्थिति में पूर्ण विवेक से काम लेना होगा। परिजनों का पूरा सहयोग मिलेगा, लेकिन किसी बात को लेकर बहस होने के आसार रहेंगे, जिससे मानकि परेशानी बढ़ेगी। सेहत अच्छी रहेगी।

**मिथुन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ के योग रहेंगे। किसी महत्वपूर्ण कार्य की सार्थकता के लिए प्रयत्नशील होगा। कठिन परिश्म से रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में सफल रहेंगे। कोई नया काम शुरू करने के लिए दिन अच्छा है। पुराना अटका धन भी मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताएं, मानसिक सुख और शांति मिलेगी। खान-पान का ध्यान रखना होगा।

**कर्क राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार में अड़चनें आएंगी और कार्यों में सफलता कम मिलेगी। संतान संबंधी दायित्वों के प्रति मन चिंतित होगा। भविष्य के प्रति नकारात्मक विचार उत्साह में कमी ला सकते हैं। कोई नया काम शुरू करना चाहते हैं या निवेश की योजना बना रहे हैं, तो उसे टालें, अन्यथा नुकसान हो सकता है। धर्म ध्यान और परिवार के साथ समय बिताएं, सेहत का ख्याल रखें।

**सिंह राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। किसी कार्य को सिद्ध करने के लिए आज ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ तो रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च अधिक होने से आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। मन में किसी प्रकार की शंका न पालें, गलतियों को स्वीकार कर सगे-संबंधियों के बीच अपने रिश्तों को सुधारें। किसी पुराने मित्र या रिश्तेदार से मुलाकात होने पर खुशी मिलेगी।

**कन्या राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार सामान्य रहेगा। अनावश्यक खर्च बढने.से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। नकारात्मक विचारों को त्याग अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग करें। भविष्य को लेकर योजनाएं बना सकते हैं। नये काम की शुरूआत कर रहे हैं, तो दूसरी को सलाह न लें। अपनों से धोखा मिल सकता है। रोजगार और शिक्षा के क्षेत्र में कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**तुला राशि :-** आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में आर्थिक लाभ मिलने के योग रहेंगे। परिश्रम से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी और सृजनात्मक विचारों का भरपूर लाभ उठाएंगे। स्वाभिमानी स्वभाव लोकप्रियता दिलाने में सहायक होगा। बेरोजगार को रोजगार के अवसर और नौकरी में तरक्की मिलने के आसार रहेंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से थकान का अनुभव करेंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**वृश्चिक राशि :-** आज का दिन शुभ रहेगा। कारोबार विस्तार की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कठिन परिश्रम से अपने काम को नई पहचान दिलाएंगे। व्यवसाय में नये निवेश का अवसर मिलेगा। करीबियों से पुराने गिले-शिकवे दूर होंगे। पुरानी बातें भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें, छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार में तनाव की स्थिति पैदा न होने दें। परिवार के साथ समय बिताएंगे। सेहत का ख्याल रखें।

**धनु राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आकस्मिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे। हालांकि, कुछ अड़चनें आ सकती हैं, लेकिन कठिन परिश्रम से कार्यों में सफलता मिलेगी। परिस्थितियों के हिसाब से अपने आप को ढालने की कोशिश करें। परिवार के साथ समय बिताएंगे तो संबंध भी मधुर होंगे। पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। यात्रा को टालें। सेहत अच्छी रहेगी।

**मकर राशि :-** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकते हैं। कोर्ट में कोई पुराना लंबित मामला चल रहा है तो वह सुलझ सकता है। अनावश्यक खर्चे पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार में कलह हो सकती है। खान-पान का ध्यान रखें और क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कुम्भ राशि :-** आज का दिन सामान्य रहेगा। शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में कोई अच्छी खबर मिल सकती है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर मिलने के आसार हैं। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा और उन्हें परिश्रम के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। कारोबार मध्यम रहेगा। परिवार का पूरा सहयोग मिलेगा और घर में माहौल अच्छा रहेगा। सेहत को लेकर सतर्क रहें।

**मीन राशि :-** आज का दिन अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ परेशानियां आ सकती हैं, लेकिन अपनी बुद्धिमत्ता से समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होंगे और उत्साह पूर्वक नई योजनाओं को क्रियान्वित कर सकेंगे। रोजगार और व्यवसाय के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। कारोबार में नए निवेश के अवसर खुलेंगे। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा। सेहत का ध्यान रखें।

# इंडिया-चीन रिश्ता क्या वाकई सुधर रहे हैं? चीन में रह रहे भारतीयों ने चौंकाने वाला सच उजागर किया है!

चीन में रह रहे भारतीयों की शिकायतें और भारत में मीडिया की पहुंच को लेकर चीन की नई मांग यह संकेत देती है कि राजनीतिक स्तर पर संवाद बढ़ने के बावजूद जमीनी स्तर पर विश्वास की कमी अब भी पूरी तरह दूर नहीं हुई है। ऐसे समय में जब भारत और चीन के रिश्तों में सुधार की बातें हो रही हैं, वर्षों बाद सीमा व्यापार फिर से शुरू हुआ है और दोनों देशों के बीच राजनीतिक संवाद भी तेज हुआ है, उसी बीच चीन में रह रहे भारतीयों ने ऐसी शिकायतें सामने रखी हैं, जिन्होंने सबको चौंका दिया है। भारतीयों का कहना है कि चीन के सोशल मीडिया पर भारत और भारतीयों के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री तेजी से बढ़ रही है, भारतीय पेशेवरों को नौकरी के वीजा मिलने में मुश्किलें आ रही हैं और उनके जीवनसाथियों के रोजगार पर भी कई तरह की पाबंदियां हैं। इतना ही नहीं, भारत में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले चीन ने नई दिल्ली से ऐसी मांग भी कर दी है, जिसने दोनों देशों के संबंधों को लेकर एक नई बहस छेड़ दी है।

हम आपको बता दें कि बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने हाल के वर्षों में पहली बार भारतीय समुदाय के साथ 'ओपन हाउस' कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में भारत के राजदूत विक्रम दोरईस्वामी, काउंसलर (कॉन्सुलर, शिक्षा एवं सामुदायिक मामलों) नितिनजीत सिंह और काउंसलर (वीजा) रमेश सिंह ने विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे भारतीयों से सीधे संवाद किया। इस बातचीत में भारतीय समुदाय ने जिन मुद्दों को सबसे प्रमुखता से उठाया, वह भारत-चीन संबंधों के वास्तविक हालात की एक अलग तस्वीर पेश करते हैं। भारतीयों ने शिकायत की कि चीन के सोशल मीडिया मंचों पर भारत, भारतीय संस्कृति और भारतीय खान-पान को लेकर अपमानजनक और भड़काऊ सामग्री तेजी से बढ़ रही है। उनका कहना था कि यह केवल ऑनलाइन ट्रोलिंग का मामला नहीं है, बल्कि इससे चीन में रह रहे भारतीयों के सामाजिक माहौल और सुरक्षा की भावना पर भी असर पड़ रहा है। इसके अलावा भारतीय पेशेवरों को नौकरी के लिए वर्क वीजा मिलने में लगातार कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कई लोगों ने यह भी बताया कि उनके जीवनसाथियों को रोजगार की अनुमति नहीं मिलने से परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक और सामाजिक चुनौतियां खड़ी हो रही हैं। कुछ लोगों ने दूतावास से जुड़ी काउंसलर सेवाओं में आने वाली व्यावहारिक परेशानियों का मुद्दा भी उठाया।

राजदूत विक्रम दोरईस्वामी ने इन चिंताओं को गंभीर बताते हुए कहा कि चीन सरकार स्वयं भी सोशल मीडिया पर बढ़ती भारत-विरोधी सामग्री को लेकर चिंतित है और इस दिशा में कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय दूतावास भी गलत सूचनाओं और दुष्प्रचार का मुकाबला तथ्य आधारित जानकारी साझा करके कर रहा है। इसके साथ ही दूतावास भारतीय संस्कृति, खान-पान और विविधता को बेहतर ढंग से प्रस्तुत करने के लिए वसंत मेला जैसे लोकप्रिय सांस्कृतिक आयोजनों का दायरा बढ़ाने की योजना बना रहा है ताकि चीन में भारत



की सकारात्मक छवि और मजबूत हो सके।

दोरईस्वामी ने यह भी बताया कि भारतीय पेशेवरों को रोजगार संबंधी विवादों में कानूनी सहायता उपलब्ध कराने के लिए दूतावास वकीलों और कानूनी विशेषज्ञों का एक सहयोगी नेटवर्क तैयार कर रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि भारतीयों की समस्याओं के समाधान के लिए ऐसे 'ओपन हाउस' कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। वहीं, चीन के नागरिकों के लिए भारतीय वीजा प्रक्रिया को भी और सरल बनाने की तैयारी की जा रही है ताकि दोनों देशों के बीच लोगों का आवागमन बढ़ सके। दूसरी ओर, भारत में सितंबर में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले चीन की एक और पहल ने नई कूटनीतिक चर्चा को जन्म दे दिया है। जानकारी के अनुसार, चीनी दूतावास ने भारत सरकार के समक्ष यह चिंता जताई है कि फालुन गोंग और तिब्बती समुदाय से जुड़े मीडिया संगठनों को सम्मेलन के दौरान सीमित पहुंच दी जाए। चीन नहीं चाहता कि ऐसे मीडिया संस्थानों को उसके प्रतिनिधिमंडल से सवाल पूछने या सम्मेलन के मीडिया कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिले।

हम आपको बता दें कि फालुन गोंग चीन में प्रतिबंधित आध्यात्मिक संगठन है और उससे जुड़े कई मीडिया संस्थान, जैसे 'द एपॉक टाइम्स', चीन की नीतियों के आलोचक रहे हैं। इसी तरह भारत में बड़ी संख्या में तिब्बती शरणार्थी रहते हैं और धर्मशाला सहित कई स्थानों से तिब्बती समुदाय के अपने मीडिया संस्थान संचालित होते हैं। भारत अब तक इन संगठनों को देश के कानूनों के दायरे में स्वतंत्र रूप से काम करने की अनुमति देता रहा है। ऐसे में चीन की यह मांग केवल मीडिया प्रबंधन का मुद्दा नहीं, बल्कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की कसौटी के रूप में भी देखी जा रही है। हम आपको यह भी बता दें कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत आने की संभावना जताई जा रही है। यदि यह यात्रा होती है तो जिनपिंग सात साल बाद भारत की धरती पर होंगे। उल्लेखनीय है कि 2020 के गलवान संघर्ष के बाद दोनों देशों के संबंध बेहद तनावपूर्ण हो गए थे, लेकिन अक्टूबर 2024 में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के विवादित क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी पर सहमति बनने के बाद रिश्तों में धीरे-धीरे सुधार शुरू हुआ।

# बेबसी के मारे

गरीब परिवारों को सौ दिन के रोजगार की संवैधानिक गारंटी दी गई है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की जिंदगी अब भी किसी जुए से कम नहीं। दो वक्त की रोटी के लिए उन्हें न जाने कहां-कहां भटकना पड़ता है, फिर भी निश्चिंतता कहीं नहीं कि बदहाली से उन्हें मुक्ति मिलेगी ही। ओड़ीशा के कालाहांड़ी के तीन मजदूरों की कहानी इसकी ताजा कड़ी है। वे इस आस में बंगलुरु गए थे कि वहां मेहनत करके कुछ पैसे कमाएंगे और अपने परिवार का पेट भर पाएंगे। मगर उन्हें लौटना पड़ा खाली हाथ। जिस व्यक्ति ने उन्हें काम पर लगाया था, मजदूरी मांगने पर वह उन्हें मारता-पीटता था। दो महीने काम करने के बाद भी मजदूरी नहीं मिली और जिल्लत मिलती रही, तो उन्होंने घर वापसी का फैसला किया। हाथ में पैसे नहीं थे, खाने को कुछ था नहीं। वे बंगलुरु से खाली हाथ चल पड़े अपने गांव और सात दिन लगातार चलते हुए भूखे-प्यासे अपने घर पहुंचे। इन मजदूरों की कहानी इसलिए लोगों के सामने आ सकी कि वे पैदल चलते हुए घर पहुंचे। वरना इन जैसे न जाने कितने मजदूर ऐसे हैं, तो हाड़तोड़ मेहनत करने के बाद भी मजदूरी को हाथ पसारते-पसारते थक जाते हैं और जिल्लत उठाने को मजबूर होते हैं। इनकी सुनवाई कहीं नहीं होती।

संगठित और सरकारी क्षेत्रों में रोजगार की कमी और पढ़े-लिखे बेरोजगारों का आंकड़ा तो समय-समय पर सामने आता रहता है, मगर हमारे देश में लाखों ऐसे मजदूरों का कोई ठीक-ठीक हिसाब-किताब नहीं, जो असंगठित क्षेत्र में मजदूरी करते हैं। वे किसी ईंट भट्ठे पर, किसी बनती हुई इमारत में, कहीं सड़क पर मिट्टी ढोने वगैरह के काम तलाशते फिरते हैं। गांवों से बहुत सारे लोग इस उम्मीद में शहरों का रुख करते हैं कि वहां उन्हें गुजारे लायक काम मिल जाएगा। मगर वहां भी उन्हें कम दुश्वारियां नहीं झेलनी पड़तीं। शहरों के हर लेबर चौराहे पर सुबह-सुबह मजदूरों का हुजूम खड़ा होता है, मगर उनमें से कुछ को ही काम मिल पाता है। जो ठेकेदार उन्हें काम पर लगाते हैं, उनकी दबंगई ऐसी कि पैसा समय पर कभी नहीं देते, बल्कि मजदूरों का पैसा मारने की फिराक में अधिक रहते हैं।

ऐसे ही ठेकेदार के शोषण का शिकार हुए कालाहांडी के ये तीनों मजदूर। ऐसे ठेकेदारों के खिलाफ कार्रवाई का कोई व्यवस्थित तंत्र कहीं नहीं है, जहां मजदूर सीधे गुहार लगा सकें। वैसे भी गरीब अनपढ़ मजदूर पुलिस के सामने पड़ने से बचते हैं, वे शिकायत करने भला कहां जाते। मगर इससे भी दारुण कथा यह है कि इन मजदूरों को सरकारें कम नहीं छलतीं। कालाहांडी की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। मगर ओड़ीशा सरकार वहां के लोगों के लिए क्या करती है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वहां से लोगों को सैकड़ों मील दूर रोजगार की तलाश में भटकना पड़ता है। किसी परिवार को अपना नवजात शिशु बेच कर पेट भरने का इंतजाम करना पड़ता है। गरीब परिवारों को सौ दिन के रोजगार की संवैधानिक गारंटी दी गई है। मगर इसके लिए शुरू की गई मनरेगा योजना में पैसे की कमी और अनियमितता के बीच मजदूर पचास दिन का काम और पैसा भी पा जाएं तो वे खुद को खुशकिस्मत समझते हैं। अगर इन श्रमिकों को स्थानीय स्तर पर ही गुजारे लायक काम मिल जाता, तो उन्हें इस कदर दर-दर तो न भटकना पड़ता। ओड़ीशा सरकार के पास शायद ही इस सवाल का जवाब हो कि क्यों वहां के लोगों को ऐसी जिल्लत उठानी पड़ती है।

# आवारा कुत्तों की भयावह समस्या पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला- लेकिन जिम्मेदारी तय किए बिना कैसे बनेगी बात?

लेकिन क्या इससे देश के आम नागरिकों को खुश होना चाहिए? क्या इससे देश में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों - खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत मिल पाएगी? यह इतना भी आसान नहीं है। जब तक किसी खास अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी तब तक इस समस्या का निदान नहीं हो सकता है। देश की सर्वोच्च अदालत ने आवारा कुत्तों की नसबंदी और दूसरी जगह भेजने के अपने पहले के आदेश को वापस लेने के लिए दायर की गई सभी याचिकाओं को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने डॉग लवर्स की याचिकाओं को खारिज करते हुए कहा कि यह अदालत देश भर में कुत्ता काटने की घटनाओं की अनदेखी नहीं कर सकती है। इसका सबसे ज्यादा शिकार बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग हुए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त शब्दों में अपने पहले के आदेश की फिर से याद दिलाते हुए कहा कि सड़क के कुत्तों पर 7 नवंबर, 2025 को दिया गया उनका आदेश ही लागू होगा। इन आदेशों को लागू करने वाले अधिकारियों को कानूनी सुरक्षा दी जाए और जो अधिकारी इनका पालन न करे, उन पर विभागीय और अवमानना की कार्यवाही की जा सकती है।

लेकिन क्या इससे देश के आम नागरिकों को खुश होना चाहिए? क्या इससे देश में आवारा कुत्तों से परेशान लोगों - खासकर बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को राहत मिल पाएगी? यह इतना भी आसान नहीं है। जब तक किसी खास अधिकारी की जिम्मेदारी तय नहीं की जाएगी तब तक इस समस्या का निदान नहीं हो सकता है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद व्यवहारिक स्थिति तो यही है कि ज्यादातर राज्य सरकारें और जिला प्रशासन इसे गंभीरता से लेती नजर नहीं आ रही है। इसलिए इस आदेश को लागू करने के लिए हर जिले में जिलाधिकारी यानी सीधे उट को ही जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट के नवंबर में दिए गए आदेश के 6 महीने बीत जाने के बावजूद हालत यह है कि देश की राजधानी दिल्ली का नगर निगम - टउऊ कुत्तों को रखने के लिए एक डॉग सेंटर तक तैयार नहीं कर पाई है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की सरकार ने यह आदेश जारी कर दिया है कि जो कुत्ता एक से अधिक बार लोगों को काट चुका हो, उसे सार्वजनिक स्थानों पर नहीं छोड़ा जाएगा लेकिन दिल्ली से सटे गाजियाबाद समेत राज्य के कई जिलों में भी अभी भी जरूरी डॉग सेंटर का निर्माण फाइल्स में ही अटका पड़ा है। क्या इस तरह की लापरवाही और लेट-लतीफी के लिए जिलों के उट को जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए?

समय आ गया है कि हर जिले, हर राज्य और सबसे ऊपर सीधे सुप्रीम कोर्ट को अपनी निगरानी में एक टोल फ्री नंबर जारी करना चाहिए जिस पर कॉल करने वाले हर व्यक्ति को तुरंत उनकी शिकायत का एक नंबर भी अलॉट कर देना चाहिए। अगर सुप्रीम कोर्ट चाहे तो टोल फ्री नंबर पर बैठने वाले अदालत के स्टॉफ का खर्चा भी लोगों से ले सकता है और इसके लिए प्रति कॉल 3 से 5 रुपए की राशि भी फिक्स की जा सकती है लेकिन हर कॉल का उचित फॉलोअप सुनिश्चित करना बहुत जरूरी है। इस काम को युद्धस्तर पर करने की जरूरत है क्योंकि भारत में आवारा कुत्तों के काटने की समस्या दिन-प्रतिदिन भयावह होती जा रही है। वैसे तो देश में कुत्तों द्वारा काटने के सारे आंकड़े दर्ज नहीं करवाए जाते हैं लेकिन जो भी आंकड़े दर्ज होते हैं, उसके मुताबिक वर्ष 2024 में हर मिनट पर डॉग बाइट के 7, हर घंटे में 430, रोजाना 10,321 , हर महीने 3,09,643 और वर्ष भर में 37,15,713 मामले दर्ज किए गए हैं। यानी सरकार भी यह मान रही है कि एक साल में 37 लाख से भी ज्यादा लोग कुत्तों के काटने का शिकार बनते हैं। वहीं वर्ष 2025 में कुत्तों के काटने की संख्या 47 लाख से भी ज्यादा बताई



# बिहार में पुलिस वर्दी पहनकर ठगी! नोट डबल करने का झांसा देकर लूटते थे, मोतिहारी पुलिस ने 9 दबोचे



एजेंसी

**मोतिहारी:** बिहार के पूर्वी चंपारण जिले की मुफ्फसिल थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए जाली नोट के कारोबार और नोट डबल गैंग का भंडाफोड़ किया है. पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना समेत 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में बिहार पुलिस का एक बर्खास्त बीएमपी जवान और दो बर्खास्त होमगार्ड जवान भी शामिल हैं. कार्रवाई के दौरान जाली नोट, हथियार, पुलिस वर्दी, मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं.

**मोतिहारी में नोट डबल गैंग का खुलासा :** मुफ्फसिल थाना पुलिस के अनुसार 28 जुलाई 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार पुलिस से बर्खास्त सिपाही बिदुर सहनी इस पूरे गिरोह का मुख्य सरगना है. सहनी अपने साथियों के साथ जाली नोट के कारोबार, ठगी और हथियार के बल पर लूटपाट जैसी वारदातों को अंजाम देता है. सूचना के आधार पर वरीय अधिकारियों के निर्देश पर विशेष टीम का गठन किया गया.

**9 गिरफ्तार, बर्खास्त जवान भी शामिल :** सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया. टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के कुवांरी देवी चौक पर छापेमारी की. इस दौरान मुख्य आरोपी बिदुर सहनी को उसके दो सहयोगी आकाश कुमार और प्रदीप कुमार जयसवाल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया. तीनों के पास से जाली नोट और नकद राशि बरामद की गई.

**बासमनपुर गांव में पुलिस की छापेमारी :** पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने बासमनपुर गांव में गिरोह के अन्य सदस्यों के ठिकानों पर छापेमारी की. यहां से पुलिस ने राम प्रवेश भगत, कुंदन कुमार और चंदेश्वर गिरी को गिरफ्तार किया. कुंदन कुमार के घर से एक देशी कट्टा और एक जिंदा कारतूस भी जब्त किया गया, जबकि अमिरी पंडित के घर से पुलिस वर्दी के तीन पैंट, दो शर्ट और एक बेल्ट बरामद किए गए.

**घर में छापे जा रहे थे जाली नोट :** छापेमारी के दौरान पुलिस ने घर से जाली नोट और सादे नोटों के बंडल बरामद किए. पुलिस ने गिरोह के पास से 34 हजार रुपये नकद, 'चिल्ड्रेन बैंक ऑफ इंडिया'' अंकित 500 रुपये के नोट जैसे दिखने वाले चार लाख रुपये के जाली नोट, 200 और 100 रुपये के नोट के आकार में कटे सादे कागज, आठ मोबाइल फोन और तीन मोटरसाइकिल भी जब्त की हैं.

**क्या बोली पुलिस? :** मुफ्फसिल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि, यह गिरोह लोगों को रुपये दोगुना या तीन गुना करने का लालच देकर जाली नोट थमाता था और कई मामलों में पुलिस की वर्दी में हथियार का भय दिखाकर ठगी और लूटपाट की घटनाओं को भी अंजाम देता था. पुलिस का मानना है कि इस गिरोह के तार अन्य जिलों से भी जुड़े हो सकते हैं.

# 6 हजार करोड़ का स्टील प्लांट, बिहार के गयाजी में रोजगार और निवेश को मिलेगी रफ्तार

एजेंसी




**पटना:** बिहार के गयाजी जिले में एक बड़े एकीकृत इस्पात उद्योग की स्थापना होने जा रही है. इसके लिए बिहार सरकार के उद्योग विभाग तथा महाशक्ति ग्रुप के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता (MoU) साइन किया गया है. यह समझौता गुरुवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की मौजूदगी में लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान हुआ.

**लागत और उत्पादन क्षमता:** इस पूरी परियोजना की कुल प्रस्तावित लागत 6 हजार करोड़ रुपये है. गया जी जिले में स्थापित होने वाले इस प्लांट की तैयार इस्पात उत्पादन क्षमता 1.0 से 1.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (MTPA) होगी. मुख्यमंत्री ने बताया कि इस इस्पात परियोजना के स्थापित होने से स्थानीय स्तर पर बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे. इसके साथ ही सहायक एवं लघु उद्योगों को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्राप्त होगी.

**जल्द ही स्वीकृत होंगे प्रस्ताव?:** मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बिहार इंडस्ट्रियल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (BIADA), उद्योग विभाग एवं निवेशक संस्थानों के समन्वित प्रयासों से यह परियोजना निर्धारित समय सीमा में आगे बढ़ेगी. सरकार निवेशकों को जमीन उपलब्ध कराने के साथ कई अन्य सुविधाएं भी दे रही है. हाल ही में सरकार ने एक बिल भी पास किया है, जिसके तहत निवेश के प्रस्ताव 30 दिन में ही स्वीकृत किए जाएंगे.

**कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी:** इस कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव लोकेश कुमार सिंह, उद्योग विभाग के सचिव कुंदन कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव संजय कुमार सिंह, उद्योग विभाग के निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता, अन्य पदाधिकारीगण एवं महाशक्ति ग्रुप के अनमोल लोढ़ा और विष्णु नाथ सहित ग्रुप के कई पदाधिकारी उपस्थित थे.

# नेपाल के सुनसरी में कांवरिया की मौत के बाद जनकपुरधाम में कर्फ्यू, बिहार के सीमावर्ती इलाकों में अलर्ट

एजेंसी



**सीतामढ़ी:** पड़ोसी देश नेपाल के सुनसरी जिले के कप्तानगंज में कांवरिया जत्थे पर हुए हमले और गोलीबारी में एक कांवरिया की मौत के बाद तनाव गहरा गया है. विरोध प्रदर्शन के उग्र होने पर सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे, जबकि जिला प्रशासन ने हालात को देखते हुए जनकपुरधाम नगर क्षेत्र में गुरुवार दोपहर तीन बजे से अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया. इस घटनाक्रम का असर भारत-नेपाल सीमा से सटे बिहार के सीतामढ़ी समेत कई इलाकों में भी महसूस किया जा रहा है.

**बिहार के सीमावर्ती इलाकों पर असर:** जनकपुरधाम भारत-नेपाल सीमा के बेहद पास स्थित है और इसका सीधा संपर्क बिहार के सीतामढ़ी समेत कई सीमावर्ती क्षेत्रों से है. ऐसे में वहां की स्थिति पर भारतीय सुरक्षा एजेंसियां भी नजर बनाए हुए हैं. सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बीच भी नेपाल की मौजूदा स्थिति को लेकर चर्चा बनी हुई है, हालांकि भारतीय क्षेत्र में सामान्य स्थिति है.

**भारत से सटे इलाकों में कर्फ्यू का कारण:** बिहार की सीमा से सटे हुए नेपाल के जिले पर्सा, धनुषा, सुनसरी और सिराहा व्यापारिक तौर पर बेहद संवेदनशील हैं. जिसकी वजह से प्रशासन ने हिंसा को फैलने से रोकने के लिए कर्फ्यू और प्रतिबंध लागू किया है. इसके तहत बिरगंज में पांच या उससे ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने, धरना, रैली या सार्वजनिक सभाओं को करने पर रोक लगाई गई है.

**नेपाल में व्यापक विरोध प्रदर्शन:** घटना के विरोध में गुरुवार को जनकपुरधाम में व्यापक विरोध प्रदर्शन देखने को मिला. प्रदर्शन में हिंदू सम्राट सेना, नेपाल हिंदू स्वयं सेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, साधु-संतों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए. प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर और झंडे लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की.

**जनकपुरधाम की सड़कों पर उतरा जनसैलाब:** सुबह से ही जनकपुरधाम के प्रमुख चौराहों और बाजारों में लोगों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई. जानकी चौक, राम चौक, जनक चौक और कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर टायर जलाए और सरकार के खिलाफ जोरदार नारे लगाए. प्रदर्शनकारियों का कहना था कि धार्मिक यात्रा पर निकले कांवरियों पर हमला बेहद गंभीर घटना है और इसके दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए.

**प्रदर्शन उग्र होने पर पुलिस ने किया बल प्रयोग:** दोपहर तक प्रदर्शन का स्वरूप और उग्र हो गया. कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई. हालात बिगड़ते देख जिला प्रशासन धनुषा ने अतिरिक्त पुलिस बल और सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की. जब भीड़ को नियंत्रित करना मुश्किल होने लगा तो सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े. इसके बाद कुछ समय के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया.

**जनकपुरधाम में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू:** स्थिति लगातार तनावपूर्ण बनी रहने के कारण जिला प्रशासन धनुषा ने गुरुवार दोपहर तीन बजे से जनकपुरधाम नगर क्षेत्र में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया. प्रशासन ने लोगों से घरों में रहने और बिना अनुमति बाहर नहीं निकलने की अपील की है. कर्फ्यू के बाद शहर के प्रमुख बाजार, सड़कें और सार्वजनिक स्थल लगभग पूरी तरह खाली हो गए. सुरक्षा एजेंसियां लगातार गश्त कर रही हैं और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है.

**प्रशासन ने लोगों से की शांति की अपील:** नेपाल प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और शांति बनाए रखने की अपील की है. अधिकारियों का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी. साथ ही प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की हिंसा या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

## संक्षिप्त खबरें

### लबालब धान के खेत में उतरीं वैशाली डीएम, खुद किया श्रीविधि तकनीक से रोपाई



**वैशाली :** बिहार की वैशाली जिला पदाधिकारी वर्षा सिंह धान की रोपनी करने खुद खेत में उतर गईं. इस दौरान उन्होंने धान रोपनी कर रहीं महिलाओं के साथ मिलकर धान का बिचड़ा रोपने लगीं. डीएम वर्षा सिंह इस दौरान धान रोप रहीं महिलाओं के साथ बातचीत भी की. बिदुपुर प्रखंड अंतर्गत शहदुल्लापुर धोबौली पंचायत के खजवत्ता ग्राम स्थित किसान उमेश राय के प्राकृतिक खेती मॉडल वाले खेत में पहुंचीं. इस दौरान उन्होंने स्वयं खेत में उतरकर श्रीविधि पद्धति से धान की रोपनी की तथा कृषि कार्यों का निरीक्षण किया. जिला पदाधिकारी की इस पहल से उपस्थित किसानों में विशेष उत्साह देखने को मिला. इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने किसानों से आत्मीय संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, कृषि संबंधी आवश्यकताओं तथा प्राकृतिक खेती के अनुभवों की जानकारी ली. उन्होंने कहा कि कृषि वैशाली जिले की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है तथा किसानों की आय में वृद्धि जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है. वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने किसानों से समय पर धान रोपनी करने, उन्नत एवं प्रमाणित बीजों का उपयोग करने, वैज्ञानिक कृषि तकनीकों को अपनाने तथा प्राकृतिक खेती को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान किया. जिला पदाधिकारी ने कहा कि- "प्राकृतिक खेती केवल खेती की एक पद्धति नहीं, बल्कि मिट्टी, जल, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य की सुरक्षा का प्रभावी माध्यम है. इससे रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों पर निर्भरता कम होती है, उत्पादन लागत घटती है तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण एवं टिकाऊ कृषि उत्पादन प्राप्त होता है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्राकृतिक खेती कृषि क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बनेगी."उन्होंने कृषि विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ते हुए उन्हें तकनीकी मार्गदर्शन, प्रशिक्षण एवं विभागीय योजनाओं का लाभ समय पर उपलब्ध कराया जाए. जिलाधिकारी के इस पहल की चर्चा अब जिले भर में हो रही है.

### पटना में 70 लाख की शराब जब्त, यूपी से लाई जा रही थी.. हरियाणा के दो तस्कर गिरफ्तार




**पटना:** विदेशी शराब तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उत्पाद पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है. उत्पाद पुलिस ने पटना-गया NH-22 पर नदौल उत्पाद पुलिस चौकी के पास घेराबंदी कर 70 लाख रुपये कीमत की भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त की है. यह कार्रवाई गुरुवार देर रात पटना-गया NH-22 पर नदौल चेकपोस्ट के पास की गई. उत्पाद अधीक्षक निशांत कुमार के नेतृत्व में टीम ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया. उत्पाद पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि शराब से लदा एक बड़ा कंटेनर इसी रास्ते से गुजरने वाला है. सूचना के आधार पर नदौल उत्पाद पुलिस चौकी के पास नाकेबंदी की गई. दूर से ही पुलिस को देखकर तस्कर गाड़ी लेकर भागने लगे. इसके बाद पुलिस टीम ने पीछा कर कंटेनर को पकड़ा और मौके से दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया. जिसकी पहचान सुनील कुमार (पिता रघुवीर सिंह, उम्र 35 वर्ष, निवासी सिसवाला, थाना रावलवास कुर्द) और सतीश कुमार (पिता सिसुपाल, उम्र 42 वर्ष, निवासी मांगली, थाना मांगली) के रूप में हुई है. ये दोनों आरोपी जिला हिसार, हरियाणा के रहने वाले हैं. पुलिस ने मौके से एक बड़ा TATA DCM कंटेनर (ट्रक) जब्त किया है. जांच करने पर ट्रक से कुल 590 कार्टन शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 5659.800 लीटर है. इसमें 441 कार्टन विदेशी शराब (3871.80 लीटर) और 149 कार्टन बियर (1788 लीटर) शामिल है. सभी अलग-अलग ब्रांड की शराब है. पूछताछ के दौरान दोनों तस्करों ने स्वीकार किया कि वे शराब की यह बड़ी खेप कानपुर से लेकर हाजीपुर डिलीवरी करने जा रहे थे. उत्पाद पुलिस ने ट्रक, शराब और अन्य सामान को जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है. उत्पाद विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस धंधे से जुड़े पूरे नेटवर्क की कड़ी से कड़ी जोड़ी जा रही है और आगे भी इस तरह का अभियान जारी रहेगा.

### मुजफ्फरपुर में सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल की मौत, किराए के कमरे से शव बरामद



**मुजफ्फरपुर:** बिहार के मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र स्थित ब्राह्मणटोली में 45 वर्षीय सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल मनीष कुमार सिसका का शव उनके किराए के कमरे से संदिग्ध परिस्थितियों में मिला. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और एफएसएल टीम को बुलाकर जांच शुरू कर दी. मनीष कुमार सिस्का खगड़िया जिले के गोगरी जमालपुर गांव के मूल निवासी थे. पिछले लगभग एक महीने से वे अपनी पत्नी और तीन बेटियों के साथ ब्राह्मण टोली में एक सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के घर में किराए पर रह रहे थे. उनके भाई भी शहर के किसी अन्य इलाके में किराए पर रहते हैं.परिवार के अनुसार घटना से कुछ देर पहले मनीष बच्चों को स्कूल से घर लाए थे. इसके बाद वे अपने कमरे में आराम करने चले गए और पत्नी से चाय बनाने को कहा. जब पत्नी चाय लेकर कमरे में पहुंची तो उन्हें बिस्तर पर बेहोश अवस्था में पाया. जांच करने पर सांसें रुक हुई मिली. मनीष के भाई ने पुलिस को बताया कि उनके भाई का किसी से कोई झगड़ा या दुश्मनी नहीं थी. उन्होंने यह भी बताया कि ₹पुलिस के पहुंचने से पहले परिवार के सदस्यों ने शव को नीचे उतार लिया था और कमरे को साफ भी कर दिया था.कि शुरूआती जांच में गले पर फंदे के निशान मिले हैं. इसलिए प्रथम दृष्टि में फंदे से लटकने की संभावना दिख रही है. हालांकि मौत का सही कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है. पुलिस ने घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम भी बुलाई है. टीम ने मौके से जरूरी सबूत एकत्र किए. इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए श्री कृष्ण मेमोरियल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया.

# श्रावणी मेले में शिव भक्तों के लिए नि:शुल्क इलाज-दवा और एम्बुलेंस, चौबीसों घंटे उपलब्ध रहेगी चिकित्सा सुविधा

एजेंसी



**पटना:** श्रावणी मेले के दौरान लाखों कांवरियों और श्रद्धालुओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बिहार स्वास्थ्य विभाग ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं. विभाग ने मेला अवधि में राज्य के 16 जिलों में विशेष स्वास्थ्य शिविर संचालित करने का फैसला किया है, जहां श्रद्धालुओं को चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधा उपलब्ध रहेगी.

**16 जिलों में विशेष स्वास्थ्य शिविर:** स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों, नर्सिंगकर्मियों, पैरामेडिकल स्टाफ, एम्बुलेंस और आवश्यक दवाओं की पर्याप्त व्यवस्था की गई है. बांका, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, मुजफ्फरपुर, सारण, वैशाली, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, जहानाबाद, लखीसराय, रोहतास, मधुबनी, मधेपुरा, समस्तीपुर और सिवान जिले में विशेष मेडिकल कैंप स्थापित किए गए हैं.

**श्रद्धालुओं को चौबीसों घंटे चिकित्सा सुविधा मिलेगी:** इन शिविरों में श्रद्धालुओं को 24 घंटे प्राथमिक उपचार, चिकित्सकीय परामर्श, रक्तचाप और रक्त शर्करा की जांच, आवश्यक दवाओं का निःशुल्क वितरण तथा जरूरत पड़ने पर बेड की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी. किसी भी आपात स्थिति में मरीजों को 102 एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से तत्काल अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था भी रहेगी. विशेष सतर्कता बरतने के निदेर्शः श्रावणी मेले को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने खाद्य सुरक्षा को लेकर भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं. मेला क्षेत्र में खाद्य सामग्री बेचने वाले दुकानदारों और होटल संचालकों को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) के मानकों का पालन करने को कहा गया है. विभाग ने साफ-सफाई बनाए रखने, स्वच्छ पानी का उपयोग करने, भोजन को ढककर रखने और गीले एवं सूखे कचरे का अलग-अलग निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं, ताकि खाद्यजनित बीमारियों की आशंका को कम किया जा सके.

**क्या बोले स्वास्थ्य मंत्री?:** विभागीय मंत्री निशांत कुमार ने श्रावणी मेला के अवसर पर देश-विदेश से बाबा भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए आने वाले सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित और सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है. उन्होंने कहा कि पूरे श्रावणी मेला के दौरान स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी रखेगा, ताकि श्रद्धालुओं को समय पर उपचार और आवश्यक चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके.

# दहेज के लिए पत्नी को जिंदा जलाने वाले पति को उम्रकैद, चार साल बाद परिवार को मिला इंसाफ

एजेंसी




**मुंगेर:** बिहार के मुंगेर में चार साल पुराने चर्चित दहेज हत्या मामले में कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए पत्नी को जिंदा जलाकर हत्या करने वाले पति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक गुप्ता की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद के साथ 25 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है.अदालत ने दहेज प्रताड़ना के आरोप में आरोपी को तीन वर्ष के कारावास की अलग से सजा भी सुनाई है. अदालत ने इस फैसले के बाद मृतका के परिजनों ने कहा कि, "चार वर्षों के लंबे कानूनी संघर्ष के बाद आखिरकार उन्हें न्याय मिला है."

**क्या है पूरा मामला?:** यह मामला मुंगेर जिले के धरहरा थाना क्षेत्र के मानगढ़ गांव का है, जहां वर्ष 2021 में दहेज की मांग को लेकर विवाहिता खुशबू देवी को कथित रूप से जिंदा जलाकर मार दिया गया था. मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने उपलब्ध साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर आरोपी पति संजीत कुमार को दोषी ठहराते हुए कड़ी सजा सुनाई.

**1 जुलाई 2026 को पीएमसीएच में मौत :** घटना में खुशबू देवी गंभीर रूप से झुलस गई थीं. उन्हें पहले स्थानीय स्तर पर इलाज के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (पीएमसीएच) भेजा गया, जहां इलाज के दौरान 1 जुलाई 2021 को उनकी मौत हो गई.

**अहम सबूत.. खुशबू देवी बयान :** सबसे महत्वपूर्ण साक्ष्य के रूप में अदालत के समक्ष खुशबू देवी का फर्द बयान (डाइंग डिक्लेरेशन) प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से अपने पति संजीत कुमार को आग लगाकर हत्या करने का जिम्मेदार बताया था. इसी बयान के आधार पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया और पर्याप्त साक्ष्य जुटाने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया.

**दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट का फैसला :** दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश आलोक गुप्ता ने आरोपी को आजीवन कारावास और 25 हजार रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई. साथ ही दहेज प्रताड़ना के मामले में तीन वर्ष के कारावास का भी आदेश दिया.

**'चार साल की लड़ाई के बाद मिला न्याय' :** फैसले के बाद मृतका के भाई सोहन कुमार ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया. उन्होंने बताया कि, खुशबू देवी की शादी घटना से करीब दो वर्ष पहले संजीत कुमार से हुई थी. शादी के बाद परिवार को पता चला कि आरोपी की पहले भी एक शादी हो चुकी थी, जिसकी पत्नी की मृत्यु हो गई थी. इतना ही नहीं, खुशबू की शादी के बाद भी उसने दूसरी महिला से विवाह कर लिया था

# बिहार में फर्जी डीटीओ गिरफ्तार, ट्रैक्टर चालकों से वसूली के दौरान भंडाफोड़

एजेंसी



**पूर्णिया:** बिहार के पूर्णिया जिले से जालसाजी और अवैध वसूली का एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है. यहां एक युवक खुद को जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) और कभी परिवहन कार्यालय का बड़ा कर्मचारी बताकर सरेआम गाड़ियों से पैसे वसूल रहा था. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है.

**सीमाई इलाके में चल रहा था खेल:** यह पूरा मामला पूर्णिया के के नगर थाना और मधुबनी थाना क्षेत्र की सीमा पर स्थित भूटाहा मोड़ के पास का है. आरोपी युवक पिछले कई दिनों से इसी इलाके को अपना ठिकाना बनाकर वहां से गुजरने वाले कमर्शियल वाहनों को निशाना बना रहा था. वह खुद को बड़ा अफसर बताकर धौंस जमाता था.

**ओवरलोडिंग के नाम पर वसूली:** एक चालक ने बताया कि ये युवक मुख्य रूप से ट्रैक्टरों को ही अपना शिकार बनाता था. वह चालकों को डराता था कि उनके ट्रैक्टर पर तय सीमा से ज्यादा माल (ओवरलोडिंग) लदा हुआ है. चालान काटने और गाड़ी सीज करने की धमकी देकर वह चालकों से मोटी रकम वसूल रहा था.

**इस वजह से ट्रैक्टर चालकों को हुआ शकः** युवक का यह खेल तब खत्म हुआ जब करीब दो दर्जन ट्रैक्टर चालकों को उसकी हरकतों पर गहरा शक हुआ. चालकों ने आपस में बात की कि इतनी कम उम्र का युवक आखिर परिवहन विभाग का इतना बड़ा पदाधिकारी कैसे हो सकता है. सबसे बड़ा शक इस बात पर हुआ कि अगर वह जांच अधिकारी है, तो उसके साथ कोई पुलिस की टीम या सुरक्षाकर्मी क्यों नहीं है.

**चालकों ने घेराबंदी कर पकड़ा:** इसी शक के आधार पर दर्जनों ट्रैक्टर चालकों ने एकजुट होकर भूटाहा मोड़ के पास जालसाज युवक को घेर लिया. चालकों ने जब उससे कड़ाई से पूछताछ की, तो वह सही जवाब नहीं दे पाया. इसके बाद गुस्साए चालकों और स्थानीय लोगों ने मौके पर ही उसकी जमकर धुनाई कर दी और उसे बंधक बना लिया.

**भीड़ से बचाने पहुंची पुलिस:** घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय थाना पुलिस तुरंत हरकत में आई और मौके पर पहुंची. पुलिस ने आक्रोशित भीड़ के चंगुल से युवक को छुड़ाया और उसे तुरंत अपने कब्जे में लेकर थाने आ गई. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस रूट पर अक्सर परिवहन विभाग की असली टीमें जांच चलाती हैं, जिसका फायदा उठाकर यह युवक फजीर्वाड़ा कर रहा था.

**लिखित शिकायत का इंतजार:** इस पूरे मामले पर मधुबनी थाना प्रभारी सुदीन राम ने बताया कि पकड़े गए युवक को थाने में रखकर कड़ी पूछताछ की जा रही है. उन्होंने साफ किया कि अभी तक इस मामले में ट्रैक्टर मालिकों या चालकों की तरफ से कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है. पुलिस को जैसे ही लिखित शिकायत प्राप्त होगी, आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

# बिहार में युवक की हत्या, बदमाशों ने दिनदहाड़े गोलियों से भूना

एजेंसी



**खगड़िया:** बिहार के खगड़िया में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. फुलतोड़ा पुल के पास बाइक सवार अपराधियों ने दिनदहाड़े एक युवक को ताबड़तोड़ पांच गोलियां मार दीं. मौके पर ही उसकी मौत हो गई. जिले के अलौली थाना क्षेत्र में इस वारदात से लोग खौफजदा हैं. वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है. मृतक की पहचान जंगली पटेल (30 वर्ष) के रूप में हुई है. वह पवन पटेल के पुत्र थे और ज्वालापुर वार्ड संख्या-23, पोस्ट मेघना, थाना अलौली के निवासी बताए गए हैं. जानकारी के अनुसार, जंगली पटेल ज्वालापुर बस स्टैंड पर किरानी का काम करते थे.

**युवक को 5 गोली मारी:** दो बाइक सवार अपराधियों ने अचानक मौके पर पहुंचे और युवक पर गोलियां बरसा दीं. गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े तो देखा कि युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा है. हमलावर वारदात को अंजाम देने के बाद मौके से फरार हो गए.

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल:** वारदात की खबर मिलते ही मृतक के परिजन घटनास्थल पर पहुंचे. परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया और वहां मौजूद लोगों की आंखें भी नम हो गईं. ग्रामीणों का कहना है कि इस घटना से इलाके में दहशत फैल गई है और लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जता रहे हैं.

**पुलिस जांच में जुटी:** घटना की सूचना मिलते ही अलौली थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है. हमलावरों की पहचान और हत्या के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है. फिलहाल हत्या के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है. पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं.

## खबर संक्षेप

### इंडियन ऑयल का घाटा बढ़कर 2,661 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) को चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में एकल आधार पर 2,661.37 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ है। कंपनी ने कहा कि लागत बढ़ने के बावजूद ईंधन की कीमतें स्थिर रखने से यह घाटा हुआ है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 5,688.60 करोड़ रुपये का लाभ हुआ था जबकि जनवरी-मार्च 2026 तिमाही में उसे 11,377.51 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी।

### त्योहारी मांग में सुधार से तेल के भाव मजबूत

**नई दिल्ली।** आगामी त्योहारों के लिए बाजार में मांग बढ़ने के साथ किसानों की ओर से तिलहनों की आवक घटने के कारण बीते सप्ताह



देश के तेल-तिलहन बाजारों में सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत रहे। बाजार सूत्रों ने कहा कि मौजूदा समय में देश में आयातित खाद्य तेलों के मुकाबले बिनौला, सरसों और मूंगफली तेल के दाम ऊंचे हैं। अधिक ऊंचे दाम का लाभ ले चुके किसान अब नीचे दाम (जो न्यूनतम समर्थन मूल्य सा एमएसपी से अधिक ही है) पर अपनी उपज बाजार में बेचने से कतरा रहे हैं।

### पूंजीकरण में बजाज फाइनेंस को सबसे अधिक फायदा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 2,51,228.75 करोड़ की बढ़ोतरी




हुई। शेयर बाजार में तेजी के बीच बजाज फाइनेंस लिमिटेड को सबसे ज्यादा लाभ हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,034.87 अंक यानी 2.67 प्रतिशत चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 616.15 अंक यानी 2.59 प्रतिशत की बढ़त में रहा।

### रेनो इंडिया की घरेलू बाजार में बिक्री 27.9 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** रेनो इंडिया की बिक्री जुलाई, 2026 में घरेलू बाजार में 3,293 वाहन रही है। यह पिछले साल के इसी माह के 2,575 इकाई



के आंकड़े से 27.9 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के अनुसार, रेनो इंडिया ने लगातार 11वें महीने सालाना आधार पर दोहरे अंक में वृद्धि दर्ज की है। कंपनी ने बताया कि यह प्रदर्शन उसके पूरे उत्पाद पोर्टफोलियो में बनी मांग और हालिया उत्पाद पहल के कारण संभव हुआ है। रेनो इंडिया ने कहा कि वह भारतीय यात्री वाहन बाजार के प्रमुख क्षेत्रों में अपनी मौजूदगी मजबूत करने और बिक्री की इस रफ्तार को बनाए रखने पर लगातार ध्यान केंद्रित कर रही है।

### एस्टेट का आईपीओ के लिए सेबी के पास दस्तावेज जमा

**नई दिल्ली।** रियल एस्टेट कंपनी एसेट्ज लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के




जरिये लगभग 1,200 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। सिंगापुर स्थित निवेश कोष एजीपी पार्टनर्स कंपनी में एक प्रमुख शेयरधारक है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसने निर्गम के लिए गोपनीय मार्ग से भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) और शेयर बाजारों के पास दस्तावेजों का मसौदा (डीआरएचपी) जमा किया है।

# एआई से नौकरियों को लेकर अनिश्चितता, अधिक संवाद की जरूरत

नई दिल्ली

नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा है कि कृत्रिम मेधा (एआई) के तेजी से बढ़ते प्रभाव के कारण देश के युवाओं में रोजगार और अपने भविष्य को लेकर अनिश्चितता बढ़ रही है। उनका कहना है कि युवाओं की चिंताओं को समझने और दूर करने के लिए सरकार और नीति-निर्माताओं को उनके साथ लगातार संवाद बनाए रखना चाहिए। कुमार ने कहा कि देश का युवा एआई की वजह से अपने भविष्य को लेकर काफी असमंजस में है। नीट पेपर लीक मामले को लेकर युवाओं के विरोध-प्रदर्शन संबंधी सवाल पर उन्होंने यह बात कही। उन्होंने कहा कि इसके चलते रोजगार की क्षमता और नौकरियों के सृजन दोनों को लेकर आशंका पैदा हो रही है।

## नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव कुमार ने कहा

### 15 से 29 आयु वर्ग में बेरोजगारी दर अधिक

कुमार ने कहा कि हाल के आवधिक क्षमबल सर्वे (पीएलएफएस) के अनुसार, 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी की स्थिति चिंता का विषय है। इस आयु वर्ग में युवाओं की बेरोजगारी दर 20 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, ''यदि आप उनकी स्थिति में होते, तो आप भी काफी परेशान होते। इसीलिए मैं चाहता हूं कि युवाओं के साथ बातचीत चलती रहे।''



### युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्या समझे

जून, 2026 के आंकड़ों के मुताबिक इस आयु वर्ग में महिलाओं की बेरोजगारी दर 20.7 प्रतिशत और पुरुषों की 14.6 प्रतिशत रही। उन्होंने सुझाव दिया कि परीक्षा प्रणाली में सुधार के लिए गठित कार्य बल के प्रमुख इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि को भी युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को समझना चाहिए और उन्हें भविष्य को लेकर भरोसा दिलाना चाहिए।

### मध्यम आया वाला देश बनने 10 फीसदी वृद्धि दर जरूरी

पिछले महीने कॉक्रोच जनता पार्टी की अगुवाई में युवाओं के धरने-प्रदर्शन के बाद शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना पड़ा था। एक अन्य सवाल पर कुमार ने कहा कि भारत को 2047 तक उच्च-मध्यम आय वाला देश बनने के लिए आठ प्रतिशत से अधिक, बल्कि दोहरे अंक यानी 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर हासिल करने का लक्ष्य रखना चाहिए।

## सरकार के सिगरेट पर भारी कर बढ़ोतरी का असर दिखने लगा

# कर बढ़ोतरी से सिगरेट कंपनियों पर दबाव शुद्ध राजस्व व मुनाफे में भारी गिरावट

नई दिल्ली

सरकार द्वारा सिगरेट और तंबाकू उत्पादों पर करों में की गई भारी बढ़ोतरी का असर अब देश की प्रमुख सिगरेट कंपनियों के प्रदर्शन पर साफ दिखाई देने लगा है। नई कर व्यवस्था लागू होने के बाद चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में आईटीसी लि., गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया और वीएसटी इंडस्ट्रीज के शुद्ध राजस्व, बिक्री मात्रा और मुनाफे में गिरावट दर्ज की गई है।

- आईटीसी, गॉडफ्रे फिलिप्स और वीएसटी कंपनियों पर दिखा

इन तीनों कंपनियों की देश के सिगरेट बाजार में 90 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी है। बाजार के विभिन्न अनुमानों के अनुसार, भारत में सिगरेट की वार्षिक खपत करीब 100-120 अरब स्टिक के आसपास है। सरकार ने इस साल फरवरी में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) को बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया था।

**खास बातें**

- तीनों कंपनियों की देश की सिगरेट बाजार में 90 फीसदी हिस्सेदारी
- भारत में सिगरेट का वार्षिक उत्पादन 120 अरब स्टिक के आसपास



### सिगरेट की लंबाई के आधार पर उत्पाद शुल्क व्यवस्था लागू

इसके साथ ही पुराने मुआवजा उपकर की जगह लंबाई के आधार पर नई अतिरिक्त उत्पाद शुल्क व्यवस्था लागू की गई, जो प्रति 1,000 सिगरेट पर 2,100 रुपये से 8,500 रुपये तक है। हालांकि, कर बढ़ोतरी के बाद कंपनियों की बिक्री से प्राप्त कुल आय में वृद्धि दिखाई दी, लेकिन वास्तविक या शुद्ध राजस्व पर इसका नकारात्मक असर पड़ा।

### कंपनियों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

कंपनियों को बढ़े हुए कर का बोझ कीमतों में समायोजित करने, बिक्री मात्रा बनाए रखने और उत्पाद पोर्टफोलियो में बदलाव करने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। देश की अग्रणी सिगरेट कंपनी आईटीसी ने जून तिमाही में अपने सिगरेट कारोबार से परिचालन राजस्व में 73.71 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। यह बढ़कर 16,596.67 करोड़ रुपये हो गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 9,553.86 करोड़ रुपये था।

### हितधारकों के हितों का ध्यान रखा गया

कंपनी ने बताया कि यह वृद्धि करों में अभूतपूर्व बढ़ोतरी के बीच चरणबद्ध मूल्य निर्धारण रणनीति के कारण हुई। हालांकि, उत्पादों की बिक्री से मिलने वाला वास्तविक राजस्व 31.45 प्रतिशत घटकर 3,769.11 करोड़ रुपये रह गया। पिछले साल इसी तिमाही में यह 5,498.93 करोड़ रुपये था। आईटीसी ने कहा कि उसकी सिगरेट इकाई ने सभी हितधारकों के हितों को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक और संतुलित कदम उठाए हैं।

### आईटीसी का शुद्ध लाभ 44 प्रतिशत घटा

आईटीसी के प्रमुख ब्रांड में इंडिया किंग्स, इंसिग्निया, क्लासिक, गोल्ड फ्लेक, विल्स नेवी कट, कैप्सटन और प्लेयर्स शामिल हैं। इस दौरान गॉडफ्रे फिलिप्स एकीकृत शुद्ध लाभ 44.3 प्रतिशत घटकर 198.39 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का परिचालन राजस्व करीब दोगुना होकर 3,819.56 करोड़ रुपये रहा, लेकिन इसमें 2,614 करोड़ रुपये का उत्पाद शुल्क शामिल था।

### गॉडफ्रे फिलिप्स का राजस्व 18.8 फीसदी घटा

उत्पाद शुल्क को हटाने के बाद गॉडफ्रे फिलिप्स का शुद्ध राजस्व 18.8 प्रतिशत घटकर 1,206 करोड़ रुपये रह गया, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 1,486 करोड़ रुपये था। कंपनी कैवेंडर्स, फोर स्क्वायर, रेड एंड व्हाइट, स्टेलर, नॉर्थ पोल और टिपर जैसे ब्रांड के अलावा फिलिप मॉरिस के स्वामित्व वाले मार्लबोरो ब्रांड की भी बिक्री करती है।

# भारत में 60 समुद्री कुओं की होगी खुदाई

नई दिल्ली



भारत बजटीय सहायता के जरिये जोखिम भरे अपतटीय तेल और गैस खोज का वित्तपोषण करने वाले दुनिया के पहले बड़े कार्यक्रमों में से एक की शुरुआत करने जा रहा है।

- प्रत्येक के लिए 650 करोड़ रुपए देगी सरकार

सरकार का यह कदम देश के विशाल अप्रयुक्त गहरे जल भंडारों के माध्यम से आयातित कच्चे तेल और गैस पर बढ़ती निर्भरता को कम करने की एक कोशिश है।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले सप्ताह 84,084 करोड़ रुपये की 'समुद्र मंथन राष्ट्रीय अपतटीय अन्वेषण योजना' को मंजूरी दी। इसके तहत सरकार गहरे समुद्र और अत्यधिक गहरे जल में अन्वेषण कुएं की खुदाई की आधी लागत या 650 करोड़ रुपये (जो भी कम हो) का प्रत्यक्ष रूप से वित्तपोषण करेगी। एक अधिकारी ने कहा, ''शायद यह पहली बार है जब दुनिया की कोई सरकार बजट से जोखिम अन्वेषण का वित्तपोषण कर रही है।'' उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में कुल मिलाकर 60 गहरे जल और अत्यधिक गहरे जल वाले अन्वेषण कुओं का वित्तपोषण बजट से किया जाएगा। अन्वेषण कुओं की खुदाई की लागत का एक हिस्सा वहन करने के अलावा, सरकार साझा बुनियादी ढांचे का भी आंशिक वित्तपोषण करेगी। इससे कई परिचालकों को साझा परिसंपत्तियों का उपयोग करके हाइड्रोकार्बन खोज का व्यावसायिक उपयोग करने की अनुमति मिलेगी।

### अपस्ट्रीम क्षेत्र के पास सीमित अनुभव

इक्रा लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत वशिष्ठ ने कहा कि यह योजना गहरे जल/अत्यधिक गहरे जल वाले कुओं की ड्रिलिंग के लिए सहायता प्रदान करती है, जहां घरेलू अपस्ट्रीम क्षेत्र के पास सीमित अनुभव और इसका दोहन अत्यधिक पूंजी-गहन और जोखिम भरा बना हुआ है। योजना का 84,084 करोड़ रुपये का परिव्यय अन्वेषण श्रृंखला के सबसे जोखिम भरे हिस्से पर केंद्रित है।

# मौद्रिक नीति समीक्षा में रेपो दर को स्थिर रखने की संभावना

मुंबई

मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों और एफसीएनआर (बी) जमा योजना पर रुख को लेकर प्रतीक्षा के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी अगस्त की मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख नीतिगत दर रेपो को यथावत रख सकता है। देश के 10 अर्थशास्त्रियों और ट्रेजरी प्रमुखों के एक सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है।

- आक्रामक रुख बनाए रखने की उम्मीद : अर्थशास्त्री

ज्यादातर उत्तरदाताओं का अनुमान है कि केंद्रीय बैंक भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और असमान मानसून से मुद्रास्फीति के बढ़ते जोखिमों के बीच आक्रामक रुख अपनाते हुए अपनी नीतिगत स्थिति को 'तटस्थ' बनाए रखेगा। अर्थशास्त्रियों ने कहा कि केंद्रीय बैंक ''देखो और प्रतीक्षा करो'' की मुद्रा में रहेगा क्योंकि वह महंगाई के उभरते परिदृश्य का




आकलन कर रहा है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''फिलहाल, मुद्रास्फीति नरम बनी हुई है और ऐसे में यथास्थिति ही सबसे अच्छा नीतिगत विकल्प है।'' जन स्मॉल फाइनेंस बैंक के ट्रेजरी प्रमुख गोपाल त्रिपाठी ने कहा कि केंद्रीय बैंक मानसून की स्थिति और एफसीएनआर (बी) योजना की सफलता का इंतजार करेगा। नीतिगत दरों पर फैसला करने के लिए मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) तीन अगस्त से पांच अगस्त के बीच बैठक करेगी। केंद्रीय बैंक ने वृद्धि दर को बढ़ावा देने के लिए पिछले साल से रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कटौती की है। अगस्त में ठहराव की उम्मीदों के बावजूद, अधिकांश उत्तरदाता वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान नीतिगत दर के ऊपर जाने की संभावना देखते हैं।

### मुद्रास्फीति का दबाव आपूर्ति प्रेरित

यदि मुद्रास्फीति का दबाव बढ़ता है, तो अधिकांश प्रतिभागी चालू वित्त वर्ष के दौरान कम से कम दो बार दर वृद्धि की उम्मीद करते हैं। आईडीएफसी फर्स्ट बैंक की अर्थशास्त्री गौरा सेनगुप्ता ने कहा कि मुद्रास्फीति का दबाव काफी हद तक आपूर्ति-प्रेरित है और इसके लिए तत्काल मौद्रिक नीति प्रतिक्रिया की आवश्यकता नहीं हो सकती है।

# आईटी उद्योग में नई नौकरियां नहीं हो रहीं पैदा : श्रीधर वेम्बू

नई दिल्ली



जोहो के संस्थापक एवं मुख्य वैज्ञानिक श्रीधर वेम्बू ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) उद्योग में कंपनियों का बड़ा हिस्सा अब कृत्रिम मेधा (एआई) और डाटा सेंटर की बढ़ती लागत पर खर्च हो रहा है, जिससे नयी नौकरियां कम पैदा हो रही हैं। वेम्बू ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि जोहो समेत आईटी उद्योग क्षेत्र ने बड़े पैमाने पर छंटनी से तो बचाव किया है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में नयी नौकरियों के अवसर भी नहीं दिए हैं। उन्होंने कहा, जो पैसा पहले नए कर्मचारियों पर खर्च होता था, वह अब एआई और डाटा सेंटर की लागत में जा रहा है, खासकर सर्वर और मेमोरी की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के कारण यह सब हो रहा है।

- एआई व डाटा सेंटर पर खर्च बढ़ा

### बड़ी कंपनियों का रुख एआई की ओर

वेम्बू ने कहा कि हालांकि, कंपनी इन खर्चों का प्रबंधन करने की कोशिश कर रही है, लेकिन कई बातें उनके नियंत्रण से बाहर हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बड़ी कंपनियां अपने आईटी बजट का रुख एआई की ओर कर रही हैं। हालांकि, उन्होंने इस बात पर अनिश्चितता जताई कि एआई कंपनियां भारी पूंजीगत खर्च (कैपेक्स) के बावजूद अपेक्षित मुनाफा कमा पाएंगी या नहीं।

# इंडिगो की 20वीं वर्षगांठ पर 'लंबी उड़ान' की तैयारी

नई दिल्ली

इंडिगो एयरलाइन अपने परिचालन के 20 वर्ष पूरे होने पर अब एक 'लंबी दूरी की उड़ान' शुरू करने की तैयारी कर रही है और बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय विस्तार की योजना बना रही है। इसके तहत एयरलाइन दुनिया भर में बसे प्रवासी भारतीयों को उनके देश से जोड़ने, खाड़ी देशों के केंद्र से होकर जाने वाले अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात को वापस अपनी उड़ानों में लाने और भविष्य में भारत के रास्ते विदेशों के बीच यात्रियों को ले जाने का लक्ष्य रखेगी। घरेलू बाजार में 66 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी रखने वाली देश की यह प्रमुख एयरलाइन कंपनी जल्द ही एयरबस ए321 एक्सएलआर विमान अपने बेड़े में शामिल करने जा रही है और 2028 से ए350 बड़े आकार के विमानों की आपूर्ति शुरू होने की उम्मीद है।

- अंतरराष्ट्रीय विस्तार पर कर रही है काम



इंडिगो के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने कहा कि व्यापक घरेलू नेटवर्क के दम पर कंपनी अब 'लंबी दूरी की उड़ानों' की दिशा में बड़ा कदम उठाने को तैयार है और ए321 एक्सएलआर तथा बाद में ए350 विमानों के जरिये अधिक अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को जोड़ा जाएगा। हालांकि, भाटिया ने कहा कि चार अगस्त को कंपनी की 20वीं वर्षगांठ है, लेकिन अब भी इंडिगो को वैश्विक एयरलाइन कहना जल्दबाजी होगी। प्रबंध निदेशक के साथ ही कंपनी के सह-संस्थापक भाटिया ने कहा, /"क्या हम वहां पहुंचना चाहते हैं? हां, हमारी आकांक्षा है, लेकिन कंपनी का मूल अब भी घरेलू नेटवर्क ही है। बड़े विमानों के साथ कुछ प्रयोग हो रहे हैं, लेकिन हमें वैश्विक कहना अभी कल्पना को बढ़ाना होगा।

### खाड़ी देशों की एयरलाइंस के कब्जे में भारत का बड़ा हिस्सा

भाटिया ने कहा कि लंबी दूरी की रणनीति का मुख्य केंद्र भारतीय यात्रियों और वैश्विक भारतीय प्रवासी समुदाय को सेवा देना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में खाड़ी देशों की एयरलाइन ने अपने केंद्र के जरिये भारत से जाने वाले अंतरराष्ट्रीय यातायात का बड़ा हिस्सा अपने कब्जे में ले लिया, जिससे आर्थिक मूल्य विदेश चला गया।

# बीओएम ने आवास ऋण पर ब्याज दर घटाई

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने ग्राहकों को राहत देते हुए आवास ऋण पर ब्याज दर में कटौती की है। बैंक ने एक पेशकश के तहत आवास ऋण पर ब्याज दर को मौजूदा के 7.1 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया है। यह सुविधा सीमित अवधि के लिए शुरू की गई विशेष पेशकश 'मानसून धमाका' के तहत दी जा रही है। बैंक की ओर से जारी बयान के अनुसार, इस योजना के अंतर्गत आवास ऋण पर सात प्रतिशत से शुरू होने वाली ब्याज दर के साथ-साथ प्रसंस्करण शुल्क और दस्तावेजीकरण शुल्क भी नहीं लिया जाएगा। बैंक ने कहा कि कम ब्याज दर और शुल्क में छूट की इस विशेष पेशकश का उद्देश्य ग्राहकों को बेहतर वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराना है।



# रेडिसन की भारत में विस्तार के लिए छोटे शहरों पर नजर

नई दिल्ली

रैडिसन होटल ग्रुप ने भारत को अपने वैश्विक विस्तार का प्रमुख केंद्र बताते हुए वर्ष 2030 तक देश में 500 होटल के परिचालन के लक्ष्य पर कायम रहने की बात कही है।

- वर्ष 2030 तक 500 होटल के लक्ष्य पर कायम

कंपनी का मानना है कि उभरते शहरी केंद्रों और क्षेत्रीय नगरों, धार्मिक पर्यटन स्थलों तथा होटल में बदलाव (मौजूदा होटल को रैडिसन ब्रांड से जोड़ने) के माध्यम से उसका विस्तार और तेज होगा। रैडिसन होटल ग्रुप के दक्षिण एशिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य परिचालन अधिकारी निखिल शर्मा ने कहा कि भारत अब केवल एक महत्वपूर्ण बाजार नहीं, बल्कि कंपनी की वैश्विक विकास रणनीति का प्रमुख आधार बन चुका है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की पहली छमाही में कंपनी ने 18 नए होटल के लिए हस्ताक्षर किए हैं और चार नए होटल शुरू किए। इसके साथ ही कंपनी की विकास के तहत परियोजनाओं की संख्या बढ़कर 98 हो गई है, जबकि इसके 86 शहरों में 142 होटल परिचालन में हैं। शर्मा के अनुसार, अगले दो साल में कंपनी तीन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगी। इनमें विकासाधीन होटल को तेजी से परिचालन में लाना, दूसरी, तीसरी और चौथी श्रेणी के शहरों में अपनी मौजूदगी मजबूत करना तथा व्यापारिक, अवकाश और धार्मिक पर्यटन स्थलों में संतुलित विस्तार शामिल है।



### विस्तार महानगरों तक सीमित नहीं

शर्मा ने कहा कि कंपनी अब केवल दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे पारंपरिक महानगरों तक सीमित नहीं है। रैडिसन अब राजकोट और जमशेदपुर जैसे औद्योगिक एवं व्यावसायिक केंद्रों, सिलीगुड़ी जैसे प्रवेश द्वार शहरों, कसौली और गोपालपुर जैसे पर्यटन स्थलों तथा नाथद्वारा और प्रयागराज जैसे धार्मिक केंद्रों में भी अपनी उपस्थिति बढ़ा रही है।

## जुलाई में कंपनी ने 2,48,845 वाहनों का किया उत्पादन

# मारुति का जुलाई में रिकॉर्ड वाहन उत्पादन दर्ज

नई दिल्ली

देश की सबसे बड़ी वाहन विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने जुलाई में अपना रिकॉर्ड मासिक उत्पादन दर्ज किया है। जुलाई में कंपनी ने 2,48,845 वाहनों का उत्पादन किया, जो पिछले साल के इसी महीने के आंकड़े 1,87,073 इकाई के मुकाबले 33 प्रतिशत अधिक है।

- पिछले साल के इसी महीने से 33 प्रतिशत अधिक निर्माण

कंपनी का इससे पहले का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड मार्च, 2026 में बना था, जब उसने 2,31,933 वाहनों का विनिर्माण किया था। मारुति सुजुकी के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बताया कि रिकॉर्ड उत्पादन के बावजूद डीलर नेटवर्क में वाहन का स्टॉक सामान्य स्तर से काफी कम है। जुलाई में कंपनी की खुदरा बिक्री 1.78 लाख इकाई रही।



### कंपनी ने 1,96,203 यात्री वाहन बेचे

इस दौरान कंपनी ने 1,96,203 यात्री वाहन बेचे, जो जुलाई, 2025 के 1,37,776 वाहन की तुलना में 43 प्रतिशत अधिक है। हल्के वाणिज्यिक वाहनों को शामिल करने पर कुल घरेलू बिक्री 2,00,123 इकाई के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। उत्पादन के मामले में कंपनी ने जुलाई में ऑल्टो और एस-प्रेसो की 13,964 इकाइयों का विनिर्माण किया, जबकि पिछले साल इसी महीने यह आंकड़ा 11,484 इकाई था।

### डीलर नेटवर्क में मौजूदा स्टॉक 16 दिन का

बनर्जी ने कहा कि डीलर नेटवर्क में मौजूदा स्टॉक करीब 16 दिन का है, जबकि उद्योग का औसत लगभग 30 दिन का रहता है। कंपनी के पास करीब 1.6 लाख वाहनों की बुकिंग लंबित है। कंपनी ने जुलाई में घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की अब तक की सबसे अधिक थोक बिक्री दर्ज की।

### बलेनो, सेलेरियो और स्विफ्ट का उत्पादन बढ़ा

वहीं, बलेनो, सेलेरियो और स्विफ्ट जैसे कॉम्पैक्ट मॉडल का उत्पादन बढ़कर 1,13,067 इकाई हो गया, जो पिछले वर्ष के समान महीने के आंकड़े 87,950 इकाई से 29 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के लोकप्रिय यूटिलिटी वाहन ब्रेजा, अर्टिगा और फ्रॉन्क्स का उत्पादन भी तेजी से बढ़ा। जुलाई में इन मॉडल की 1,02,787 इकाइयों का उत्पादन हुआ, जबकि पिछले साल जुलाई में यह आंकड़ा 70,241 इकाई था।

### वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी का उत्पादन बढ़ा

इसमें 46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके अलावा ईको वैन का उत्पादन 14,627 इकाई रहा, जो पिछले साल के 13,610 इकाई से सात प्रतिशत अधिक है। वहीं, हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी का उत्पादन बढ़कर 4,400 इकाई हो गया, जो पिछले साल समान महीने में 3,788 इकाई था।

# महज 36 मिनट में फाइनल फतह, सबसे कम उम्र की चैंपियन बनीं तन्वी

ताइपे सिटी

युवा भारतीय सनसनी तन्वी शर्मा ने रविवार को ताइपे ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल फाइनल में वियतनाम की छठी वरीय थुई लिन्ह एनगुएन को सीधे गेम में हराकर अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता। पिछले साल अमेरिकी ओपन सुपर 300 में उप विजेता रही पंजाब की 17 साल की तन्वी ने फाइनल में एनगुएन को 36 मिनट में 21-16, 21-16 से हराया। 17 वर्ष और 222 दिन की उम्र में ताइपे ओपन के इतिहास की सबसे कम उम्र की चैंपियन बनी तन्वी ने इस मामले में ताइवान की महान खिलाड़ी ताई जू यिंग का रिकॉर्ड तोड़ा।

### प्रभावी ड्रॉप शॉट से एनगुएन को लगातार छकाया

तन्वी ने अमेरिकी ओपन में फाइनल में अपने सफर के दौरान भी एनगुएन को हराया था। इस भारतीय खिलाड़ी ने मुकाबले की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। उन्होंने अपने प्रभावी ड्रॉप शॉट से एनगुएन को लगातार छकाते हुए 4-1 की बढ़त बना ली। ड्रॉप शॉट और क्रॉस कोर्ट स्मैश का बेहतरीन मिश्रण करते हुए भारतीय खिलाड़ी ने बढ़त को 10-2 तक पहुंचा दिया। वियतनाम की खिलाड़ी तन्वी के खेल को पढ़ने और शटल की दिशा का सही आकलन करने में संघर्ष करती नजर आईं।



**ताइपे ओपन: 17 साल और 222 दिन की तन्वी ने फाइनल में एनगुएन को हराया**

**ताइवान की खिलाड़ी जू यिंग का तोड़ा रिकॉर्ड**

### मेरा लक्ष्य सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन : तन्वी

तन्वी ने कहा कि यह खिताब जीतकर मैं बेहद खुश हूं। उन्होंने कहा, 'मुझे इस टूर्नामेंट का खिताब जीतने की उम्मीद नहीं थी। मेरा लक्ष्य सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना था। मैंने एक बार में एक मैच पर ध्यान दिया और पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया।' पीवी सिंधू के पूर्व मेंटर (मार्गदर्शक) पार्क ताए संग से कोचिंग लेने वाली तन्वी 2008 में साइना नेहवाल के बाद ताइपे ओपन का महिला एकल खिताब जीतने वाली पहली भारतीय हैं। पूरे टूर्नामेंट में केवल एक गेम गंवाने वाली तन्वी ने कहा, 'मैं काफी नर्वस थी लेकिन मैंने यही सोचा कि मुझे अपना शत प्रतिशत देना है और अपने स्वाभाविक खेल पर भरोसा रखना है।' उन्होंने कहा, 'लगातार पांच मैच खेलना मेरे लिए भी आसान नहीं था। लेकिन मुझे पूरे टूर्नामेंट में निरंतरता बनाए रखनी थी। अब मुझे सुपर 500 और सुपर 750 स्तर के टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए और अधिक मेहनत करनी होगी। मैं लगातार कड़ी मेहनत करती रहूंगी।'

### सबसे कम उम्र की फाइनलिस्ट बनीं तन्वी

जीत के बाद भावुक क्षण में तन्वी ने अपना स्वर्ण पदक उतारकर कोच पार्क के गले में पहनाया। तन्वी 17 साल और 222 दिन की उम्र में टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र की फाइनलिस्ट भी बनीं। उन्होंने कोरिया के महान युगल खिलाड़ी ली योंग डे को पीछे छोड़ दिया, जो 2006 में पुरुष युगल फाइनल में पहुंचने पर 17 साल और 287 दिन के थे।

### एक सत्र में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय

पूर्व विश्व जूनियर नंबर एक तन्वी विश्व जूनियर चैंपियनशिप के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय हैं। उन्होंने लड़कियों के एकल वर्ग में रजत पदक के अलावा मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। वह उस भारतीय टीम की भी सदस्य थीं, जिसने एशियाई टीम चैंपियनशिप में देश के लिए पहला स्वर्ण पदक जीता था। तन्वी 16 साल की उम्र में 2025 अमेरिकी ओपन में अपने पहले सुपर 300 फाइनल में पहुंचीं। वह इस साल ताइपे ओपन में खिताबी मुकाबले में भी पहुंची और ओडिशा मास्टर्स सुपर 100 तथा गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 में भी उप विजेता रहीं और दुनिया की शीर्ष 35 खिलाड़ियों में शामिल हो गईं।

## खबर संक्षेप

### दलीप ट्रॉफी: तिलक वर्मा को साउथ जोन की कमान



**नई दिल्ली।** दलीप ट्रॉफी 2026-27 के लिए साउथ जोन टीम की घोषणा हो गई है। तिलक वर्मा को 15 सदस्यों वाली टीम का कप्तान बनाया गया। आंध्र के बैटर रिकी भुई उप-कप्तान होंगे। टीम में करुण नायर भी शामिल हैं,जो पिछले साल एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के दौरान भारत के लिए खेले थे। यह जोनल टूर्नामेंट 23 अगस्त से शुरू होगा, लेकिन साउथ जोन पिछले एडिशन में फाइनल में पहुंचने की वजह से 30 अगस्त को सेमीफाइनल में सीधे खेलेगा।

### 7 अगस्त से भारत और मलेशिया में हॉकी सीरीज

**बेंगलुरु।** भारत 7 से 13 अगस्त तक नेताजी सुभाष दक्षिणी केंद्र में मलेशिया की अंडर-21 पुरुष टीम की 8 मैच की श्रृंखला के लिए मेजबानी करेगा। इस श्रृंखला में मलेशिया की अंडर-21 टीम भारतीय जूनियर पुरुष टीम के खिलाफ 5 और साइ टीम के खिलाफ 3 मैच खेलेगी। यह श्रृंखला आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए दोनों टीम की तैयारी का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस श्रृंखला का उद्देश्य दोनों टीमों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी परिस्थितियों में खेलने का अवसर उपलब्ध कराना और द्विपक्षीय खेल संबंधों को मजबूत करना है। भारतीय जूनियर टीम मलेशिया से 7, 8, 10, 12 और 13 अगस्त को भिड़ेगी।

### गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर में सिल्वर के बाद 5 हजार मीटर दौड़ में जीता कांस्य पदक

# एक ही एडिशन में दो मेडल जीतने वाले पहले एथलीट बने गुलवीर

**केन्या के मैथ्यू किपचुम्बा किपसांग ने 13:23.61 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता**

ग्लास्गो

गुलवीर सिंह ने ग्लास्गो में इतिहास रच दिया। वे पुरुषों की 5 हजार मीटर दौड़ में कॉमनवेल्थ गेम्स का मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। इतना ही नहीं, वह गेम्स के एक ही एडिशन में दो मेडल जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक एंड फील्ड एथलीट बन गए।

28 जुलाई को 10 हजार मीटर दौड़ में सिल्वर मेडल जीतने के बाद मौजूदा एशियाई चैंपियन ने एथलेटिक्स प्रतियोगिता के आखिरी दिन 5 हजार मीटर दौड़ में ब्रॉन्ज मेडल भी जीता। उन्होंने यह दौड़ 13:24.95 में पूरी की। केन्या के मैथ्यू किपचुम्बा किपसांग ने 13:23.61 के समय के साथ गोल्ड मेडल जीता, जबकि 10 हजार मीटर दौड़ में गोल्ड मेडल जीतने वाले ऑस्ट्रेलिया के काई रॉबिन्सन ने 5000 मीटर में 13:24.70 के समय के साथ सिल्वर मेडल हासिल किया।



**0.04 सेकंड के अंतर से जीता मेडल :** 28 साल के गुलवीर सिंह के नाम 5000 मीटर और 10,000 मीटर दोनों में नेशनल रिकॉर्ड हैं।इस रेस में उनका समय उनके इस सीजन के सबसे अच्छे समय (13:03.93) से काफी ज्यादा रहा। उनका समय उनके नेशनल रिकॉर्ड (12:59.77) से भी धीमा था। गुलवीर पूरी रेस के दौरान आगे चल रहे ग्रुप के साथ बने रहे और आखिरी लैप में अपनी चाल चली। उन्होंने केन्या के कॉर्नेलियस केमबोई को सिर्फ 0.04 सेकंड से पीछे छोड़कर ब्रॉन्ज मेडल जीता। जून में 12:56.02 का समय निकालने वाले और 13 मिनट से कम समय में दौड़ने वाले धावक केमबोई इस रेस में गुलवीर के ठीक पीछे रहे।



### स्वदेश लौटने पर मीराबाई और लवप्रीत का भव्य स्वागत

नई दिल्ली। स्टार भारोत्तोलक सेखोम मीराबाई चानू और लवप्रीत सिंह सहित राष्ट्रमंडल खेलों में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों के पहले दल का रविवार को स्वदेश लौटने पर इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सैकड़ों प्रशंसकों ने जोरदार स्वागत किया। ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई ने महिलाओं के 49 किग्रा वर्ग में राष्ट्रमंडल खेलों का लगातार तीसरा स्वर्ण पदक जीता। मीराबाई ने हवाई अड्डे पर कहा, 'मणिपुर से होने के नाते मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैं अपने देश के लिए कुछ अच्छा कर सकी।' पुरुषों के 109 किग्रा से अधिक वर्ग में एक किग्रा के मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूककर रजत पदक जीतने वाले लवप्रीत सिंह ने कहा कि उनका अगला लक्ष्य जापान में होने वाले एशियाई खेल हैं। पंजाब के 28 वर्षीय लवप्रीत ने कहा, 'मैं भारतीय नौसेना, अपने कप्तान विजय कुमार और यहां स्वागत के लिए आए सभी लोगों का धन्यवाद करना चाहता हूं।'

### भारत का साइकिलिंग में अभियान समाप्त



भारतीय साइकिलिस्ट रोनाल्डो सिंह लैतोंजाम यहां राष्ट्रमंडल खेलों के अंतिम दिन पुरुषों की 1000 मीटर टाइम ट्रायल स्पर्धा में 20वें स्थान पर रहे जबकि हर्षवीर सिंह सेखों और दिनेश कुमार पुरुषों की 40 किमी प्वाइंट्स रेस के क्वालीफाइंग दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद बाहर हो गए, जिसके साथ ही देश का इस खेल में अभियान समाप्त हो गया। रोनाल्डो ने 1000 मीटर टाइम ट्रायल में एक मिनट 4.191 सेकेंड का समय निकाला और 20वां स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में केवल तीन साइकिलिस्ट ही एक मिनट से कम समय में दौड़ पूरी कर सके। ऑस्ट्रेलिया के लेह हॉफमैन ने 58.530 सेकेंड के समय से स्वर्ण और इंग्लैंड के जोसेफ ट्रूमैन ने 59.525 सेकेंड के समय से रजत पदक जीता। ऑस्ट्रेलिया के टेट रायन ने 59.684 सेकेंड के समय से कांस्य पदक हासिल किया।

### पदक तालिका

| क्रम | देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल पदक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 65 | 41 | 52 | 158 |
| 2 | इंग्लैंड | 26 | 41 | 35 | 102 |
| 3 | कनाडा | 18 | 20 | 21 | 59 |
| 4 | भारत | 13 | 17 | 09 | 39 |
| 5 | स्कॉटलैंड | 13 | 08 | 17 | 38 |
| 6 | नाइजीरिया | 10 | 07 | 07 | 24 |
| 7 | वेल्स | 08 | 10 | 12 | 30 |
| 8 | न्यूजीलैंड | 08 | 11 | 09 | 28 |
| 9 | मलेशिया | 08 | 03 | 03 | 14 |
| 10 | दक्षिण अफ्रीका | 07 | 10 | 10 | 27 |

भारत 13 स्वर्ण, 17 रजत और 9 कांस्य पदक से कुल 39 पदक जीतकर तालिका में चौथे स्थान पर है।

## महिला टी20

# श्रीलंका ने पाकिस्तान को 6 विकेट से दी मात



दांबुला

श्रीलंका महिला क्रिकेट टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 6 विकेट से हराया। रंगिरी दांबुला इंटरनेशनल स्टेडियम में पाकिस्तान से मिले 176 रनों के लक्ष्य को श्रीलंकाई टीम ने 17.4 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल किया। इस जीत के साथ ही मेजबान टीम ने सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त भी बना ली है।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। पिछले मैच में शतकीय पारी खेलने वालीं इमेशा दुलानी महज 5 रन बनाकर आउट हुईं। हालांकि, इसके बाद कप्तान चमारी अटापट्टू और संजना कविंदी ने मोर्चा संभाला और दूसरे विकेट के लिए महज 22 गेंदों में 44 रन जोड़े। अटापट्टू ने सिर्फ 15 गेंदों का सामना करते हुए 40 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में उन्होंने 5 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, संजना 24 गेंदों में 6 चौके और 2 छक्कों की मदद से 46 रन बनाने के बाद आउट हुईं।

विष्मी गुणरत्ने भी अच्छी लय में नजर आईं और उन्होंने 29 गेंदों में 31 रनों का योगदान दिया, जबकि हर्षिता समरविक्रमा 22 गेंदों में 37 रन बनाकर नाबाद रहीं और टीम को जीत दिलाकर लौटीं। हर्षिता ने अपनी इस पारी में 8 चौके लगाए। वहीं, कविशा दिलहरी 14 रन बनाकर नॉटआउट रहीं। गेंदबाजी में पाकिस्तान की तरफ से उम्मे हानी ने सर्वाधिक 2 विकेट चटकाए। इससे पहले, पाकिस्तान को कप्तान मुनीबा अली और शवाल जुल्फिकार ने शानदार शुरुआत दी। दोनों ने मिलकर पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़े।

## श्रीलंका दौरा

# भारत को झटका, बुमराह टेस्ट सीरीज से बाहर



नई दिल्ली

भारत के शीर्ष तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घुटने की चोट से पूरी तरह नहीं उबर पाने के कारण श्रीलंका के दो टेस्ट मैचों के दौरे से बाहर रह सकते हैं। बुमराह के घुटने में सूजन शुरुआत में जितनी सामान्य लग रही थी उससे अधिक गंभीर प्रतीत हो रही है। ऐसे में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की खेल विज्ञान टीम इस अनुभवी तेज गेंदबाज को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की कड़ी चुनौती में जल्दबाजी में उतारने के पक्ष में नहीं है क्योंकि आगे का कार्यक्रम काफी व्यस्त है। श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला की शुरुआत 15 अगस्त से गॉल में होगी।

### आकिब नबी और यश ठाकुर दावेदार

ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि चयनकर्ता बुमराह के स्थान पर जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज आकिब नबी या विदर्भ के यश ठाकुर में से किसे मौका देते हैं। नीतीश कुमार रेड्डी (पैर की मांसपेशियों में खिंचाव), हर्षित राणा (पैर की मांसपेशियों में खिंचाव) और वाशिंगटन सुंदर (पैर की मांसपेशियों में खिंचाव) पहले ही चोटों से जूझ रहे हैं।

### लॉर्ड्स वनडे में हुए थे चोटिल

इंग्लैंड के खिलाफ 32 वर्षीय बुमराह लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे एकदिवसीय मैच में चोटिल होने के बाद नहीं खेल पाए थे। वह हाल ही में बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस पहुंचे थे और उम्मीद थी कि दो सप्ताह बाद शुरू होने वाली श्रृंखला तक वह मैच के लिए फिट हो जाएंगे। हालांकि पता चला है कि बुमराह को अब भी कुछ परेशानी महसूस हो रही है। अगर वह 15 अगस्त या 23 अगस्त से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से पहले फिट भी हो जाते हैं तो भी चिकित्सा टीम इस बात को लेकर आश्वस्त नहीं है कि धीमी पिचों पर गेंदबाजी के अधिक बोझ को देखते हुए टेस्ट क्रिकेट उनके लिए सही प्रारूप होगा।

# 15 चौके और 25 छक्के जड़कर अभिषेक ने ठोका दोहरा शतक

नई दिल्ली



अभिषेक शर्मा ने एक लोकल डिस्ट्रिक्ट वनडे मुकाबले में अपनी तूफानी बल्लेबाजी से तहलका मचा दिया। अभिषेक ने अमृतसर मेंस सीनियर टीम की ओर से खेलते हुए तरन तारन मेंस सीनियर टीम के गेंदबाजों की जमकर धज्जियां उड़ाईं। वो इस मुकाबले में दोहरा शतक जड़ने में कामयाब रहे, जिसके चलते अमृतसर मेंस सीनियर टीम ने 50 ओवर में 500 रन का आंकड़ा भी पार कर लिया। अभिषेक ने इस मुकाबले में 91 गेंदों का सामना करते हुए 233 रनों की ऐतिहासिक और विस्फोटक पारी खेली। 250 से भी ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने अपनी इस पारी में 15 चौके और 25 तूफानी छक्के लगाए।

### खराब फॉर्म के बाद जोरदार वापसी

*हाल के समय में भारतीय टीम के लिए खेलते हुए अभिषेक शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे थे। टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट की पिछली सात पारियों में वह एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए हैं। हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में उनका बल्ला पूरी तरह खामोश रहा था, जहां उन्होंने तीन पारियों में 1, 8 और 2 रन बनाए थे।*

- मेंडेज ने 84वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागकर कोलंबस को बराबरी दिलाई

# मेजर लीग सॉकर : कोलंबस क्रू ने मियामी की जीत पर लगाया ब्रेक

मियामी



ब्रेस मेंडेज ने मेजर लीग सॉकर में पदार्पण करते हुए अंतिम लम्हों में गोल दागा, जिससे कोलंबस क्रू ने इंटर मियामी को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। मैच में कोलंबस ने मियामी के लगातार छह मैच में जीत के क्रम को भी तोड़ दिया। मियामी ने हालांकि अपने पिछले सात मैच नहीं गंवाए हैं। मेंडेज ने 84वें मिनट में फ्री किक पर गोल दागकर कोलंबस को बराबरी दिलाई।

अर्जेन्टीना को अपनी कप्तानी में लगातार दूसरी बार विश्व कप फाइनल में जगह दिलाने वाले लियोनल मेस्सी मियामी की ओर से 53वें मिनट में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे। उन्हें गोल करने के कई मौके मिले लेकिन सफलता नहीं मिली। कोलंबस को पहले हॉफ में आत्मघाती गोल का भी फायदा मिला। मियामी के लिए लुई सुआरेज ने 16वें मिनट जबकि नोह एलेन ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में गोल दागा।

### ग्लोबल सुपर लीग के फाइनल में गयाना वॉरियर्स ने सैन फ्रांसिस्को को दी मात

# गेंदबाजों का करिश्मा : सिर्फ 85 रन बनाकर गयाना ने जीता खिताब

नई दिल्ली

टी20 क्रिकेट में जहां बल्लेबाजों की आतिशी पारियों की चर्चा होती है, वहीं ग्लोबल सुपर लीग के फाइनल में गेंदबाजों का ऐसा दबदबा देखने को मिला, जिसने मुकाबले को यादगार बना दिया। गयाना अमेजन वॉरियर्स और सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्नस के बीच खेले गए खिताबी मुकाबले में दोनों टीमें मिलकर भी 100 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाईं।

गयाना ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 85 रन बनाए, लेकिन उसके गेंदबाजों ने इस छोटे से लक्ष्य को भी पहाड़ जैसा बना दिया। सैन फ्रांसिस्को की पूरी टीम 79 रन पर सिमट गई और गयाना ने 6 रन से रोमांचक जीत दर्ज करते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली।

### गेंदबाजों ने नहीं बनने दिए 86 रन

86 रन के आसान दिख रहे लक्ष्य का पीछा करने उतरी सैन फ्रांसिस्को यूनिकॉर्नस को गयाना के गेंदबाजों ने शुरुआत से ही दबाव में रखा। टीम के बल्लेबाज रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे और लगातार विकेट गिरते गए। ओलिवर पीक ने 31 रन बनाकर कुछ उम्मीद जगाई, जबकि पीटर सिडल ने नाबाद 13 रन बनाए। लेकिन बाकी बल्लेबाजों में से कोई भी दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका और पूरी टीम 18.3 ओवर में 79 रन पर ऑलआउट हो गई।

**सैन फ्रांसिस्को को 79 रन पर समेटा**




### गयाना के 29 रन पर गिरे 8 विकेट

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गयाना की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम के बड़े बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज (8), शिमरॉन हेटमायर (4) और रोवमैन पॉवेल (2) जल्दी आउट हो गए। हालत इतनी खराब थी कि 29 रन के स्कोर तक टीम अपने 8 विकेट गंवा चुकी थी। ऐसे मुश्किल समय में मैथ्यू फोर्डे, ड्वेन प्रीटोरियस और कप्तान इमरान ताहिर ने मोर्चा संभाला। फोर्डे ने 28 रन की अहम पारी खेली, जबकि प्रीटोरियस ने नाबाद 17 और ताहिर ने 11 रन बनाकर टीम को 85 रन तक पहुंचाया।

# ईरान ने ट्रंप के होर्मुज समझौते के दावे को बताया 'एक और झूठ', कहा- कोई सहमति नहीं

एजेंसी



**तेहरान।** ईरान ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे को खारिज कर दिया कि तेहरान ने वॉशिंगटन के साथ संभावित समझौते के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर सहमति जताई थी; ईरान का कहना है कि ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ है। ईरानी मीडिया ने ट्रंप के उस दावे को भी खारिज कर दिया कि तेहरान ने अमेरिका से नियोजित सैन्य हमलों को रोकने के लिए कहा था। मीडिया ने इस दावे को एक और झूठ बताया और कहा कि जब तक अमेरिका की दुश्मनी भरी कार्रवाई जारी रहेगी, तब तक यह रणनीतिक जलमार्ग बंद रहेगा।

ईरान की सेमी-ऑफिशियल फार्स न्यूज एजेंसी ने देश की बातचीत करने वाली टीम के करीबी सूत्रों के हवाले से कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने पर कोई समझौता नहीं हुआ है। एजेंसी ने एक जानकार सूत्र के हवाले से कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलने के बारे में कोई समझौता नहीं हुआ है। सूत्र ने आगे कहा कि जब तक अमेरिका अपनी दुश्मनी भरी हरकतें जारी रखेगा, तब तक यह जलमार्ग बंद रहेगा।

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि पश्चिम एशिया के सहयोगी देशों ने ईरान के साथ पांच महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए एक समझौते की रूपरेखा पर सहमति बना ली है। उन्होंने कहा कि फिलहाल वह इस संघर्ष में ईरान पर नए सैन्य हमले का आदेश नहीं देंगे। ट्रंप ने शनिवार शाम को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस समझौते में होर्मुज जलडमरूमध्य को तत्काल और पूरी तरह खोलना तथा ईरान के परमाणु खतरे का अंत शामिल होगा।

# मिडील ईस्ट में टला बड़ा युद्ध : क्षेत्रीय सहयोगियों की अपील पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से बातचीत को दी मंजूरी

एजेंसी



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ बातचीत सोमवार दोपहर को शुरू होगी। उन्होंने दूसरे विश्व युद्ध के बाद सबसे बड़े अमेरिकी सैन्य हमले की योजना को टाल दिया है, जिससे हफ़्तों से बढ़ते तनाव के बावजूद कूटनीति की दिशा में नई पहल का संकेत मिलता है। रविवार को न्यू जर्सी से वॉशिंगटन लौटते समय 'एयर फोर्स वन' में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि अमेरिका एक बड़ा मिलिट्री ऑपरेशन शुरू करने के लिए तैयार था, लेकिन क्षेत्रीय सहयोगियों की अपील के बाद इसे रोकने का फैसला किया गया, क्योंकि उन्हें लगा कि कूटनीतिक समाधान निकल सकता है।

ट्रंप ने कहा कि यह एक बहुत बड़ा हमला होने वाला था। यह हमला दूसरे विश्व युद्ध के बाद का अब तक का सबसे बड़ा हमला होता। ट्रंप ने बताया कि सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर और ईरान ने उनसे सैन्य कार्रवाई न करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा कि हम उनसे बातचीत (नेगोशिएशन) के जरिए बात कर रहे हैं। यह कल दोपहर शुरू होगी, और देखते हैं क्या होता है। कूटनीति को लेकर उम्मीद जताते हुए ट्रंप ने कहा, मैं ऐसा जरूर करना चाहूँगा। इससे बहुत सारी जानें बचेंगी। जब पूछा गया कि क्या ईरान के पास समझौता करने के लिए कोई समय-सीमा है, तो ट्रंप ने कहा कि वे और टकराव के बजाय बातचीत से समाधान निकालना पसंद करेंगे।

उन्होंने कहा कि मैं समझौता करना ज्यादा पसंद करूँगा। मैं लोगों की जान नहीं लेना चाहता क्योंकि लोग मरते हैं, बहुत से लोग मरते हैं, और हम ऐसा नहीं चाहते। ट्रंप ने यह भी दावा किया कि दूसरा विकल्प यानी मिलिट्री ऑपरेशन उनके लिए विनाशकारी होता और कहा कि सऊदी अरब ने कूटनीति का समर्थन किया क्योंकि उसका मानना था कि समझौता जल्द ही होने वाला है। ये बातें शनिवार को 'ट्रुथ सोशल' पर किए गए एक पोस्ट के बाद सामने आईं, जिसमें ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना पूरी तरह तैयार थी, लेकिन ईरान और मध्य पूर्व के कई देशों के समझौते को अंतिम रूप देने के लिए और समय मांगने पर उन्होंने कार्रवाई टालने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित समझौते से होर्मुज जलडमरूमध्य को तुरंत और पूरी तरह से फिर से खोलने और ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़ी चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी।

# मॉनसून सत्र का 11वां दिन: बिना बहस के सीजेआई समेत सुप्रीम कोर्ट के जजों की संख्या बढ़ाने वाला बिल पास

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने के लिए लाया गया विधेयक सोमवार को लोकसभा में पास हो गया. विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच विधेयक को बिना चर्चा के पारित कर दिया. इस विधेयक में प्रधान न्यायाधीश समेत जजों की स्वीकृत संख्या 33 से बढ़ाकर 38 करने का प्रावधान है. लोकसभा की कार्यवाही दो बार स्थगित होने के बाद दोपहर दो बजे फिर से शुरू हुई. इसके बाद कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीश संख्या) संशोधन विधेयक, 2026 को चर्चा और पारित करने के लिए सदन में पेश किया. इस दौरान कांग्रेस और समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दलों के सांसद राम मंदिर चढ़ावा चोरी और दिल्ली में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर नारेबाजी कर रहे थे. पीठासीन सभापति कृष्णा प्रसाद तेन्नेटी ने हंगामा कर रहे सदस्यों से अपनी सीटों पर बैठने का आग्रह करते हुए उनसे विधेयक पर चर्चा में भाग लेने को कहा, लेकिन हंगामा नहीं थमा.

सदन ने विपक्षी सांसदों के हंगामे के बीच ही ध्वनिमत से बिना चर्चा के विधेयक को पारित कर दिया. इससे पहले, सदन ने इस संबंध में राष्ट्रपति द्वारा मई में लागू किए गए अध्यादेश को नामंजूर करने के तृणमूल कांग्रेस के सांसद सौगत राय के संकल्प को अस्वीकृत कर दिया. सदन ने विधेयक पर कुछ विपक्षी सदस्यों के संशोधनों को भी खारिज कर दिया. विधेयक को सदन में पेश करते हुए मेघवाल ने कहा कि यह विधेयक न्यायिक क्षेत्र में सुधार का हिस्सा है जिसके माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने का प्रावधान किया गया है.

इसी साल मई में, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने से संबंधित विधेयक को मंजूरी दी थी. इसके तुरंत बाद सरकार अध्यादेश लेकर आई थी. अध्यादेश के बाद बढ़ाई गई स्वीकृत संख्या के आधार पर सुप्रीम कोर्ट में पांच जजों की नियुक्ति की गई. सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या इससे पहले 2019 में बढ़ाई गई थी. उस समय प्रधान न्यायाधीश को छोड़कर जजों की स्वीकृत संख्या 30 से बढ़ाकर 33 की गई थी. मेघवाल ने कहा कि आजादी के बाद भारत में शीर्ष अदालत में जजों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता महसूस की गई और अगस्त 1956 में पारित विधेयक के जरिये प्रधान न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों की कुल संख्या 11 की गई. उन्होंने कहा कि उसी मूल भावना को देखते हुए और लंबित मामलों की संख्या को कम करने के लिए जजों की संख्या अब 33 से बढ़ाकर 38 की गई है.

## राज्यसभा-लोकसभा की कार्यवाही स्थगित, छात्रों पर पुलिस कार्रवाई, राम मंदिर चंदा चोरी पर हंगामा

सोमवार को राज्यसभा व लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया. लोकसभा में विपक्ष के सासंदों ने नीट पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस की कार्रवाई और राम मंदिर के लिए मिले दान में कथित चोरी के मुद्दे पर हंगामा शुरू कर दिया. हंगामे के कारण लोकसभा में प्रश्न काल नहीं हो सका. बात बिगड़ते देख सदन की कार्यवाही दोपहर तक के लिए स्थगित कर दी गयी. उधर राज्यसभा का नजारा भी ऐसा ही रहा. विपक्षी सासंदों ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई पर जवाब देने के लिए गृह मंत्री को बुलाने की मांग की. हंगामा थमते नहीं देख राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी.मानसून सत्र के दौरान मोदी सरकार को घेरने की रणनीति तय करने सहित विभिन्न मसलों पर आपसी समन्वय तालमेल के लिए इंडिया गठबंधन के फ्लोर नेताओं की बैठक हुई. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा, मोदी सरकार को इंडिया गठबंधन को जवाब देना होगा. गृह मंत्री को संसद में आकर छात्रों पर हुए लाठीचार्ज और पैलेट गन की कार्रवाई पर स्पष्टीकरण देना चाहिए. कांग्रेस अध्यक्ष ने याद दिलाया कि ट्रस्ट प्रधानमंत्री की निगरानी में था. इसके अलावा संसंद के मकर द्वार पर विपक्षी सांसदों ने मोदी सरकार से जवाब तलब करते हुए विरोध प्रदर्शन किया.

# जंतर-मंतर अब प्रदर्शन के लिए सही स्थान नहीं : सुप्रीम कोर्ट याचिका पर सुनवाई के लिए सहमत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को उस याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया, जिसमें यह मुद्दा उठाया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी के बीचों-बीच जंतर-मंतर अब विरोध प्रदर्शन के लिए सही जगह नहीं है, क्योंकि इससे स्थानीय लोगों को परेशानी होती है और आवश्यक सेवाओं की आपूर्ति में बाधा आती है. यह मामला चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की पीठ के समक्ष सुनवाई के लिए आया. पीठ ने याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य को नोटिस जारी किए. पीठ ने कोर्ट रूम में मौजूद सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि याचिका में कहा गया है कि प्रवेश और निकास की समस्याओं के साथ-साथ आवश्यक चिकित्सा वस्तुओं की आपूर्ति में व्यवधान के कारण जंतर-मंतर अब इस तरह के विरोध प्रदर्शन के लिए उचित स्थल नहीं है. पीठ ने कहा कि वह इस मामले को महत्वपूर्ण मानती है. पीठ ने मेहता से याचिका में उठाए गए मुद्दों पर अधिकारियों से निर्देश प्राप्त करने को कहा. कार्यवाही के दौरान, याचिकाकर्ता के वकील ने एक प्रस्तावित राजनीतिक मार्च का भी जिक्र किया. वकील ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने एक टाउन हॉल बुलाया और प्रधानमंत्री के आवास तक मार्च करने का फैसला किया. वकील ने कहा कि 20 जुलाई जैसी एक और घटना से बचना चाहिए.

पीठ ने प्रस्तावित कार्यक्रम पर टिप्पणी करने से मना कर दिया. उखकने कहा, वे जानते हैं कि इसे कैसे हैंडल करना है. अगर वे नहीं कर सकते, तो कुप्रबंधन के लिए हमारे पास आएं. मुझे यकीन है कि वे इसे संभाल लेंगे. पीठ ने निर्देश दिया कि मामले को अलग से सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाए. सतीश चंद कौशिक की ओर से दाखिल की गई याचिका में प्रदर्शन करने के लिए दूसरा स्थान निर्धारित करने की मांग की गई है. इसमें कहा गया है कि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन से स्थानीय लोगों को मुश्किलें होती हैं और आवश्यक वस्तुओं और मेडिकल सेवा की सप्लाई में बाधा आती है. देश की राजधानी के बीचों-बीच मौजूद जंतर-मंतर पर हाल ही में नीट-यूजी पेपर लीक के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए. 20 जुलाई को कॉकरोच जनता पार्टी का संसद तक प्रस्तावित प्रदर्शन मार्च पुलिस के लाठीचार्ज और आंसू गैस के इस्तेमाल के कारण अफरा-तफरी में बदल गया था.

# सीएम भगवंत मान का कांग्रेस पर वार: पंजाब कांग्रेस घबराई हुई, आपसी कलह में उलझी है

एजेंसी



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कांग्रेस पार्टी की आलोचना की। उन्होंने आरोप लगाया कि 2027 के विधानसभा चुनाव करीब आने के बावजूद पार्टी में अंदरूनी कलह मची है और वे राज्य के मुद्दों को नजरअंदाज कर रहे हैं। अठकसे बात करते हुए मान ने कहा कि कांग्रेस घबराई हुई है। उनकी आपसी लड़ाई खत्म नहीं हो रही है। वे पंजाब से जुड़े किसी भी मुद्दे पर बात नहीं कर रहे हैं। वे बस यही कह रहे हैं, 'मिस्टर बघेल, वापस जाइए'।

2027 में जनता भारी बहुमत के साथ आम आदमी पार्टी को फिर से सत्ता में लाएगी। उस दिन बठिंडा में एक जनसभा के दौरान, पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को ऐसे नारों का सामना करना पड़ा जिनमें उन्हें पार्टी का मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित करने की मांग की गई थी। इस कार्यक्रम में पंजाब कांग्रेस के प्रभारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ-साथ पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग भी शामिल हुए। जब राजा वडिंग ने भीड़ को संबोधित करना शुरू किया, तो नारे लगने लगे। उन्होंने नारे लगा रहे समर्थकों में से एक को मंच पर बुलाया ताकि वह चन्नी को फोन कर सके।

समर्थकों ने बार-बार मांग की कि कांग्रेस नेतृत्व 2027 के पंजाब विधानसभा चुनावों के लिए चन्नी को पार्टी का चेहरा बनाए। हंगामे के दौरान कुछ लोगों को कुर्सियां उठाते हुए भी देखा गया। यह हंगामा ऐसे समय में हुआ जब पंजाब कांग्रेस में आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति और दिशा को लेकर नेतृत्व की खींचतान साफ दिख रही थी।

राजा वडिंग ने पार्टी की एकता का बचाव करते हुए भीड़ को शांत करने की कोशिश की, लेकिन चन्नी के समर्थक मौजूदा राज्य नेतृत्व के बजाय उन्हें ही नेता बनाने की अपनी मांग पर अड़े रहे। इसके अलावा, मॉनसून सत्र के दौरान विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा की अगुवाई में कांग्रेस विधायकों ने पंजाब विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर बार-बार परीक्षा के पेपर लीक होने का आरोप लगाया और शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस के इस्तीफे की मांग की।

# तसलीमा नसरीन ने भारत में यूसीसी लागू करने की वकालत की, कहा- मदरसों को सरकारी नियंत्रण में लेना चाहिए

एजेंसी



**कोलकाता।** बांग्लादेश से निर्वासित लेखिका तसलीमा नसरीन ने भारत में समान नागरिक संहिता लागू करने की वकालत की. कहा कि वउउ कानून लाना खासकर महिलाओं के खिलाफ भेदभाव खत्म करने के लिए जरूरी है. यहां रविवार तो तसलीमा नसरीन ने मदरसों की शिक्षा व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया. आरोप लगाया कई मदरसे जिहादी तैयार करने की फैक्ट्री बन गये हैं कई मदरसों में बच्चों के साथ उत्पीड़न और यौन शोषण जैसी घटनाएं सुनने को मिलती है. सभी मदरसों को सरकारी नियंत्रण में लेना चाहिए. सभी को धर्मनिरपेक्ष संस्थान में बदल दिया जाना चाहिए. बता दें कि लगभग दो दशक बाद कोलकाता आयी तसलीमा ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज में ऐसी शिक्षा व्यवस्था नहीं होनी चाहिए जो बच्चों में कट्टरता पनपाये और दूसरे धर्मों के प्रति घृणा पैदा करे. तसलीमा ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) का समर्थन में अपनी बात रखते हुए जोर दिया कि भारत, बांग्लादेश और पाकिस्तान तीनों देशों में यूसीसी लागू किया जाना चाहिए. कहा कि सभी नागरिकों के लिए एक समान कानून आधुनिक लोकतंत्र की पहचान है. तसलीमा ने बांग्लादेश की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए हिंदू संन्यासी चिन्मय प्रभु की रिहाई की मांग की. तसलीमा ने कहा कि उनके साथ अन्याय हुआ है. इतना ही नहीं, बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की लोकतांत्रिक तरीके से बांग्लादेश वापसी, उनकी पार्टी अवामी लीग पर प्रतिबंध हटाने और चुनाव में भाग लेने की अनुमति प्रदान करने की वकालत की. तसलीमा ने रवींद्र सदन में कवि जय गोस्वामी के साथ हुई घटना पर दुख जताते हुए कहा, मैंने स्वयं जय गोस्वामी को मंच पर आमंत्रित किया था, लेकिन दर्शकों के एक वर्ग ने विरोध शुरू कर दिया, इस कारण वह मंच पर नहीं आ सके.

# बीजेपी ने मांजलपुर विधानसभा उपचुनाव जीता, सतीश पटेल ने कांग्रेस उम्मीदवार भीखाभाई रबारी को भारी अंतर से हराया

एजेंसी



**वडोदरा।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सतीश पटेल ने वडोदरा के मंजलपुर में 30 हजार से ज्यादा वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल की है. बीजेपी ने मांजलपुर विधानसभा उपचुनाव जीत लिया है. सतीश पटेल ने कांग्रेस उम्मीदवार भीखाभाई रबारी को 28,448 वोटों के भारी अंतर से हराया. बीजेपी के सतेन्द्र (सतीश) पटेल को विजेता घोषित किया गया है. ईवीएम की गिनती के बाद, सतीश पटेल को 55,084 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के भीखाभाई रबारी को 24,585 वोट मिले. गौरतलब है कि बीजेपी नेता योगेश पटेल के निधन के बाद यह सीट खाली हुई थी.

### विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बड़ी जीत हासिल

वोटों की गिनती पूरी होने के बाद बीजेपी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखा गया, जबकि चुनाव नतीजों ने मंजलपुर सीट पर बीजेपी का दबदबा बनाए रखा है. वोटों की गिनती कड़ी सुरक्षा के बीच उम्मीदवारों, उनके चुनाव एजेंटों, केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक और जिला चुनाव अधिकारियों की मौजूदगी में की गई. नियमों के अनुसार, सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की गई। पोस्टल बैलेट में बीजेपी उम्मीदवार सतेन्द्र पटेल को 160 वोट, कांग्रेस उम्मीदवार भीखाभाई रबारी को 92 वोट और नोटा को 8 वोट मिले.

इसके बाद, ईवीएम के सभी राउंड की गिनती पूरी होने के बाद अंतिम नतीजे घोषित किए गए. अंतिम नतीजों के अनुसार, बीजेपी उम्मीदवार सतेन्द्र (सतीश) पटेल को कुल 49,631 वोट मिले. वहीं कांग्रेस उम्मीदवार भीखाभाई रबारी को कुल 21,183 वोट मिले. नोटा को 1,998 वोट मिले। पूरी गिनती के दौरान कुल 72,812 वोटों की गिनती की गई. अंतिम नतीजों में सतेन्द्र (सतीश) पटेल ने कांग्रेस उम्मीदवार को 28,448 वोटों के भारी अंतर से हराया. बीजेपी गिनती के पहले राउंड से ही लगातार आगे चल रही थी और कांग्रेस किसी भी चरण में बीजेपी की बढ़त को चुनौती नहीं दे सकी. नतीजे घोषित होते ही बीजेपी कार्यकताओं में भारी उत्साह देखा गया. कई जगहों पर कार्यकताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर, ढोल-नगाड़े बजाकर और आतिशबाजी करके जीत का जश्न मनाया. मांजलपुर सीट बीजेपी के लिए प्रतिष्ठा की लड़ाई मानी जा रही थी. चुनाव प्रचार के दौरान, मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल, उपमुख्यमंत्री और अन्य सहित बीजेपी के कई वरिष्ठ नेताओं ने प्रचार किया.

दूसरी ओर, कांग्रेस ने भी प्रचार में पूरी ताकत झोंक दी, लेकिन वोटरों का झुकाव साफ तौर पर बीजेपी की ओर रहा. इस नतीजे के साथ, बीजेपी ने मांजलपुर सीट पर अपनी राजनीतिक पकड़ और मजबूत कर ली है. भारी वोटों से मिली इस जीत को संगठन के लिए एक बड़ी राजनीतिक सफलता के तौर पर देखा जा रहा है. अब सबकी नजरें जीतने वाले उम्मीदवार सतेंद्र (सतीश) पटेल के अगले कार्यकाल और इलाके में होने वाले विकास कार्यों पर होंगी.

## संक्षिप्त खबर

### सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला, राज्य सरकारें कानून के तहत छात्रों के खिलाफ एफआईआर वापस ले सकती हैं...



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छात्र आंदोलन से जुड़े मामलों में आज सोमवार तो एक अहम टिप्पणी की. सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि राज्य सरकारें कानून के तहत छात्रों के खिलाफ एफआईआर वापस ले सकती हैं. इस क्रम में सुप्रीम कोर्ट ने छात्र प्रदर्शन के दौरान छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के संदर्भ में अपने पूर्व के आदेश को स्पष्ट किया. सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें कानून के अनुसार छात्रों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को बंद या वापस लेने के लिए स्वतंत्र हैं. अदालत ने यह बात भी साफ की कि उसके पिछले आदेश में इस्तेमाल क्रिमिनल एंटीसिडेंट्स शब्द का अर्थ गंभीर और जघन्य अपराध है. अदालत ने कहा कि हत्या, बलात्कार, आतंकवाद सहित अन्य गंभीर अपराधों के आरोपियों को इस राहत का लाभ नहीं मिलेगा.सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सामान्य या छोटे-मोटे मामलों में आरोपी छात्र इस श्रेणी में नहीं आयेंगे. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि सरकार शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वाले छात्रों के खिलाफ एफआईआर न करने के वादे पर गंभीर है.

### भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन शोषण केस में बरी



**नयी दिल्ली।** भाजपा के पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह के महिला पहलवानों के यौन शोषण केस में बरी होने की खबर है. दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने उन्हें सबूतों के अभाव में बरी कर दिया. आज सोमवार को कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया. जान लें कि बृजभूषण शरण सिंह 20 जुलाई, 2023 से नियमित जमानत पर बाहर थे. भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष रहे बृजभूषण शरण सिंह के साथ ही सह आरोपी विनोद तोमर को भी बरी कर दिया गया है. दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अश्विनी पंवार ने उन्हें बरी करने का फैसला सुनाया. मामले की तह में जायें तो छह महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाये थे. यह देशभर में चर्चा का विषय बन गया था. देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गये थे. थे. विपक्षी दल भाजपा पर हमलावर हो गये थे. महिला पहलवानों की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी.15 जून 2023 को दिल्ली पुलिस ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी. उन पर भारतीय दंड संहिता की धारा 354 (महिला की लज्जा भंग करना), 354ए (यौन उत्पीड़न/यौन टिप्पणी), 354डी (पीछा करना) और 506(1) (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप लगाये गये थे. 10 मई 2024 को ट्रायल कोर्ट ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ आरोप तय किये थे. ट्रायल कोर्ट ने आरोप तय करते समय कहा था कि रिकॉर्ड पर मौजूद साक्ष्य आईपीसी की धारा 354 और 354ए के तहत आरोप तय करने के लिए पर्याप्त हैं.

### जम्मू-कश्मीर के बारामूला में आतंकियों के 2 मददगार पकड़े गए, हथियार और गोला-बारूद बरामद



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला और पुलवामा जिलों में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के दो ओवरग्राउंड वर्कर्स को गिरफ्तार किया. उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किये गए. पुलिस उससे पूछताछ कर उसके आकाओं का पता लगाने की कोशिश कर रही है. अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि आरोपी एजाज अहमद गनई को पुलिस, सेना और पैरामिलिट्री फोर्स की जॉइंट टीम ने बारामूला के शीरी इलाके के गोरीवान में बनाए गए एक मोबाइल गाड़ी चेकपॉइंट पर आधी रात के करीब पकड़ा. उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी फोर्स ने उसके पास से एक पिस्टल, एक मैगजीन, 10 जिंदा राउंड (9) और एक मोबाइल फोन बरामद किया, और केस दर्ज कर लिया गया है. एक और ऑपरेशन में सिक्योरिटी फोर्स ने चेकिंग के दौरान पुलवामा जिले के राजपोरा इलाके में एक मददगार को गिरफ्तार किया. सिक्योरिटी फोर्स ने तौसीफ अहमद डार के पास से एक हैंड ग्रेनेड और आपत्तिजनक पोस्टर बरामद किए, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया. अधिकारियों ने बताया कि उसके खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है. पुलिस उसके नेटवर्क में और कौन लोग शामिल हैं उसके बारे में भी जानने की कोशिश में लगी है. उल्लेखनीय है कि सुरक्षा बलों का मानना है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकियों के मददगार आतंकवाद को बढ़ावा देने में अहम साबित होते हैं. ऐसे में मददगारों को निशाना बनाया जा रहा है.

### अनुच्छेद 370 हटाने की सातवीं सालगिरह: पीडीपी और अपनी पार्टी 5 अगस्त को करेंगी विरोध प्रदर्शन



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की विपक्षी पार्टियां 5 अगस्त को अनुच्छेद 370 और 35अ हटाए जाने की सातवीं सालगिरह पर विरोध प्रदर्शन करने की योजना बना रही हैं, जबकि सत्ताधारी पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अभी तक 5 अगस्त के लिए अपना कार्यक्रम तय नहीं किया है. दो विपक्षी पार्टियों, जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और पीपल्स डेमोक्रेटिक पार्टी ने घाटी में विरोध प्रदर्शन करने की योजना बनाई है. पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने अनुच्छेद 370 हटाए जाने की सातवीं सालगिरह पर 5 अगस्त को केंद्र शासित प्रदेश के सभी जिलों में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया है. भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 35अ को हटा दिया था, जिससे जम्मू-कश्मीर और उसके मूल निवासियों को विशेष दर्जा और विशेषाधिकार मिले थे. पूर्ववर्ती जम्मू-कश्मीर का राज्य को भी खत्म कर दिया गया था और उसे लद्दाख और जम्मू-कश्मीर के दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांट दिया गया. अब केंद्र शासित प्रदेश का प्रशासन जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2020 के तहत होता है, जिसके तहत पुलिस, कानून-व्यवस्था और नौकरशाही केंद्रीय गृह मंत्रालय के अंतर्गत आते हैं. पीडीपी नेताओं ने कहा कि वे विरोध प्रदर्शन के लिए पूरे जम्मू-कश्मीर में कार्यकताओं और समर्थकों को इकट्ठा कर रहे हैं, हालांकि अभी यह तय नहीं है कि प्रशासन इन प्रदर्शनों की अनुमति देगा या नहीं. पीडीपी के वरिष्ठ नेता एडवोकेट शेख नासिर ने कहा, ₹5 अगस्त, 2019 हमारे लिए काला दिन है. हम अपने उन अधिकारों और पहचान को पाने के लिए विरोध करेंगे जो बीजेपी की सरकार ने सात साल पहले जम्मू-कश्मीर के लोगों से छीन लिए थे. ये अधिकार उस समय के राज्य के सभी लोगों से छीन लिए गए थे.



# पुरानी दोस्ती की यादें ताजा करता अपारशक्ति का नया गाना 'कहां'

**मुंबई।** अपारशक्ति खुराना, अभिषेक बनर्जी और वरुण शर्मा नया गाना 'कहां' रिलीज हो चुका है। तीन दोस्तों के बचपन की खूबसूरत यादों की कहानी दिखाई गई है। इस म्यूजिक वीडियो के कुछ हिस्से खुराना के खुद के स्कूल में शूट किए गए हैं। अपारशक्ति, अभिषेक और वरुण दोस्ती को समर्पित गाने 'कहां' में नजर आ रहे हैं। गाने में तीनों दोस्तों की जिंदगी में इस खास रिश्ते की अहमियत को दिखाया गया है। 'कहां' बचपन की दोस्ती की पुरानी यादों को ताजा करता है। गाने में तीन दोस्तों की दोस्ती दिखाई गई है। इसमें वह बचपन में साथ स्कूल में पढ़ते हैं। जहां वह बहुत सारी यादें बनाते हैं। मगर स्कूल के बाद वह सब अपने भविष्य के निर्माण में व्यस्त हो जाते हैं।

लाइफ Style

# नौहीद

## जानवरों की भलाई के लिए करती हैं काम

अभिनेत्री नौहीद साइरूसी ने हाल ही में अपनी जिंदगी के बुरे दौर के बारे में बात की है। उन्हें दो बार मिसकैरेज हुआ। इस दुखद अनुभव के बाद उन्होंने अपने जीवन के मकसद पर दोबारा सोचने के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि इस मुश्किल सफर के बाद, कपल ने खुद को जानवरों की भलाई के काम में लगाने का फैसला किया।

नौहीद ने हाल ही में अपना एक वीडियो शेयर किया और अपने सफर के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'हमारी शादी 2017 में हुई थी और 2018 में मैं पहली बार प्रेग्नेंट हुई। दुर्भाग्य से, तीसरे महीने में मिसकैरेज हो गया। डॉक्टर ने मुझे परिवार को बताने के लिए कहा। हम आखिरी चेकअप के लिए गए और दुर्भाग्य से बच्चे में कोई धड़कन नहीं थी।' उन्होंने आगे कहा, 'कोविड के दौरान, मैं दूसरी बार प्रेग्नेंट हुई। तब भी मिसकैरेज हो गया। तब तक, हमने जीवन में अपने मकसद के बारे में सोचना शुरू कर दिया था। मैंने यह महसूस किया कि हमारा मकसद सिर्फ बच्चों को इस दुनिया में लाने से कहीं ज्यादा होना चाहिए।' उन्होंने आगे कहा 'शायद हमारा मकसद उन जानवरों की देखभाल करना है, जिन्हें हमारी जरूरत है। इसलिए हम बिना किसी को बताए जानवरों के लिए बहुत कुछ कर रहे हैं। एक जरूरी बात जो मैं बताना भूल गई थी, वह यह है कि मैं किसी भी तरह का आईवीएफ नहीं करवाना चाहती थी। क्योंकि, मुझे लगता था कि अगर कोई बच्चा हमारा होना है, तो वह हमारा ही होगा, और मैं उस रास्ते पर नहीं जाना चाहती थी।' नौहीद साइरूसी ने 2003 में फिल्म सुपारी से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा।



हॉलीवुड मसाला



# हिट फिल्मों का तोड़ा रिकॉर्ड...

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर मैन ब्रांड न्यू डे' भारतीय दर्शकों को काफी लुभा रही है। अपनी रिलीज से महज तीन दिनों में ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तगड़ी कमाई कर ली है। इस हॉलीवुड फिल्म की तीन दिनों की कमाई कई बॉलीवुड की सफल फिल्मों की तीन दिनों की कमाई से ज्यादा दर्ज हुई है। टॉम हॉलैंड की 'स्पाइडर मैन: ब्रांड न्यू डे' ने तीन दिनों में भारत में फिल्म ने 215.48 करोड़ रुपए की कमाई की है। क्रिस्टोफर नोलान की 'द ओडिसी' से मिल रही टक्कर के बाद भी इसका प्रदर्शन शानदार रहा है।



# विसेंट ने सोप्रनोस में किया था गैंगस्टर का रोल...

**लॉस एंजिल्स।** चर्चित सीरीज सोप्रनोस में अभिनेता विसेंट पास्टोर ने एक गैंगस्टर का रोल किया था, इस किरदार को निभाकर वह हॉलीवुड दर्शकों के बीच काफी मशहूर हुए। अब यह अभिनेता हमारे बीच नहीं है। 80 साल की उम्र में विसेंट पास्टोर ने दुनिया को अलविदा कह दिया। वह साल 1980 से फिल्मों में सक्रिय था। 90 के दशक में आकर उन्हें हॉलीवुड में अलग पहचान मिली, उनके अभिनय को सराहा गया। इसमें सबसे बड़ा हाथ सीरीज 'सोप्रनोस' का रहा। इसमें निभाया गैंगस्टर का किरदार उनकी पहचान बन गया। इसमें पहले वह गैंगस्टर होते हैं और बाद में एफबीआई के मुखबिर बन जाते हैं। एक्टर बनने से पहले वह अमेरिकन नेवी में भी थे, उन्होंने वियतनाम युद्ध में भी भाग लिया था।



# किरदारों को चुनने में रहूंगी सतर्क...

**मुंबई।** चर्चित टीवी शो 'बालिका वधू' में आनंदी के तौर पर लोगों का दिल जीतने से लेकर मुश्किल रियलिटी शो और फिल्मों में काम करने तक, अदाकारा अविका गोर ने दर्शकों का खूब दिल जीता। उनका कहना है कि अब वे अपनी दमदार परफॉर्मेंस के जरिए पहचान पाना चाहती हैं। वे चाहती हैं कि उन्हें शानदार भूमिकाओं के लिए दर्शक याद रखें। यही वजह है कि वे किरदारों का चयन भी काफी सोच-समझकर कर रही हैं। एक बातचीत में अविका ने कहा कि वे सिर्फ ऐसे रोल नहीं करना चाहतीं, जिनमें किसी ऑब्जेक्ट की तरह दिखें। अविका स्टंट-बेस्ड रियलिटी शो 'खतरों के खिलाड़ी 15' में नजर आ रही हैं, जो आज 01 अगस्त से शुरू हुआ है। उन्होंने कहा कि वे ऐसी स्क्रिप्ट चुनने को लेकर ज्यादा जागरूक और सतर्क हो गई हैं, जिनमें दमदार परफॉर्मेंस का मौका मिले।



# बेगुनाही साबित करने के लिए किया संघर्ष

**मुंबई।** सूरज पंचोली ने सोशल मीडिया पर जिया खान सुसाइड मामले से जुड़ा हुआ एक भावुक नोट साझा किया है। इसमें उन्होंने जिया के दर्द और ट्रायल के दौरान अपने संघर्ष के बारे में बात की। अपनी पोस्ट में सूरज ने लिखा, 'जब यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, तब मेरी उम्र मात्र 20 वर्ष थी। मैं उसे केवल चार महीने से जानता था, और मुझे इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि वह अंदर ही अंदर किस पीड़ा से गुजर रही होगी। उस उम्र में, मैं इतना छोटी था कि यह समझ नहीं पाता था कि कोई व्यक्ति इतना बोझ अपने अंदर कैसे दबा सकता है। अपने बुरे वक्त को याद करने हुए आगे सूरज ने अपनी पोस्ट में बताया, 'मैंने अगले 14 साल अपनी बेगुनाही साबित करने के लिए संघर्ष किया। ये वो साल थे जब मुझे अपना जीवन संवारना चाहिए था।

टीवी मसाला



# क्रेडिट कार्ड एजेंट गालियां देता था, राजेश ने याद किया संघर्ष

**नई दिल्ली।** अभिनेता राजेश कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म 'ओह माय डॉग' को लेकर इस वक्त चर्चा में हैं। अपने प्रोफेशनल कमबैक के साथ-साथ, कुमार ने अक्सर अपनी जिंदगी के उस मुश्किल दौर के बारे में खुलकर बात की है, जब उन्होंने अपने कॅरियर के पीक पर एक्टिंग से दूरी बना ली थी। एक बातचीत में राजेश ने बताया कि जब वे 42 साल के थे, तब उन्होंने एक्टिंग से ब्रेक लेने का फैसला किया। कई लोगों का मानना है कि वह उस वक्त अपने करियर के पीक पर थे।

# सलमान ने दोस्ती के लिए एसवीसी 63 की सैलरी से कट किए 50 करोड़ रुपए

**मुंबई।** सलमान खान इंडस्ट्री के सबसे महंगे एक्टर्स में शुमार हैं। बीते कुछ साल से वह अमूमन एक फिल्म के लिए कथित तौर पर 120 करोड़ की फीस वसूलते हैं। इसके अलावा फिल्म से होने वाले मुनाफा में हिस्सा अलग। यह वाजिब भी है, क्योंकि 2010 में 'दबंग' से लेकर पिछली रिलीज 'सिकंदर' तक, उनकी लगातार 18 फिल्में 100 करोड़, 200 करोड़ और 300 करोड़ क्लब में हैं। लेकिन, अब खबर है कि भाईजान ने नयनतारा के साथ अपनी अगली एक्शन फिल्म 'एसवीसी 63' के लिए फीस में भारी कटौती कर दी है। बताया जा रहा है कि एक करीबी दोस्त के कारण उन्होंने फिल्म के लिए अपनी फीस 50 करोड़ कम कर दी है। सलमान खान इन दिनों दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही डायरेक्टर वामशी पैदिपल्ली की फिल्म एसवीसी 63 की शूटिंग में बिजी हैं। यह फिल्म अगले साल ईद 2027 के मौके पर रिलीज होगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सलमान खान इस फिल्म लिए सिर्फ 70 करोड़ फीस ले रहे हैं। एक रिपोर्ट में इस बाबत दावा किया गया है। इसमें कहा गया है कि यह फैसला सलमान की रफी काजी के साथ दोस्ती की वजह से लिया गया है। रफी ने ही इस प्रोजेक्ट में काम करने के लिए सलमान खान को मनाया था। वह दिल राजू के साथ इस फिल्म के को-प्रोड्यूसर भी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'सलमान, जिनकी मार्केट वैल्यू पिछले लगभग 20 साल से हर फिल्म के लिए 120 करोड़ रुपए से ज्यादा रही है, उन्होंने 'एसवीसी 63' के मेकर्स को यह डिस्काउंट इसलिए दिया है, क्योंकि उनके पुराने दोस्त रफी काजी इस प्रोजेक्ट में मध्यस्थ हैं। फिल्म के प्रोड्यूसर्स में रफी का नाम भी शामिल होगा। इसी दोस्ती की वजह से सलमान खान अपनी फीस में बड़ी कटौती करने को तैयार हुए हैं।'




# 'हर दौर एक जैसा नहीं होता, कुछ इंतजार करने के लिए कहते हैं, कुछ हमसे लड़ने को'

**नई दिल्ली।** सामंथा रुथ प्रभु जल्द ही मां बनने वाली हैं। एक्ट्रेस अपना प्रेग्नेंसी फेज एन्जॉय कर रही हैं। अब उन्होंने बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए लेटेस्ट फोटोशूट की झलकियां दिखाई हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपना लेटेस्ट पोस्ट शेयर करके फैंस को सरप्राइज दे दिया। उनकी तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं और फैंस उनके बेबी बंप को देख कमेंट कर रहे हैं। दरअसल, हाल ही में सामंथा ने प्रेग्नेंसी में अपना फोटोशूट कराया जिसकी झलकियां उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस येलो कलर की बॉडीकॉन ड्रेस में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने अपने लुक को इयररिंग्स से कंप्लीट किया और उनके चेहरे पर प्रेग्नेंसी ग्लो चार-चांद लगा रहा था। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए सामंथा रुथ प्रभु ने गहरी बात की।



उन्होंने लिखा, 'हर दौर एक जैसा नहीं होता। कुछ दौर हमसे इंतजार करने को कहते हैं। कुछ हमसे लड़ने को कहते हैं। कुछ हमसे सब छोड़ देने को कहते हैं। हम दौर चुन नहीं सकते। बस यह चुन सकते हैं कि हम उसे कैसे जीते हैं।' सामंथा रुथ प्रभु की तस्वीरें सामने आते ही फैंस उन पर प्यार लुटाने लगे। लोग उनके बेबी बंप और उनके प्रेग्नेंसी ग्लो की तारीफ कर रहे हैं। 2021 में नागा चैतन्य से अलग होने के बाद सामंथा रुथ प्रभु को फिल्ममेकर राज निदिमोरु में दूसरा प्यार मिला। दोनों ने पिछले साल 1 दिसंबर को ही गुपचुप तरीके से शादी की थी। अब शादी के बाद कपल पहली बार माता-पिता बनने जा रहा है। फिलहाल, एक्ट्रेस अपनी प्रेग्नेंसी से जुड़े पोस्ट शेयर कर रही हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में सामंथा 'मां इंति बंगारम' में नजर आई थीं।




हिंदी दैनिक झारखण्ड उजाला के लिए प्रकाशक एवं स्वामित्व सचिन कुमार सिंह द्वारा मकान संख्या 01, सिंह मेंशन, शांति नगर, नियर हटिया टोंको ब्रिज, ओबरिया रोड, पोस्ट : हटिया, थाना : जगन्नाथपुर, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 834003. से प्रकाशित एवं सचिन कुमार सिंह द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, पता : काठीटांड, नियर टेंडर बगीचा, पोस्ट- रातू, थाना - रातू, जिला : रांची, झारखण्ड, पिन : 835222 से मुद्रित, संस्थापक : रवेश नारायण सिंह, संपादक : सचिन कुमार सिंह *(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार), epaper.jharkhandujala.com, E-mail -jharkhandujala@gmail.com / hr.jharkhandujala@gmail.com / desk.jharkhandujala@gmail.com (M) +91 9431360101, (O) 0651-2290101, (fax) 0651-2290101.